

पटना में आयोजित स्वतंत्रता सेनानी जगलाल चौधरी की 130वीं जयंती समारोह को राहुल गांधी संबोधित कर रहे थे

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 36 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

### सोने की मांग 2024 में 5 फीसदी बढ़कर 802.8 टन

**नई दिल्ली:** देश में सोने की मांग में दिन-ब-दिन इजाफा हो रहा है। सोने की मांग आयात शुल्क में कटौती, शादी-ब्याह और त्योहारों से संबंधित खरीदारी से 2024 में सालाना आधार पर पांच फीसदी बढ़कर 802.8 टन पर पहुंच गई है।

# दिल्ली में तख्तापलट... कमल खिलेगा

- कुल 11 एग्जिट पोल,9 में भाजपा को स्पष्ट बहुमत, 2 में आप की सरकार बनने का अनुमान

**08 को नतीजे**

▶▶ एग्जिट पोल के पोल ऑफ पोल्स में भाजपा को 39, आप को 30 और कांग्रेस को एक सीट मिलने का अनुमान

**टीम एक्शन इंडिया**


**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल आने शुरू हो गए हैं। 11 एग्जिट पोल आए हैं। 9 में भाजपा को बहुमत मिलता दिखाई दे रहा है। 2 में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनने का अनुमान है। एग्जिट पोल के पोल ऑफ पोल्स में भाजपा को 39, आप को 30 और कांग्रेस को एक सीट मिलने का अनुमान है। जेवीसी और पोल डायरी ने अपने एग्जिट पोल में अन्य को भी 1-1 सीट मिलने का अनुमान जताया है। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर बुधवार शाम 5 बजे तक 57.70% वोटिंग हो चुकी है। मतदान का वक्त 6 बजे खत्म हो चुका है, लेकिन लाइन में लगे लोगों के वोट पड़ रहे हैं। चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को घोषित होंगे। सरकार बनाने के लिए 36 सीटों की जरूरत है।

**एग्जिट पोल पर 3 बयान**

**बीजेपी सांसद मनोज तिवारी-** मैंने अभी जो एग्जिट पोल देखे हैं, मुझे लगता है कि हमारा रिजल्ट एग्जिट पोल से बेहतर होने जा रहे हैं। लोगों के बीच जो प्रतिक्रिया हमने देखी है उससे भाजपा सत्ता में आ रही है। यह भाजपा की घर वापसी है।

आप नेता सुशील गुप्ता- ये हमारा चौथा चुनाव है और हर बार एग्जिट पोल में आप की सरकार बनते हुए नहीं दिखाई गई। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों के लिए काम किया है। 8 फरवरी को नतीजे आप के पक्ष में आएंगे।

कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला- जो लोग कहते थे कि कांग्रेस जमीन पर मौजूद नहीं है, वे कांग्रेस को अच्छी संख्या में सीटें जीतते देखेंगे। आप वापस नहीं आएगी। किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलेगा। तीनों पार्टियों को बराबर सीटें मिलेंगी।







## एग्जिट पोल में आप-कांग्रेस का बुरा हाल

**दिल्ली** के विधानसभा चुनाव में कई पोलिंग एजेंसियों ने एग्जिट पोल्स जारी कर दिए हैं। इनमें से अब तक जिन एग्जिट पोल्स का एलान हुआ है, उन सभी में भाजपा को बहुमत मिलता दिख रहा है।

मैट्रिज के एग्जिट पोल के मुताबिक, आप को 32-37 सीटें मिल सकती हैं। वहीं भाजपा को 35-40 सीट मिल सकती हैं। उधर कांग्रेस को 0-1 सीट मिलने की संभावना जताई गई है।

जेवीसी के एग्जिट पोल के मुताबिक, आप को 22 से 31 सीटें मिलती दिखाई गई हैं। भाजपा को 39-45 सीटें और कांग्रेस को 0-2 सीटें मिल सकती हैं। यानी भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल कर सकती है।

चाणक्य के एग्जिट पोल के मुताबिक, भाजपा को 39 से 44 सीटें मिल सकती हैं। यानी भाजपा खुद बहुमत हासिल कर सकती है। वहीं आप को 25-28 सीटें मिलने की संभावना है। कांग्रेस को 2-3 सीटें मिलने की संभावना है। पी-मार्क पोलिंग एजेंसी के आंकड़ों की मानें तो भाजपा आसानी से बहुमत के आंकड़े को पार कर सकती है। पार्टी यहां 39-49 सीटें पा सकती है। दूसरी तरफ आप को 21 से 31 सीटें मिलती दिख रही हैं। कांग्रेस को इसमें 0-1 सीट मिल सकती है।

वी-प्रीसाइड पहला एग्जिट पोल है, जिसमें आम आदमी पार्टी की सरकार बचती दिख रही है।

विधानसभा चुनाव में करीब 18% स्विंग वोटर्स के किंगमेकर साबित होते हैं। दिल्ली चुनाव लोकसभा के करीब 9 महीने बाद होते हैं। इतने कम वक्त में ही वोटिंग ट्रेंड में बड़ा बदलाव देखने को मिलता है। पिछले तीन विधानसभा और लोकसभा चुनावों का विश्लेषण करें तो स्विंग वोटर्स ही दिल्ली की सत्ता तय करते रहे हैं।

**आप के अलावा किसी पार्टी का सीएम फेस घोषित नहीं:** दिल्ली में आम आदमी पार्टी के अलावा किसी भी पार्टी ने सीएम फेस घोषित नहीं किया है। आप सत्ता में लौटी तो अरविंद केजरीवाल का मुख्यमंत्री बनना तय है। जबकि, भाजपा और कांग्रेस की ओर से तीन-तीन नाम चर्चा में हैं। हालांकि, कांग्रेस सरकार बनाती नहीं दिख रही है।

# पीएम मोदी ने लगाई आस्था की डुबकी



**पावन डुबकी**

▶▶ वैदिक मंत्रोच्चारण और श्लोकों के बीच पीएम मोदी ने लगाई पावन डुबकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुम्भ में मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को एकता का संदेश दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन डुबकी लगाने से पहले प्रधानमंत्री ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान वह रुद्राक्ष की माला का जप करते भी नजर आए। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की अराधना करते हुए उन्होंने पावन डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद उन्होंने गंगा पूजन और आरती भी की। इससे पूर्व प्रधानमंत्री के प्रयागराज आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया।

**विधिवत किया पूजन अर्चना**

त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधिवत पूजा अर्चना की। संगम में उतरने से पहले पीएम ने सबसे पहले आस्था के साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और फिर सूर्य को अर्घ्य दिया और तर्पण भी किया।

संगम स्नान के बाद उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन भी किया। काले कुर्ते और भगवा पटके व हिमांचली टोपी पहने पीएम मोदी ने वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच संगम त्रिवेणी में अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की। इसके बाद उन्होंने संगम स्थल पर तीनों पावन नदियों की आरती भी उतारी। वहा मौजूद तीर्थ पुरोहित ने उनका टीका लगाकर अभिनंदन किया।







# मशरूम के फार्म हाऊस में लगी आग से किसान को लाखों रुपए का नुकसान



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गांव भोगीपुर स्थित मशरूम के फार्म हाऊस में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने से किसान को लाखों रुपये का नुकसान हो गया। गांव के समीप फॉर्म होने से जब ग्रामीणों को दुआ उठता दिखाई दिया तो उन्होंने आग लगने की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाती, लेकिन तब तक सारा मशरूम फार्म जल चुका था। जानकारी के अनुसार गांव भोगीपुर के किसान शमशेर ने खेतों में मशरूम का फार्म हाऊस किया हुआ है। उसने बताया कि बुधवार को दिन के समय अज्ञात कारणों से फॉर्म में आग लग गई । देखते ही देखते आग ने भंयकर रूप धारण कर लिया। किसान शमशेर ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें तेजी से फैल चुकी थी और उन्होंने आग को बढ़ता देख फायर बिग्रेड को सूचना दी। फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने आग पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही गांव के लोग भी मौके पर पहुंचे और उन्होनें आग किन कारणों से लगी लेकिन पता नहीं चल पाया । किसान जगदीप ने बताया कि मशरूम का फार्म जलने से उसको करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हो गया।

**भारी नुकसान**
फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाती, लेकिन तब तक सारा मशरूम फार्म जल चुका था

## गांव उदेशीपुर में घर से अवैध शराब की 202 पेटी बरामद,

**गन्नौर ।** गन्नौर थाना पुलिस ने आबकारी विभाग की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए गांव उदेशीपुर में एक मकान से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने शराब जब्त करने के साथ ही मकान में अवैध शराब का स्टाक करने के आरोप में मकान मालिक को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी अनुसार गन्नौर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उदेशीपुर में धरेन्द्र उर्फ ध्रुव अपने मकान में अवैध शराब का स्टाक रखता है और इसे दिल्ली में सप्लाई करता है। सूचना पर पुलिस ने आबकारी निरीक्षक नवीन यादव को मौके पर बुलाया। जांच के दौरान मकान के एक कमरे से 202 पेटी शराब बरामद हुई, जिसमें विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी और देसी

# अनन्या पंवार ने इंडो-नेपाल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** जीटी रोड स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा नौवीं की छात्रा अनन्या पंवार ने चौथी इंडो-नेपाल इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर देश और स्कूल का नाम रोशन किया। यह चैंपियनशिप 11-12 जनवरी को चंडीगढ़ में नेगी ताइक्वांडो द्वारा आयोजित की गई थी। अनन्या ने अपने शानदार प्रदर्शन से प्रतियोगिता में उत्कृष्टता साबित की। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अनन्या की मेहनत और समर्पण का यह परिणाम हम सभी के लिए गर्व की बात है। अनन्या की इस सफलता से उनके परिवार व स्कूल में हर्ष का माहौल है।


## उत्तर रेलवे
### खुली ई–निविदा सूचना

मुख्य विद्युत अभियंता / परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा कार अपना मूल / संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

**निविदा संख्या : NR-Proj-UMB-25001A**

**कार्य का नाम:**– उत्तर रेलवे के फिरोजपुर डिवीजन (164 आरकेएम / 328 टीकेएम) के सानेहवाल–जालंधर–अमृतसर खंड के बीच मौजूदा 1X25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2X25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए फीडर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग।

| लगभग लागत (रु.) | घरोहर राशि (रु.) | कार्य पूरा करने की अवधि (महीने) | निविदा दस्तावेज की लागत (रु.) | निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने की तिथि | प्री–बिड कांफ्रेंस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 103.40 Cr. | 5320500/- | 24 | Nil | 07.03.2025 at 15:00 hrs. | 07.03.2025 at 15:30 hrs. | हाँ |
| **बिडिंग प्रणाली** | **बिडिंग टाइप** | **स्वतः एलिमिनेशन नियम लागू** | **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएचःएमएम)** | **मिनिमम डीक्रिमेंट%** | **सब्सिकुवंट कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएचःएमएम)** | |
| दो पैकेट पद्धति | टू स्टेज रिवर्स ऑक्सन | हाँ | 04:00 | 0.20 | 00:20 | |

**कार्य की समान प्रकृतिः** "50 हर्ट्ज, एकल चरण 25 केवी एसी ओएचई या 2x25 केवी ओएचई कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग।"

निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि / धरोहर राशि जमा (Bid Security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी।

**नोटः**– तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती हैं।

निविदा सूचना क्रमांक : NR/Proj/UMB/Advt./04 दिनांक 04.02.2025 **392/2025**


ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## प्रसिद्ध उपन्यासकार शेर सिंह की पुस्तकों का वर्ल्ड बुक फेयर में होगा प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में 1 से 9 फरवरी के बीच आयोजित होने वाले वर्ल्ड बुक फेयर और कोलकाता में 28 जनवरी से 9 फरवरी तक आयोजित होने वाले कोलकाता इंटरनेशनल बुक फेयर में लेखक शेर सिंह की पुस्तकों का प्रदर्शन किया जाएगा। वर्ल्ड बुक फेयर और इंटरनेशनल बुक फेयर दोनों में उनकी पुस्तकें बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी। उनकी पुस्तक देश के कई प्रकाशको के स्टॉल पर उपलब्ध होंगी। उनकी पुस्तकें नई दिल्ली वर्ल्ड बुक फेयर में हॉल नंबर 6 में स्टॉल नंबर 26 व हॉल नंबर 5 में स्टॉल नंबर -07 में और कोलकाता में गेट नंबर 3 के स्टॉल नंबर ए45 में आदि कई जगह उनकी पुस्तकें उपलब्ध होंगी।

# अगवानपुर गांव में घरों की छतों के पास से गुजर रही बिजली की तारें



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** अगवानपुर गांव के लोग लंबे समय से घरों की छतों के पास से गुजर रही बिजली की तारों की समस्या से परेशान हैं। ये तारें न केवल उनके दैनिक जीवन में बाधा डाल रही हैं, बल्कि बड़े हादसे का खतरा भी बनी हुई हैं। बारिश और तेज हवा के दौरान इन तारों के लहराने से कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है, जिससे स्थानीय निवासी भयभीत हैं। गांव के लोगों ने कई बार बिजली निगम से इस समस्या के समाधान की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का कहना है कि शिकायत करने के बावजूद अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे, जिससे उनकी परेशानी का हल नहीं हो रहा है। उन्होंने अपने स्तर पर तारों पर प्लास्टिक की पाइप लगा रखी हैं ताकि हादसे की आशंका कम की जा सके। इस संबंध में जब बिजली निगम के एक्सईएन अश्वनी कौशिक से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि समस्या की जानकारी उनके पास नहीं है। जल्द ही इसका समाधान किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि तकनीकी टीम को भेजकर तारों को उचित ऊंचाई पर शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।


## उत्तर रेलवे
### (ई–नीलामी सूचना)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस / साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, **IREPS** पोर्टल (**https://ireps.gov.in/**) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती हैं–

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-02-2025 | दिनांक 17.02.2025 को 11:00 बजे | पानीपत (कार) = = कुल 01 साईट |
| Parking-03-2025 | दिनांक 19.02.2025 को 11:00 बजे | रोहतक (दवीतीय प्रवेश) (TW), दिल्ली (PF-16) (B-T-T) = = कुल 02 साईट |

**वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** https://ireps.gov.in/

**ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ:** आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:
1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी।
2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान
3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता
4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण
5. फण्ड का लियन मार्किंग
6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)
7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं / ठेकेदारों (ई–निविदा / ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; **Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084**

संख्या–23AC/393/E Auction/Pkg/2025 दिनांक: 04.02.2025 **388/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# शहीदों की याद में 500 किलोमीटर दौडेंगे जोनी व हैप्पी



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों की स्मृति में गांधी नगर, गन्नौर के दो एथलीट जोनी और हैप्पी 500 किलोमीटर की दौड़ लगाकर युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करेंगे। बुधवार को विधायक देवेंद्र कादियान के कार्यालय से समाजसेवी पवित्र कुंडू ने हरी झंडी दिखाकर इस दौड़ की शुरूआत करवाई। दोनों एथलीट प्रतिदिन 100 किलोमीटर दौड़ेंगे, जिसमें अमन राणा और रोकी उनका समर्थन करेंगे। रात का विश्राम धर्मशाला, मंदिर या गुरुद्वारा में होगा। जानी और हैप्पी गन्नौर के सी ग्राउंड में अभ्यास करते हैं और इस दौड़ को पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि मानते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में अधिकतर लोग अपने लिए काम करते हैं, लेकिन वे वीर सैनिकों के सम्मान में दौड़ रहे हैं। इस पहल के माध्यम से वे युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों से जुड़ने का संदेश देंगे। समाजसेवी पवित्र कुंडू ने युवाओं से शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में आगे बढ़ने की अपील की। इस दौड़ के लिए देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा निशुल्क एंबुलेंस सेवा प्रदान की गई है। इस अवसर पर सुनील नैन, सुभाष रोहिल्ला, जगदेव, सुखबीर, काला, कोच सुनील छिक्कारा और संजय त्यागी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**हरी झंडी**
कादियान के कार्यालय से समाजसेवी पवित्र कुंडू ने हरी झंडी दिखाकर इस दौड़ की शुरूआत करवाई


## पूर्वोत्तर रेलवे
### ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 06/2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का विवरणः** 1. रामपुर-लालकुआँ जंक्शन टी.टी.आर.(एफ.एस.+टी.डब्ल्यू.एस.+डब्ल्यू.सी.एम.एस.सी.)-34 सेटस् (1:12) एवं 2. लालकुआँ-काशीपुर टी.टी.आर. (एफ.एस. + टी.डब्ल्यू.एस.+डब्ल्यू.सी.एम.एस.सी.) 11 सेटस् (1:12) (कुल-45 सेटस), **अनुमानित लागत (₹में):** ₹ 1,91,11,547.57, **बयाना राशि (₹में):** ₹ 2,45,600.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह **नोटः** • ई-निविदा दिनांक 27.02.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। • ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के **IREPS** वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) इज्जतनगर
मुजाधि/डब्ल्यू-394

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"


# सिंहपुर वारियर्स कश्मीर ने जीता कश्मीर प्रीमियर लीग खिताब



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर । घसौली** गांव के लक्ष्य खेल स्टेडियम में आयोजित दूसरी कश्मीर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट में सिंहपुर वारियर्स कश्मीर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्राफी अपने नाम की। मंगलवार देर शाम खेले गए फाइनल में सिंहपुर वारियर्स टीम ने ग्रीन फील्ड क्रिकेट एकेडमी सोनीपत को हराया। मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने टोस उछालकर मुकाबले की शुरूआत कराई। सिंहपुर वारियर्स ने टोस जीतकर गेंदबाजी चुनी। ग्रीन फील्ड एकेडमी ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 151 रन बनाए। जवाब में सिंहपुर वारियर्स ने 16.3 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाकर खिताब पर कब्जा जमाया।


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# 'आप-दा' जा रही है और भाजपा आ रही है: वीरेंद्र

## 'इस बार दिल्ली में बदलाव और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार चाहती है। हमारे कार्यकर्ताओं ने इस भ्रष्ट सरकार के खिलाफ पूरी निष्ठा से लड़ाई लड़ी है'

**दावा**

**लाइनों में लगे मतदाताओं की आंखों में शासन व्यवस्था परिवर्तन की आस अभिलाषा साफ दिख रही थी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने आज शाम यहां कहा कि दिल्ली की जनता ने अपना मन बना लिया है। वह इस बार दिल्ली में बदलाव और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार चाहती है। हमारे कार्यकर्ताओं ने इस भ्रष्ट सरकार के खिलाफ पूरी निष्ठा से लड़ाई लड़ी है। मुझे पूरा विश्वास है कि 'आप-दा' जा रही है और भाजपा दिल्ली में सत्ता में आ रही है। शाम को मतदान सम्पन्न होने के बाद आए एग्जिट पोल के सर्वेक्षण नतीजे के बाद सचदेवा ने कहा कि ठंडी हवाओं के चलते जो मतदान सुबह सुस्त लग रहा था उसने 11 बजे धूप चढ़ते ही रफ्तार पकड़ी। देर शाम तक लाइनों में लगे मतदाताओं की आंखों में शासन व्यवस्था परिवर्तन की आस अभिलाषा साफ दिख रही थी।

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में आज केन्द्रीय मंत्रियों, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष, सांसदों, पदाधिकारियों ने स्वयं सुबह मतदान किया और कार्यकताओं एवं नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। उसका नतीजा यह है कि शाम को सम्पन्न हुए मतदान का ट्रेंड और आंकड़े दोनों मिलकर बता रहे हैं कि भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ दिल्ली विधानसभा का चुनाव जीत रही है।

सचदेवा ने कहा कि पूरा चुनाव ही क्या कल रात तक अरविंद केजरीवाल एवं उनकी पूरी आम आदमी पार्टी दिल्ली में तनाव फैला कर मतदान को हल्का रखने का प्रयास करती रही लेकिन दिल्ली पुलिस एवं चुनाव आयोग अधिकारियों की सतर्कता के चलते मतदान संतोषजनक रहा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह आम आदमी पार्टी के नेताओं ने पूरा चुनाव प्रचार नकारात्मक रूप में चलाया वैसे ही आज मतदान के दिन भी अलग अलग क्षेत्रों में फैला कर मतदान प्रक्रिया को प्रदूषित करने का प्रयास किया। सचदेवा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के नेताओं ने ओखला, सीलमपुर, ब्रहमपुरी जैसी जगहों पर मतदाताओं को उकसाने का प्रयास किया परन्तु सफल नहीं हो सके।






### मतदान के बीच दिल्ली में जमकर हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 70 सीटों पर मतदान जारी है। इस बीच भाजपा का आरोप है कि आम आदमी पार्टी (आप) फर्जी वोट डलवा रही है। दूसरी तरफ आप का आरोप है कि भाजपा नेता मतदाताओं को पैसे बांट रहे हैं।

**भाजपा ने लगाया फर्जी वोट डलवाने का आरोप**
सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा और आप कार्यकर्ताओं के बीच हंगामा हुआ। भाजपा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी वाले बाहर से महिलाएं लाए, जिन्होंने फर्जी वोट डाले हैं। भाजपा का कहना है कि बुर्के में महिलाओं ने फर्जी वोट डाला।

**आम आदमी पार्टी ने लगाया ये आरोप**
मतदान के दौरान ग्रेटर कैलाश विधानसभा सीट से आप उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस चिराग दिल्ली के एक मतदान केंद्र पर लोगों को वोट डालने से रोकने की कोशिश कर रही है। जंगपुरा सीट से आप उम्मीदवार मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाया है। उनका कहना था कि जंगपुरा सीट पर बीजेपी के बूथ के साथ वाली बिल्डिंग में मतदाताओं को पैसे दिए जा रहे हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'आप चुनाव को प्रभावित करने के लिए सुबह से यहां खड़े हैं। यहां बैरिकेड्स क्यों लगाए गए हैं?

# महाकुंभ भगदड़ में अमित की मौत के बाद परिवार पर छाया संकट

**शोक में परिवार**

**छोटे से मकान में ही अमित की मां, बहन, जीजा, बहन, भांजी व दो अन्य लोग बुधवार दोपहर शोक में बैठे थे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद/दिल्ली: महाकुंभ** में 28 जनवरी की देर रात हुई भगदड़ में फरीदाबाद निवासी अमित की मौत के बाद परिवार पर आर्थिक संकट छा गया है। संजय कॉलोनी की गली नंबर 30 के छोटे से मकान में ही अमित की मां, बहन, जीजा, बहन, भांजी व दो अन्य लोग बुधवार दोपहर शोक में बैठे थे। अमर उजाला की टीम ने वहां जाकर परिवार से बात की।

**भाई की जगह भाभी को मिले नौकरी**
अमित मिलीटरी इंजीनियरिंग सर्विसेज (एमईएस) में साल 2016 से दिल्ली कैंट में लिफ्ट मैकेनिक के पद पर कार्यरत थे। अमित की बहन श्वेता ने बताया कि घर में बुजुर्ग मां, भाभी सरिता, चार बच्चे और वो है। श्वेता भी प्राइवेट नौकरी करती हैं। घर की जिम्मेदारी भाई के कंधों पर थी। लेकिन अब इस हादसे ने परिवार पर दुखों का पहाड़ गिरा दिया है। परिवार अब आर्थिक संकट में है और पालन-पोषण की जिम्मेदारी उठाने वाला कोई नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मांग रखी है कि वे मृत्यु प्रमाण पत्र जल्द बनवाने में मदद करें। परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए और अमित की जगह मेरी भाभी को नौकरी मिले।

**मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भटक रहा परिवार**
अमित के जीजा अरविंद सिंह ने बताया कि चारों बच्चे 1 से 6 साल के हैं। ऐसे में अमित को मुखाग्नि भी उन्हें ही देनी पड़ी। रिश्तेदार मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए फरीदाबाद नगर निगम ऑफिस गए थे। उन्होंने कहा कि डॉक्टर से लिखवाकर लाओ। डॉक्टर के पास गए तो बताया कि जहां मौत हुई, वहीं से बनेगा। ऐसे में अब सर्टिफिकेट के लिए प्रयागराज जाकर ही प्रयास करने होंगे।

# भारतीय फार्माकोपिया दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने बुधवार को कहा कि भारतीय फामाकोपिया दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। अंतरराष्ट्रीय फामाकोपियाज सम्मेलन रेगुलेटरी सामंजस्य के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और बढ़ावा देगी। अनुप्रिया पटेल विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय फामाकोपिया आयोग द्वारा आयोजित विश्व फामाकोपियास




की 15वीं अंतरराष्ट्रीय बैठक को संबोधित कर रही थीं। बैठक में फार्मास्युटिकल मानकों और सामंजस्य से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए वैश्विक फामाकोपियल नेताओं, नियामक अधिकारियों और उद्योग हितधारकों को एक साथ लाया गया। अनुप्रिया पटेल ने वैश्विक फार्मास्युटिकल मानकीकरण और नियामक अभिसरण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने "विश्व की फामेर्सी" के रूप में भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला और विश्व स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आईएमडब्ल्यूपी फामाकोपियल विज्ञान और नियामक सामंजस्य में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है।

# शाहबाद डेयरी इलाके में आग से 80 झुग्गियां जलकर राख

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। शाहबाद** डेयरी इलाके में बुधवार शाम झुग्गियों में आग लग गई है। सूचना पर स्थानीय पुलिस और दमकल की दस गाड़ियों ने मौके पर पहुंचीं और दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दमकल अधिकारियों के अनुसार घटना 80 झुग्गियां जल गई हैं। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

# सेमीकंडक्टर के डिजाइन में कौशल बढाएंगे उत्कृष्टता केंद्र

**शिक्षण अनुभव**

**इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने किया नए केन्द्र का उद्घाटन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सरकार ने सेमीकंडक्टर और चिप डिजाइन उद्योगों में कुशल पेशेवरों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एक नए उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) का शुभारंभ किया है। इस केंद्र का उद्घाटन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने किया। इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर बताया कि राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के नोएडा परिसर में मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने राष्ट्रीय




इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) के एक उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) का उद्घाटन किया। यह केंद्र भारत की सेमीकंडक्टर के डिजाइन और विकास क्षमताओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सचिव एस. कृष्णन ने प्रोजेक्ट लैब और स्मार्ट क्लास रूम सहित केंद्र की अत्याधुनिक सुविधाओं का दौरा किया। ये प्रोजेक्ट लैब छात्रों, पेशेवरों और शोधकताओं के बीच अभिनव चिप डिजाइन परियोजनाओं पर सहयोग के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा। इसी दौरान उन्नत शिक्षण सहायक सामग्री से लैस स्मार्ट क्लासरूम छात्रों को बेहतर शिक्षण अनुभव प्रदान करेगा। मंत्रालय के अनुसार डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप एसओसीटीमअप सेमीकंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से स्थापित यह केंद्र भारत की सेमीकंडक्टर के डिजाइन और विकास क्षमताओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# आवाज की दुनिया के जादूगर डॉ (ब्रिगेडियर) डब्ल्यूवीबीएस रामलिंगम

**जब** बात भारत में ईएनटी और कॉक्लियर इंप्लांट उपचार की विशेषज्ञता की आती है तो डॉक्टर (ब्रिगेडियर) डब्ल्यूवीबीएस रामलिंगम एक प्रसिद्ध नाम है। अनेक असाध्याय मामलों में रोगी की जा चुकी आवाज को वापस ला चुके डॉ रामलिंगम ना केवल एक कुशल चिकित्सक हैं, बल्कि रोगी का रोग और मनोदशा देखकर इलाज करने वाले एक ऐसे चिकित्सक हैं जिनके बारे में कहा जा सकता है कि उनसे मिलने के पश्चात ही रोगी का अपने रोग निदान के प्रति आत्मविश्वास स्वत ही बढ़ जाता है। डॉ रामलिंगम वर्तमान में बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, नई दिल्ली में ईएनटी और कॉक्लियर इंप्लांट विभाग में प्रधान निदेशक और एचओडी के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें ओटोलैरिंगोलॉजिस्ट्स में 43 वर्षों का अनुभव है। डॉ रामलिंगम भारत में फोनो सर्जरी या आवाज सर्जरी के अग्रणी है और उन्होंने भारत के विभिन्न शहरों में एक विशेषज्ञ ईएनटी सर्जन के रूप में काम किया है। उन्हें अक्सर विभिन्न फोनोसर्जिकल कार्यशालाओं और सम्मेलनों में अतिथि व्याख्यान, लाइव सर्जरी प्रदर्शन देने के लिए आमंत्रित किया जाता है । डॉक्टर रामलिंगम ने कई अस्पतालों में कई जटिल चिकित्सा मामलों को संभालने में योगदान दिया है। उन्हें सटीक निदान पर ध्यान देने और रोगियों के साथ सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करने के लिए जाना जाता है। फोनो या आवाज सर्जरी के अलावा, डॉ रामलिंगम एक प्रसिद्ध स्कल बेस्ड सर्जरी (नाक के अंदर से एंडोस्कोपिक के द्वारा ब्रेन ट्यूमर निकालने के विशेषज्ञ) के ओन्को सर्जन भी हैं। वह सभी प्रकार के गला, नाक और कान के कैंसर का विशेषज्ञता के साथ इलाज करते हैं। उन्होंने स्कल बेस्ड एंडोस्कोपिक सर्जरी सहित कई कठिन स्कल बेस्ड सर्जरियों को अंजाम दिया है। डॉ रामलिंगम एंडोस्कोपिक साइनस सर्जरी, खर्राटों और नींद से संबंधित श्वास विकारों के लिए सर्जरी और सभी प्रकार की ट्रांस ओरल रोबोटिक सर्जरी करते हैं। उन्हें भारत की सशस्त्र सेनाओं में सेना चिकित्सा कोर अधिकारी के रूप में 30 वर्षों के कार्य अनुभव के चलते रोगी के प्रति अनुशासनात्मक और सैद्धांतिक चिकित्सा दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है। **कुछ दिन पूर्व डॉ रामलिंगम से एक लंबी मुलाकात हुई पेश है उसके मुख्य अंश**

**प्रश्न :** थायरॉइड सर्जरी के दौरान यदि वोकल कॉर्ड पर असर पड़ता है, तो मरीजों के इलाज के लिए कौन-कौन सी तकनीकें उपलब्ध हैं?

**उत्तर:** थायरॉइड सर्जरी के दौरान कभी-कभी वोकल कॉर्ड की नस कट सकती है या दब सकती है, जिससे आवाज परमानेंट डैमेज हो सकती है। ऐसे मामलों में दो प्रमुख तकनीकें इस्तेमाल की जाती हैं:

1. **थायरोप्लास्टी:** इसमें सर्जरी द्वारा वोकल कॉर्ड को सही स्थिति में लाया जाता है।
2. **इंजेक्शन लैरींगोप्लास्टी:** इसमें पैरालाइज्ड वोकल कॉर्ड में हायालूरोनिक एसिड इंजेक्ट किया जाता है, जिससे आवाज अस्थायी रूप से ठीक हो जाती है। मरीजों को स्थायी इलाज के लिए छह महीने इंतजार करना होता है, लेकिन अस्थायी राहत के लिए फिलर इंजेक्शन दिया जा सकता है।

**प्रश्न** – क्या ऐसा हुआ है कि किसी मरीज की आवाज खराब गई हो और आपके इलाज से वह वापस आ गई हो?

**उत्तर:** जी हां, ऐसा कई बार हुआ है। एक बार अमरोहा से एक मौलवी साहब मेरे पास आए, जिनकी आवाज लगभग खत्म हो चुकी थी। उनकी जांच करने पर पता चला कि उन्हें मसल टेंशन डिस्टोनिया है। मैंने उन्हें गले और आवाज से संबंधित कुछ एक्सरसाइज करवाईं, और सिर्फ आधे घंटे में उनकी आवाज वापस आ गई। उन्होंने अपनी आवाज सुनकर बहुत खुशी जाहिर की। ऐसे अनेक मामले हैं जहां मरीज बड़े अस्पतालों में इलाज करवाने के बाद मेरे पास आते हैं और उनका सफल इलाज होता है।

**प्रश्न**–भारत में आवाज से संबंधित समस्याएं कितने प्रतिशत लोगों में देखने को मिलती हैं?

**उत्तर:** पहले लोग आवाज संबंधी समस्याओं को लेकर बहुत जागरूक नहीं थे। लेकिन अब जागरूकता बढ़ रही है। मेरे पास ऐसे कई मरीज आते हैं, जिनका देश के बड़े अस्पतालों में इलाज नहीं हो पाया। आवाज संबंधी समस्याओं के प्रमुख कारण संक्रमण, तनाव, हार्मोनल बदलाव, न्यूरोलॉजिकल समस्याएं और थायरॉइड सर्जरी के बाद की जटिलताएं हैं।

**प्रश्न**–आवाज को प्रभावित करने वाले कौन-कौन से कारक हैं?

**उत्तर:** आवाज को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक हैं:

1. **संक्रमण:** गले में संक्रमण से आवाज बैठ सकती है।
2. **तनाव और थकान:** मसल टेंशन डिस्टोनिया जैसी समस्याएं हो सकती हैं।
3. **हार्मोनल बदलाव:** विशेष रूप से युवावस्था के दौरान प्यूबरफोनिया जैसी समस्याएं हो सकती हैं।
4. **सर्जरी या चोट:** थायरॉइड सर्जरी के दौरान वोकल कॉर्ड पर असर हो सकता है। अगर आवाज दो-तीन सप्ताह तक सामान्य नहीं होती, तो तुरंत एठळ विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए।

**प्रश्न**–आप डॉक्टर बनने के लिए प्रेरित कैसे हुए?





**उत्तर:** जब मैं तीसरी कक्षा में था, तभी मेरे पिताजी ने मुझे डॉक्टर बनने का सपना दिखाया। मैंने मैट्रिक के बाद आईआईटी का फॉर्म भरा, लेकिन पिताजी ने फॉर्म फाड़ दिया और कहा कि तुम्हें केवल डॉक्टर बनना है। इसके बाद मैंने यह सपना अपना लिया। 1980 में मैंने WHO में काम किया और 1982 में भारतीय सेना जॉइन की। सेना में 30 वर्षों तक सेवा की और ब्रिगेडियर के पद से रिटायर हुआ।

**प्रश्न**–क्या आवाज की समस्याओं के इलाज में आपने किसी अनूठी तकनीक का विकास किया है?

**उत्तर:** जी हां। 1998 में मैंने रिसर्च करके लैरींगोप्लास्टी और थायरोप्लास्टी की तकनीकों को मरीजों पर सफलतापूर्वक लागू किया। 2003 में मैंने टाइप-2 थायरोप्लास्टी को भारत में प्रस्तुत किया। इसके अलावा, मसल टेंशन डिस्टोनिया जैसे दुर्लभ मामलों का इलाज भी किया।

**प्रश्न**–आपके इलाज से आवाज सुधारने के कुछ यादगार मामले बताएं।

**उत्तर:** एक बीकॉम छात्र मेरे पास आया, जिसकी आवाज बच्चों जैसी थी। उसे प्यूबरफोनियाथा। मैंने टाइप-3 थायरोप्लास्टी की, जिससे उसकी आवाज एक व्यस्क पुरुष जैसी हो गई। अब वह आत्मविश्वास से भरपूर है।

**प्रश्न** –क्या व्यक्ति के व्यक्तित्व के अनुसार उसकी आवाज का निर्धारण किया जा सकता है? उसके बेस को कम ज्यादा किया जा सकता है?

**उत्तर**-ऐसा कहा जाता है की आवाज आदमी की पहचान होती है। किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व में आवाज चार चांद लगा देती है। यही कारण है कि वर्तमान में अब सामान्य आदमी भी अपनी आवाज को लेकर काफी जागरुक है। मैं बताता हूं, पंजाब से एक पेशेंट मेरे पास आया जो अपने व्यक्तित्व के अनुसार आवाज न होने के कारण अपनी आवाज से संतुष्ट नहीं था। मैंने उसकी बात को समझा और उसके व्यक्तित्व के अनुरूप आवाज का निर्धारण किया। जिसके बाद वह काफी खुश और संतुष्ट हो गया। इस प्रकार के अनेक मामले समय-समय पर मेरे पास आते रहते हैं। पेशेंटों की ऐसी समस्याओं को समझने के लिए इसी दिशा में काम करते हुए मैंने प्रसिद्ध अभिनेता अमिताभ बच्चन कि उनकी शुरूआती फिल्म सात हिंदुस्तानी से लेकर वर्तमान तक की आवाज और इसी क्रम में प्रसिद्ध गायिका लता मंगेशकर की शुरूआत से लेकर वीर-जारा तक की आवाज को एक रिकॉर्डर में रिकॉर्ड किया और उस पर काम कर यह समझने की कोशिश की की किस प्रकार आवाज की क्वालिटी को उम्दा रखा जा सकता है जिस प्रकार इन दोनों लोगों ने किया।

**प्रश्न:** आपने आवाज संबंधी समस्याओं पर जागरूकता बढ़ाने के लिए क्या प्रयास किए हैं?

**उत्तर:** मैंने नेशनल और इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में इस पर लेक्चर दिए हैं। डॉक्टरों को प्रशिक्षित करने के लिए वर्कशॉप्स आयोजित की हैं। मैंने 1998 से 2003 तक भारत में इस तकनीक का प्रचार-प्रसार किया और आज भी इसे आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहा हूं

**प्रश्न:** आपकी उम्र मात्र 17 साल थी, जब आपके पिताजी का देहांत हुआ। उस समय आपने अपनी पढ़ाई कैसे जारी रखी?

**उत्तर:** जब पिताजी का देहांत हुआ, मैं 17 साल का था और मेरी 12वीं की परीक्षा आने वाली थी। आर्थिक स्थिति खराब थी, लेकिन मैंने मन में ठान लिया कि पहले एग्जाम दूंगा और उसके बाद जीवन की चुनौतियों से निपटूंगा। मेरी माँ ने हमें संभाला और मुझे डॉक्टर बनने का लक्ष्य दिया।

**प्रश्न:** आपके दादाजी ने डॉक्टर बनने के निर्णय का विरोध किया। आपने इस पर कैसे प्रतिक्रिया दी?

**उत्तर:** दादाजी का कहना था कि डॉक्टर बनने में बहुत समय और पैसा लगेगा। लेकिन मेरी माँ, चाचा और ताऊ जी ने मेरा पूरा समर्थन किया। उनकी मदद और मेरी माँ की दृढ़ता के कारण मैं एमबीबीएस पूरा कर पाया।

**प्रश्न:** एमबीबीएस के बाद आपने तुरंत पीजी क्यों नहीं की?

**उत्तर:** परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए मैंने 1982 में नौकरी ज्वाइन की। छोटे भाइयों की जिम्मेदारी मुझ पर थी, और उनकी पढ़ाई व भविष्य के लिए मुझे पहले स्थिर आय अर्जित करनी थी।

**प्रश्न:** आर्मी ज्वाइन करने का निर्णय क्यों लिया?

**उत्तर:** आर्मी के अनुशासन, सिद्धांत और यूनिफॉर्म का आकर्षण मुझे खींच लाया। 1982 में डब्ल्यूएचओ में काम करते हुए मैंने सोचा कि यदि नौकरी करनी है, तो आर्मी से बेहतर कुछ नहीं।

**प्रश्न:** कैंसर सर्जन बनने का सफर कैसा रहा?

**उत्तर:** आर्मी में रहते हुए मुझे टाटा मेमोरियल में 2 साल कैंसर सर्जरी की ट्रेनिंग करने का मौका मिला। वहां मैंने सर्जरी की बारीकियों को सीखा और 10-12 घंटे की लंबी सर्जरी में टीम के साथ काम किया। इस अनुभव ने मुझे कैंसर सर्जन बनने में मदद की।

**प्रश्न:** आपके करियर में आपकी पत्नी का क्या योगदान रहा?

**उत्तर:** मेरी पत्नी संध्या ने हमेशा मेरा साथ दिया। उन्होंने मेरी पढ़ाई और करियर के हर फैसले में समर्थन किया। यहां तक कि उन्होंने अपनी सरकारी नौकरी छोड़ दी और घर की सभी जिम्मेदारियाँ उठाईं, ताकि मैं पीजी और रिसर्च पर ध्यान केंद्रित कर सकूं।

**प्रश्न:** आपके वैवाहिक जीवन का सबसे मजबूत पहलू क्या है? **उत्तर:** आपसी समझदारी और सहनशीलता। हमने एक-दूसरे के कामों की हमेशा सराहना की। आज भी हम साथ में लंबी वॉक करते हैं और एक-दूसरे को पूरा समय देने की कोशिश करते हैं।

**प्रश्न:** नई पीढ़ी को आप क्या संदेश देना चाहेंगे?

**उत्तर:** जीवन में लक्ष्य बनाना बेहद जरूरी है। लड़का हो या लड़की, दोनों समान हैं। पैसों के पीछे मत भागो, बल्कि मेहनत करो और कामयाब बनो। सफलता खुद तुम्हारे पीछे आएगी।

**प्रश्न:** आपका सबसे पसंदीदा विचार क्या है?

**उत्तर:** "फ्री में कुछ नहीं मिलता। मेहनत करो, आत्मनिर्भर बनो। सपनों को पूरा करने के लिए जी-जान लगा दो।"

**प्रश्न:** रिटायरमेंट के दिन आपने कैसा महसूस किया?

**उत्तर:** 31 अगस्त को रिटायर होने के दिन मैं शाम 5-6 बजे तक यूनिफॉर्म में ही रहा। यह सोचकर भावुक हो गया कि 30 साल तक पहनने के बाद अब यह यूनिफॉर्म नहीं पहन पाऊंगा। मेरी पत्नी ने मजाक में कहा, "अब तो उतार दो, शाम की पार्टी में जाना है।" वह दिन मेरे जीवन का एक बड़ा पल था।

**प्रश्न:** आपकी पसंदीदा फिल्म और अभिनेता कौन हैं?

**उत्तर:** मेरी पसंदीदा फिल्म "3 इडियट्स" है। अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जितेंद्र और राजेश खन्ना मेरे पसंदीदा अभिनेता हैं।

**प्रश्न:** खाली समय में क्या करना पसंद करते हैं?

**उत्तर:** मुझे कुकिंग, ताजी सब्जियाँ खरीदना, वॉक करना, किताबें पढ़ना और पुराने गाने सुनना पसंद है। कभी-कभी बेटी के लिए कॉफी और पत्नी के लिए चाय बनाता हूँ।

**प्रश्न:** आपके जीवन का सबसे बड़ा सबक क्या है?

**उत्तर:** "समझदारी और मेहनत से हर लक्ष्य को पाया जा सकता है। जीवन में सहनशीलता और दूसरों के योगदान की सराहना बहुत जरूरी है।"

**प्रश्न:** आपकी प्रेरणा का मुख्य स्रोत क्या है?

**उत्तर:** मेरी माँ की मजबूत इच्छाशक्ति और मेरी पत्नी का अटूट समर्थन मेरे जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा हैं।

## न्यूज फ्लैश

### माता के जागरण से लौट रहे युवक पर ईंटों से हमला

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र के बारोटा में माता के जागरण से लौट रहे युवक पर ईंटों से हमला करने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। अकबरपुर बारोटा निवासी राजकिशोर ने बताया कि वह चालक की नौकरी करता है। गत तीन फरवरी को वह करीब डेढ़ बजे गांव की चौपाल में सरस्वती मां का जागरण था। वहां से वापस कमरे पर आ रहा था। रास्ते में गली में जसविंद्र ने उसका रास्ता रोककर धक्का-मुक्की करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर अपने दोस्तों को बुला लिया। उसके बाद उसे ईंटों से हमला कर घायल कर दिया। उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### कंपनी के बाहर से दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में फैक्टरी के बाहर से पंप कर्मचारी की बाइक के चोरी होने का मामला सामने आया है। कर्मी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव जटवाड़ा निवासी गौतम ने बताया कि वह सीएनजी पंप पर काम करता है। गत एक फरवरी को उसने अपनी बाइक को कंपनी के बाहर खड़ा किया था। सुबह जाकर देखा तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई नीरज ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द बाइक चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर गुरुग्राम में फैशन आइकन रोहित बल के साथ सबसे शानदार फैशन उत्सव का आयोजन

**करनाल :** फैशन, ग्लैमर, चमक-धमक और उत्सवों की एक बेजोड़ दुनिया ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर 2025 के उद्घाटन संस्करण में गुरुग्राम में जीवंत हो उठी। यह शानदार आयोजन भारत के एकमात्र सच्चे फैशन आइकन रोहित बल के असाधारण जीवन का उत्सव था। रोहित बल के साथ इस उल्लेखनीय साझेदारी ने फैशन टूर को कई शानदार प्रस्तुतियों का साक्षी बनाया, जिसका अद्भुत समापन उनकी कलात्मक प्रतिभा, शिल्पकला और उस दृष्टिकोण के सम्मान के साथ हुआ जिसने भारतीय कॉउचर की परिभाषा को बदल दिया। फैशन आइकन सोनम कपूर ने इस विशेष शो में शोस्टॉपर बनकर रोहित बल के जीवन का जश्न मनाया। फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के सहयोग से इस टूर ने रोहित बल की बेमिसाल फैशन समझ, कला के प्रति उनके जुनून, कश्मीरी जड़ों और उनकी अद्वितीय शख्सियत को प्रमुखता से प्रस्तुत किया। सुमंत जयकृष्णन द्वारा बल के सिग्नेचर मोटिफ्स से प्रेरित सुंदर रूप से सजाए गए स्थान, प्रसिद्ध शेफ सुवीर सरन द्वारा कश्मीर की पाक परंपराओं का क्यूरेशन और विभा सराफ व देवेशी सहगल द्वारा तैयार की गई भावपूर्ण संगीत रचना, यह शाम पूरी तरह से रोहित बल के अंदाज में गढ़ी गई थी।

# हरियाणा सुपर 100 लेवल की परीक्षा का हुआ आयोजन

### सुपर 100 की परीक्षा के लिए जिला कुरुक्षेत्र में छह परीक्षा केंद्र बनाए गए

**उपस्थिति**

▶▶ परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 3298 में से 2551 विद्यार्थियों ने उपस्थिति दर्ज की



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र जिले में हरियाणा सुपर 100 लेवल की परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 3298 में से 2551 विद्यार्थियों ने उपस्थिति दर्ज की। जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि सुपर 100 की परीक्षा के लिए जिला कुरुक्षेत्र में छह परीक्षा केंद्र बनाए गए, जिसमें राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पीपली तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिहोवा शामिल हैं। हरियाणा सुपर 100 परीक्षा 22 जिलों में 151 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद मारकंडा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और विद्यालय प्राचार्य व केंद्र अधीक्षक को जरूरी दिशा निर्देश दिए। परीक्षा प्रातः 11:30 बजे से 1:30 बजे के बीच में संपन्न हुई और सभी परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से कम से कम 1 घंटा पहले उपस्थित हुए। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा ने कहा कि हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य राज्य के मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित मेधावी विद्यार्थियों को नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) और जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) जैसी प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कोचिंग प्रदान की जाती है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक तथा जिला उल्लास कॉर्डिनेटर संजय कौशिक ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पीपली परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जिला नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक तथा संजय कौशिक ने बताया कि सुपर 100 लेवल 1 की परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को बारना स्थित हरियाणा सुपर 100 केंद्र में तीन दिवसीय प्रशिक्षण के लिए रहना होगा तत्पश्चात सुपर 100 लेवल 2 की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा तथा सुपर 100 लेवल 2 की परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों का दाखिला हरियाणा सुपर 100 केंद्र बारना में किया जाएगा जहां विद्यार्थियों को दो वर्ष के लिए रहना होगा तथा विद्यार्थियों के रहन सहन तथा भोजन की व्यवस्था तथा अन्य सुविधाएं विद्यार्थियों को प्रदान की जाएंगी।

# डीएफएससी कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट करने का आरोप

**केस दर्ज**

▶▶ पुलिस ने इस संबंध में आरोपित युवती के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एटलस रोड पर स्थित कार्यालय जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक (डीएफएससी) में घुसकर युवती ने हंगामा करने व विरोध करने पर तोड़फोड़ व मारपीट के आरोप का मामला सामने आया है। डीएफएससी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित युवती के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। डीएफएससी हरवीर सिंह ने बताया कि सोमवार को वह अपने कार्यालय में मौजूद था। तभी दो युवतियां राशन कार्ड व परिवार पहचान पत्र को लेकर जानकारी लेने उनके कार्यालय में आई थीं। इनमें से युवती 3-4 बार उनके कार्यालय में आई। दोनों युवतियों को राशन कार्ड से जुड़ी प्रक्रिया के बारे में पहले ही विस्तार से जानकारी दे दी थी। फिर अचानक एक युवती फिर से उनके कार्यालय में आई। उसने उनसे पूछा कि उसे समाधान शिविर में जाकर क्या बताना है। उन्होंने उसे फिर से पूरी प्रक्रिया के बारे में बता दिया। उसके बाद वह दरवाजे के पास चली गई। तभी वह अचानक वापस आई और उनकी मेज को धक्का मारा। जिसके चलते वहां रखा पानी का ग्लास, फोन व अन्य सामान फर्श पर गिर गए। डीएफएससी ने आरोप लगाया कि तभी युवती ने थप्पड़ मारने शुरू कर दिए। साथ ही शोर मचाने लगी। उसकी आवाज सुनकर अधीक्षक उनके कार्यालय में आई। साथ ही अन्य कर्मी भी आ गए। उनके सामने भी युवती ने हमला किया। उन्होंने किसी तरह युवती को पकड़ा। बाद में पता लगा कि युवतियों के नाम सोनिया व मोनिका है। डीएफएससी ने आरोप लगाया कि किसी सोची-समझी साजिश के तहत यह वारदात की गई है। उन्होंने मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कार्यालय के अंदर घुसकर अधिकारी से मारपीट करने, धमकी देने व सरकारी कार्य में बांधा डालने के आरोप की शिकायत मिली है।

# फैक्टरी से दो लैपटॉप व मॉलडिंग मशीन की मोटर चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राई थाना** क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी से दो लैपटॉप व मोल्डिंग मशीन की मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। फैक्ट्री संचालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-16 एस रोहणी दिल्ली निवासी उमेश कुमार ने बताया कि उसने औद्योगिक क्षेत्र के फेस-1 में कंपनी की हुई है। गत दो फरवरी को फैक्टरी में छुट्टी थी। फैक्ट्री में रात को देखभाल करने वाला प्रदीप कमरे में रहता है। वह सुबह आठ बच्चे फैक्टरी में नीचे आया तो प्रदीप ने बताया कि कंपनी में चोरी हो गई है। फैक्टरी में पहुंचने के बाद सामान की जांच की। जिसमें पाया कि फैक्टरी से दो लैपटॉप व एक मॉडलिंग मशीन की मोटर चोरी हुई मिली। अपने स्तर पर सामान की जांच की। उसके बाद सीसीटीवी की जांच की तो तीन लड़के चोरी करते हुए पाए गए। जिसमें से दो युवकों को पहचान लिया। वह कंपनी में पहले काम करते थे।

# गीला और सूखा कचरा एकत्रित करके टिपर चालक को ही करें सुपुर्द: पंकज

**निर्देश**

▶▶ विद्यार्थियों को वितरित किए क्यूआर कोड के स्टीकर, विद्यार्थियों को दिए स्वच्छ बनाने के टिप्स



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला नगर आयुक्त पंकज सेतिया ने कहा कि घर के गीले व सूखे कचरे को एकत्रित करके टिपर चालक को ही सुपुर्द करना होगा। यह चालक डंपिंग स्थल पर गीले और सूखे कचरे का अलग-अलग प्रबंधन करने में सहजता से सहयोग दे सकेंगे। इस शहर को स्वच्छ बनाने में युवा वर्ग का अहम योगदान रहने वाला है। डीएमसी पंकज सेतिया बुधवार को अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर 13 में नगर परिषद के सहयोग से भारत स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत जागरूकता कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले डीएमसी पंकज सेतिया, प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रिंसिपल रीटा गोयल ने विधिवत रूप से जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान डीएमसी पंकज सेतिया और नगर परिषद के अधिकारियों ने स्कूल के 2700 से ज्यादा विद्यार्थियों को गीले व सूखे कचरे के पोस्टर सहित क्यूआर कोड के पंपलेट वितरित किए। इसके उपरांत विद्यार्थियों को पॉलिथीन और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए शपथ भी दिलाई गई। डीएमसी पंकज सेतिया ने कहा कि भारत स्वच्छ सर्वेक्षण 2.0 के तहत थानेसर शहर को स्वच्छ बनाने के प्रयास किए जा रहे है। इन प्रयासों में विद्यार्थियों का अहम योगदान रहेगा। इसलिए स्वच्छता के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने तथा स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन युवा पीढ़ी के माध्यम से ही बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए, लोगों को अपनी मानसिकता में बदलाव लाना होगा। इसके साथ ही शहर को प्लास्टिक और पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक होना होगा। अग्रसेन पब्लिक स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत स्वच्छ सर्वेक्षण 2.0 के तहत शहर को स्वच्छ बनाने के प्रशासन द्वारा सराहनीय प्रयास किए जा रहे है।

# रंजिश के चलते युवक पर तेजधार हथियार व लाठी-डंडों से हमला

**प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया**

▶▶ घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया, प्राथमिक उपचार के बाद रेफर
▶▶ आरोप, फोन तोड़कर फेंका, जेब से 50 हजार रुपये निकाले ले गए, मुंह में पिस्तौल डालने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** जिला कोर्ट से पेशी के बाद वापस लौट रहे आढ़ती पर कार सवारों ने तेजधार हथियारों से हमला कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। आरोप है कि उसके मुंह में पिस्टल डाल कर जान से मारने की धमकी भी दी। घायल को अधमरा करके खेतों में फेंककर फरार हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव जटवाड़ा निवासी जगबीर ने बताया कि उसका बेटा अमित दिल्ली से सब्जी लेकर आता है। वह सोनीपत सब्जी मंडी में आढ़ती के तौर पर काम करता है। उसके बेटे अमित का विक्रम के साथ रुपयों का लेनदेन है। विक्रम ने उसके बेटे से करीबन ढाई लाख रुपए लिए हुए थे। इस दौरान जब अमित ने अपने पैसे मांगे तो आपस में कहासुनी हो गई और धमकी दे डाली। जिसके चलते दोनों के बीच विवाद हो गया था। जिसके बाद लगातार दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। मंगलवार को सुमित कोर्ट में किसी अन्य मामले को लेकर सुनवाई पर गया हुआ था। कोर्ट की तारीख भुगत कर सुमित अपने घर वापस लौट रहा था। आरोप है कि इस दौरान सुमित को एक प्लानिंग के तहत रास्ते में घेर कर हमला किया गया। आरोप है कि सुमित का आरोपितों के साथ रुपये का लेन-देन है। रुपये मांगने पर आरोपित पिछले साल दो फरवरी को घर के बाहर फायरिंग कर धमकी दे चुके है। इसके बाद आरोपित चार महीने पहले ही जमानत पर आए है। इसके बाद से रंजिश रख रहे है।

# फैक्टरी के बाहर खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़कर लाखों रुपये की राशि चोरी

**जांच जारी**

▶▶ पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 राई औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्टरी के बाहर खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़कर हजारों रुपयों की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित गाड़ी चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। नई ऑफिसर कॉलोनी पटियाला पंजाब निवासी श्वेत जैन ने बताया कि वह इनोवा गाड़ी में सवार होकर डीएम केबल प्राइवेट लिमिटेड के मालिक मूलचंद अग्रवाल से मिलने आया था। सोमवार शाम को उन्होंने गांव राई के पास नेशनल हाईवे-44 के संपर्क मार्ग पर गाड़ी को खड़ा कर दिया और मूलचंद अग्रवाल से मिलने फैक्टरी के अंदर चले गए। वह कुछ देर बाद बाहर आए तो उनकी गाड़ी का शीशा टूटा मिला। गाड़ी के अंदर रखा उनका नकदी से भरा बैग चोरी मिला। बैग में साढ़े पांच लाख रुपये थे। उन्होंने आसपास पता किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। मामले के लेकर संबंधित थाना पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद राई थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। जांच अधिकारी एचसी सुधीर ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# हजारों रुपये की राशि व मोबाइल फोन सहित सामान से भरा बैग चोरी

**सोनीपत: दिल्ली-अंबाला** रेलमार्ग पर हिमालयन एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री का हजारों रुपये की राशि व मोबाइल फोन सहित सामान से भरे बैग के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शिकायत दी। जहां से वारदात स्थल सोनीपत का होने के चलते जीआरपी सोनीपत ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मालवीय नगर न्यू दिल्ली निवासी राधे मोहन गुप्ता ने बताया कि वह गत 15 जनवरी को हिमाचल एक्सप्रेस में केबिन ए कोच एचए वन में सफर कर रहा था।

# बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की बैठक भाजपा कार्यालय में हुई संपन्न

**सक्रिय भूमिका**

▶▶ बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने लोकसभा चुनाव में और विधानसभा चुनाव में बहुत ही सक्रिय भूमिका निभाई है



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिला कुरुक्षेत्र की बैठक भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, सेक्टर 8 में संपन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से दो विषयों के बारे में चर्चा हुई। पहले कुरुक्षेत्र नगर परिषद के चुनाव को लेकर बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाना और दूसरा 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मानना। बैठक में डॉ ऋषिपाल मथाना का मार्गदर्शन मिला, डॉ मथाना ने कहा जैसे बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने लोकसभा चुनाव में और विधानसभा चुनाव में बहुत ही सक्रिय भूमिका निभाई है और देश में और प्रदेश में दोनों जगह तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, उसी प्रकार बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ कुरुक्षेत्र नगर परिषद में भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए यहां भी ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का काम करेगी। डॉक्टर ऋषिपाल मथाना ने बताया कि बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता घर-घर संपर्क करेंगे और सरकार की नीतियों का प्रचार प्रसार करेंगे और जैसे ही केंद्रीय नेतृत्व जल्दी ही उम्मीदवार की घोषणा कर देगा डॉ मथाना ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए कमल का फूल ही हमारा उम्मीदवार होता है, पार्टी के कार्यकर्ता की शान कमल का फूल है, पार्टी के कार्यकर्ता की पहचान कमल का फूल है इसलिए कमल के फूल को ध्यान में रखते हुए बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ घर-घर संपर्क करेगी इस अवसर पर बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिला संयोजक डॉक्टर चांद दत्ता, जिला सह संयोजक बी एल अरोड़ा डॉक्टर रामपाल, प्रेम सिंह महला, महेंद्र मेहता, डॉक्टर मीत मोहन, धीरज गोयल एडवोकेट, नितिन गुलाटी एडवोकेट, शेर सिंह नरवाल, महेंद्र सैनी, अशोक सैनी, सुरेंद्र गर्ग, ऋषि प्रकाश गुप्ता इत्यादि कार्यकर्ता मीटिंग में उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र की हुई बैठक में कार्यकारिणी का किया विस्तार



**जिम्मेदारी**

▶▶ वरिष्ठ संरक्षक सुधीर ढांडा, संरक्षक राजेश राज, वरिष्ठ उपप्रधान सुखदेव गजलाना, अमित शर्मा, जीपीएस रहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक राजकीय माध्यमिक विद्यालय रतगल में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र टंडन जिला प्रधान कुरुक्षेत्र द्वारा की गई मीटिंग का मुख्य एजेंडा लंबे समय से लंबित जिला कार्यकारिणी के विस्तार के कार्य को पूर्ण करना रहा जिसमें प्रत्येक खंड से कार्यकारिणी के सदस्य व संगठन के जागरूक कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रारंभ में थानेसर प्रधान नरेश फूल ने मीटिंग को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने की अपील की। पिहोवा प्रधान राजेंद्र जांगड़ा ने कार्यकारिणी विस्तार के लिए साथियों का अनुमोदन किया और संगठन की तरफ से बनाए गए मुख्य पर्यवेक्षक नरेश नायर व सतीश भारद्वाज ने संगठन विस्तार की कार्यवाही को आगे बढ़ाया। लाडवा प्रधान अमन पाल ने लाडवा खंड की तरफ से संगठन को मजबूत करने के लिए बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का आश्वासन दिया और संगठन में खंड की तरफ से तीन नाम भी अनुमोदित किए। संगठन विस्तार में जिला प्रधान राजेंद्र टंडन महासचिव, संदीप चौहान और जिला कोषाध्यक्ष सतीश भारद्वाज के साथ कार्यकारिणी विस्तार करते हुए वरिष्ठ संरक्षक सुधीर ढांडा, संरक्षक राजेश राज, वरिष्ठ उपप्रधान सुखदेव गजलाना, शाहाबाद खंड से जिला उपप्रधान अमित शर्मा, जीपीएस बडाम, पिहोवा से जिला उपप्रधान रमेश रंगा जीपीएस चनालहेडी, लाडवा से जिला उपप्रधान श्रीमती पूजा सैनी, जीपीएस बन, थानेसर से जिला उप प्रधान रमेश महला, जीपीएस धुराली, सह सचिव सुरेश मुकीमपुर, ऑडिटर नरेंद्र प्रकाश, सह ऑडिटर राव वीरेंद्र, संगठन सचिव श्री गुरमेल सैनी जीपीएस रावलहेड़ी, प्रेस प्रवक्ता मनोज जीपीएस खानपुर रोडान के अलावा सतबीर, अशोक सैनी, राम कुमार, वीरेंद्र, परवीन, धर्मवीर, नरेश नय्यर, रणजीत, संजीव, मंगल, राजेश, जिले सिंह, सतीश, रविन्द्र, अजय, ओम सिंह, राजेश नरवाल, प्रदीप गुप्ता आदि अनेकों साथी मौजूद रहे।

# चचेरे भाई की हत्या करने के दोषी को उम्रकैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** सदर गोहाना थाना क्षेत्र के गांव सरगथल में चचेरे भाई की हत्या करने के दोषी को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष चंद्र सरोए की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर एक लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। गांव सरगथल निवासी शमशेर ने 5 जून, 2020 को सदर गोहाना थाना पुलिस शिकायत देकर बताया कि उनके भाई सुभाष सुबह करीब छह बजे घर के गेट पर खड़े थे। इसी दौरान उनका चचेरा भाई मोहित घर के बाहर आया था और सुभाष पर चाकू से ताबड़तोड़ पांच वार कर भाग गया था। शमशेर ने बताया था कि घटना के समय वह छत पर खड़े थे। जब उन्होंने मोहित को सुभाष पर चाकू से वार करते देखा तो शोर मचा दिया था। वह अपने भाई को लेकर खानपुर कलां स्थित बीपीएस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पहुंचे थे। जहां चिकित्सक ने उनके भाई को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में तत्कालीन एसआई महावीर सिंह की टीम ने आरोपित मोहित को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपित ने पुलिस को बताया था कि वह जौली रोड पर खेतों के रास्ते में पुलिया पर बैठा था। तब सुभाष वहां से गुजरने लगा तो वह उसे घूरकर देख रहा था। उसके मना करने पर उसकी सुभाष के साथ कहासुनी हो गई थी। उस समय आसपास के लोगों ने बीच-बचाव करा दिया था। इसी के चलते उसने वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने उसे चाकू बरामद करने के बाद उसे अदालत में पेश किया था। जहां उसे जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई के बाद एएसजे सुभाष चंद्र सरोए ने आरोपित सुभाष को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को उम्रकैद व एक लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है।

# विद्यार्थी ट्रैफिक नियमों की करें अनुपालना : अजय कुमार

## साइबर फ्राड, डिजिटल अरेस्ट तथा ट्रैफिक नियमों बारे किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** गुरुनानक खालसा कॉलेज में लीगल सैल, युवा रेडक्रास तथा रोड सेफ्टी क्लब के सौजन्य से विद्यार्थी-जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस से कोर्डिनेटर अजय कुमार ने मुख्य रूप से शिरकत की।

अजय कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर फ्राड, डिजिटल अरेस्ट तथा ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आजकल साइबर अपराधी विभिन्न प्रकार से लोगों को ठगने के तरीके अपना रहे हैं। ऐसे में सभी को अत्यंत जागरूक होना जरूरी है। आज वीडियो कॉल के माध्यम से लोगों को डिजिटल



अरेस्ट करके अपराधी आपकी जमा पूंजी को साफ कर देते हैं। उन्होंने ने बताया कि किसी के बहकावे में न आएं और किसी से डरने की जरूरत नहीं है, लेकिन सचेत रहना जरूरी है।

उन्होंने बताया कि सभी विद्यार्थी ट्रैफिक नियमों की अनुपालना करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हैलमैट का प्रयोग करें और चौपहिया वाहन चलाते समय सीट-बैल्ट का प्रयोग करें। कभी भी लालबत्ती को पार ना करें और ड्राइविंग करते समय धर्य का प्रयोग करें। लीगल सैल के इंचार्ज डॉ. बीर सिंह ने बताया कि सबसे ज्यादा फ्रॉड का शिकार शिक्षित लोग ही हो रहे हैं, इसलिए सभी

**जागरूक किया**

समय-समय पर विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं

सावधान रहें। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. शशि मदान ने कहा कि हमारे विद्यार्थी अनुशासित हैं और समय-समय पर विद्यार्थियों को जागरुक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इस अवसर पर प्रो. मनीष, डा. कृष्ण राम, प्रो. मनप्रीत कौर, प्रो. रीना, प्रो. सोनिया, प्रो. गुरप्रीत व भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विधायक जगमोहन आनंद ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से की मुलाकात

**चर्चा की**

लोगों की जो भी समस्याएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का शत प्रतिशत प्रयास किया जाएगा



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने बुधवार को चण्डीगढ में मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने करनाल विधानसभा से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की तथा मुख्यमंत्री को विश्वास दिलाया कि करनाल से भाजपा का भारी बहुमत से मेयर बनेगा तथा करनाल के सभी 20 वार्डों में भाजपा के निगम पार्षद बनेंगे। विधायक जगमोहन आनंद ने मुलाकात के बाद बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से करनाल विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों एवं करनाल के विकास को लेकर योजनाओं बारे विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल की जनता से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है तथा विकास कार्यों में पहले की ही तरह किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी, बल्कि ओर तेज गति से विकास कार्य आगे बढ़ाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि करनाल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 100 दिन के कार्यकाल में हर वर्ग के लिए, जन-कल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाने का काम किया गया है। प्रदेश सरकार जनता के कार्यों के लिए नॉन स्टोप विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिन उम्मीदों के साथ लोगों ने उन्हें वोट देकर हरियाणा विधानसभा भेजा है, उनकी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा। लोगों की जो भी समस्याएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का शत प्रतिशत प्रयास किया जाएगा।

# गगसीना के विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार का अभ्यास



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के तहत जिले के गांव गगसीना के सरकारी कन्या हाई स्कूल में योग सहायक सुमन संधू व विपिन ग्रोवर ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। उन्होंने सूर्य नमस्कार के 12 आसनों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही सूर्य नमस्कार से होने वाले लाभों के बारे में छात्राओं को बताया गया। साथ ही उन्हें रोजाना सूर्य नमस्कार का अभ्यास करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार से शरीर सुडौल सुंदर बनता है । सुमन संधू व विपिन ग्रोवर ने बताया कि सूर्य नमस्कार से संपूर्ण शरीर को आरोग्य शक्ति व ऊर्जा प्राप्त होती है। इससे शरीर के सभी अंगों में क्रियाशीलताआती है। यह एक संपूर्ण व्यायाम है। सूर्य नमस्कार से शरीर के सभी अंग बलिष्ठ एवं

**प्रकाश डाला**

सूर्य नमस्कार के 12 आसनों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। लाभों के बारे में छात्राओं को बताया गया

निरोगी होते हैं। पाचन मंत्र बेहद होता है, पेट कम होता है, मासिक धर्म नियमित होता है और रीढ़ मजबूत बनती है। इसका प्रतिदिन अभ्यास करने से हृदय एवं फेफड़े भी स्वस्थ रहते हैं तथा शरीर में लचीलापन आता है। सूर्य नमस्कार से रक्त का संचार सुचारू रूप से होता है। इससे शरीर के अंग मजबूत बनते हैं। रोजाना कम से कम सूर्य नमस्कार का अभ्यास 15 से 30 बार करना चाहिए।

सुमन संधू ने बताया कि सूर्य नमस्कार से पहले खुद को वार्म अप करना चाहिये।

# अमेरिका से डिपोर्ट हुए लोगों में 7 करनाल के

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** अमेरिका से डिपोर्ट हरियाणा के 33 लोगों में 7 लोग करनाल जिले के विभिन्न गांवों से है। ये वे लोग हैं, जिन्होंने अपने घर की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए डंकी रास्ते अमेरिका जाकर पैसा कमाने का रास्ता चुना। घर गिरवी रखा, जमीन बेची और कर्ज उठाया। कभी जहाज, कभी जंगल, कभी पानी से होते हुए और बॉर्डरों पर बैठे निगाहबानों की गोलियों से बचते हुए अमेरिका तक पहुंचे।

परिजन अपने बच्चों व परिवार के सदस्य रिसीव करने के लिए अमृतसर गए हुए हैं। आज दोपहर दो बजे यूएस मिलिट्री का सी-17

**जमीन बेचीं**

जमीन बेची और कर्ज उठाया। कभी जहाज, कभी जंगल, कभी पानी से होते हुए अमेरिका तक पहुंचे

विमान अमृतसर एयरपोर्ट पर उतर चुका है। विमान को पैसेंजर टर्मिनल के बजाय एयरफोर्स के एयरबेस पर उतारा गया है। अब इनकी वैरिफिकेशन की जा रही है। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए लोगों लोगों की सूची में करनाल जिले के भी 7 लोग शामिल बताए जा रहे हैं, चूंकि लिस्ट में सिर्फ नाम, उम्र और गांव या शहर ही लिखा गया



है। लिस्ट में न तो जिला दिया गया है और न ही तहसील या थाना एरिया का जिक्र किया गया है। ऐसे में इस बात को लेकर भी कन्फ्यूजन बना है कि यह गांव करनाल जिले का ही है या फिर किसी अन्य जिले का। क्योंकि जिला या तहसील के अंदर एक ही नाम के दो या दो से अधिक गांव भी है। फिलहाल लिस्ट के मुताबिक इसमें 14 व 15 साल के दो बच्चे भी हैं, जिसमें एक लडका और दूसरी लडकी है। सरनेम से तो यह प्रतीत हो रहा है कि ये दोनों भाई बहन हो सकते हैं। घरौंडा के गांव कालरों का आकाश 26 जनवरी को अमेरिका में पहुंच गया था। कालरों के सरपंच दीपेंद्र उर्फ अन्नू ने बताया है कि आकाश हमारे परिवार से ही है और परिवार की स्थिति ठीक नहीं थी। इसलिए वह अपनी जमीन बेचकर और करीब 40 लाख का कर्ज लेकर अमेरिका गया था। वह तीन महीने पहले घर से अमेरिका के लिए निकला था और 26 जनवरी को अमेरिका पहुंचा था।

# राजावास सतनाली हत्या के मामले में तीन गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़ ।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। दिनांक 30 जनवरी को सतनाली के राजावास क्षेत्र में आरोपितों ने आपसी रंजिश के चलते एक युवक की हत्या कर दी थी और दो युवकों को घायल कर दिया था। मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदया ने कनीना डीएसपी के नेतृत्व में टीमों का गठन किया और आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। मामले में जांच कर रही टीमों के द्वारा तीन आरोपितों को जेरपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है, आरोपितों की पहचान अजय वासी राजावास, घनश्याम वासी पहाड़वास व अजय वासी राजावास के रूप में हुई। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। शिकायतकर्ता महेन्द्र सिंह वासी राजाबास ने थाना सतनाली में दी शिकायत में बताया कि दिनांक 30/01/2025 को शाम के समय करीब 8.30 बजे वह अपने घर पर था तो उस समय बाहर गली की तरफ से गोली चलने की आवाज सुनाई दी।

# करनाल नगर निगम, इंद्री और नीलोखेड़ी नगरपालिका चुनाव दो को, अधिसूचना जारी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि करनाल नगर निगम, इंद्री और नीलोखेड़ी नगरपालिका चुनाव के लिये मतदान 2 मार्च को होगा। इसी दिन असंध नगरपालिका चेयरमैन पद के लिये और तरावड़ी नगर पालिका के वार्ड-5 का उपचुनाव कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित निकाय क्षेत्रों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है।

उपायुक्त के अनुसार निकाय चुनाव के लिए संबंधित आरओ की तरफ से आज अधिसूचना जारी कर दी गई है। चुनाव लड़ने के इच्छुक 11 से 17 फरवरी तक राजपत्रित अवकाश को छोड़कर सभी कार्य दिवसों में नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इसके बाद 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों, मतदान केन्द्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। दो मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने पर 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन नतीजे घोषित किये जाएंगे।

उपायुक्त ने बताया कि मेयर पद के सामान्य वर्ग के पुरुष के लिए 10वीं, महिला, एससी महिला एवं अनुसूचित जाति के पुरुष के लिए आठवीं कक्षा पास होना जरूरी है।

# अवैध देसी पिस्तौल व चार जिंदा रौंद सहित आरोपी को गिरफ्तार कर

**जागरूक किया**

~~सेवा आश्रम योजना के तहत अकेले रह-रहे बुजुर्गों की सेवा आश्रमों में की जाएगी रहने की व्यवस्था~~



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने थाना समालखा क्षेत्र में एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल व चार जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर असला सप्लायर को भी काबू करने में कामयाबी हासिल की। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियारों की तस्करी पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत मंगलवार को एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की एक टीम गश्त के दौरान समालखा में भापरा रोड पर मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की रितिक निवासी शिमला गुजराना अवैध हथियार लेकर समालखा से भापरा रोड की तरफ पैदल आ रहा है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात संदिग्ध किस्म का एक युवक सामने से पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान रितिक पुत्र सुशील निवासी शिमला गुजरान के रूप में बताई। पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद आमजन के सामने युवक की तलाशी ली तो उसकी पहनी हुई पेंट की जेब से एक देसी पिस्तौल 32 बौर बरामद हुआ। बरामद पिस्तौल की मैग्जीन निकालकर जांच की तो 4 जिंदा रौंद मिले। देसी पिस्तौल का लाईसेंस व परमिट मांगने आरोपी कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका।

प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सारोहा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी रितिक ने दोस्तों में रोब दिखाने के लिए उक्त देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद करीब 10 दिन पहले साहुल निवासी राज नगर से 30 हजार रूपए में खरीदने बारे

# अंबेडकर प्रतिमा पर हमले को लेकर सशक्त भीम समाज ने जताया विरोध

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** अमृतसर में गणतंत्र दिवस के दिन बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने की घटना को लेकर करनाल में भी आक्रोश देखने को मिला। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सशक्त भीम समाज ने जिला उपायुक्त कार्यालय में प्रधानमंत्री और हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज के लोगों ने प्रशासन से मांग की कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हो, इसके लिए कदम उठाए जाएं। जिला अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि अमृतसर में 26



जनवरी को एक युवक ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर हमला कर उसे खंडित कर दिया। युवक पहले प्रतिमा के पास रखी सीढ़ी पर चढ़ा और फिर हथौड़े से लगातार 8 वार किए, जिससे प्रतिमा खंडित हो गई। संविधान की मूर्ति को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, जो बेहद निंदनीय है। घटना से पूरे देश में रोष व्याप्त है और समाज

**निंदनीय**

इस तरह की घटनाएं सिर्फ एक वर्ग विशेष का नहीं, बल्कि पूरे समाज और संविधान का अपमान हैं।

में आक्रोश है। संजय कुमार ने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लेने की जरूरत है, क्योंकि जब भी इस तरह की घटना घटित होती है तो इसका असर अन्य स्थानों पर भी दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अब तक सिर्फ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, लेकिन यह घटना किसी अकेले व्यक्ति का काम नहीं हो सकती। इसमें शामिल अन्य लोगों की भी जांच होनी चाहिए और उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से सशक्त भीम समाज ने प्रशासन से मांग की कि बाबा साहेब की प्रतिमा के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और वहां सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके और समाज में किसी तरह का तनाव न फैले। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं सिर्फ एक वर्ग विशेष का नहीं, बल्कि पूरे समाज और संविधान का अपमान हैं।

# कोर्ट की पार्किंग से ऑल्टो कार चोरी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला कोर्ट के बाहर वकीलों की पार्किंग में खड़ी एक ऑल्टो कार चोरी हो गई, जिसमें डेढ़ लाख रुपए नकद और जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। यह वारदात उस समय हुई, जब कार मालिक सुनील कुमार अपने भाई के साथ कोर्ट में पेशी के लिए गया हुआ था। जब वह बाहर लौटा तो उनकी गाड़ी नहीं मिला। काफी तलाश करने के बावजूद जब कार नहीं मिली तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला के गांव दरड़ के पीड़ित किसान सुनील कुमार अपने भाई सत्यजीत और संग्राम के साथ कोर्ट में एक केस की तारीख पर



आए थे। उनकी ऑल्टो कार जिला कोर्ट की वकील पार्किंग में खड़ी थी। कार में डेढ़ लाख रुपए नकद और जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। जब कोर्ट की तारीख खत्म हुई और वे बाहर आए तो देखा कि उनकी गाड़ी वहां नहीं थी। गाड़ी न दिखने पर सुनील कुमार और उनके भाइयों ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 112 पर कॉल कर घटना की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# छात्राओं को महिला विरूद्ध अपराध के प्रति किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व छात्राओं को महिला विरूध अपराध की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। थाना मतलौडा प्रभारी ट्रेनिज डीएसपी ज्योति ने इसी कड़ी में मंगलवार को अपनी टीम के साथ मतलौडा स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं को महिला विरूध अपराध, दुर्गा शक्ति एप, महिला हेल्प लाइन नंबर 1091 व कानून के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। प्रभारी ट्रेनिज डीएसपी ज्योति ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि



छात्राए व महिलाएं किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न को सहन न करें। कॉलेज आते जाते कोई उनका पीछा करता है या रास्ता रोकने की कोशिश करता है तो तुरंत इसकी सूचना दुर्गा शक्ति एप या डॉयल 112 के माध्यम से पुलिस को दे। आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पानीपत पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए 24 घंटे तत्पर है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक

**अवगत कराया**

महिला हेल्प लाइन नंबर 1091 व कानून के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया

श्री लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा जिला में महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे है। महिला थाना की टीम प्रतिदिन कॉलोनियों, स्कूल, कॉलेज व फेक्ट्रियों में जाकर महिलाओं व छात्राओं को महिला विरूध अपराध के बारे सजग कर व जानकारी देकर जागरूक कर रही है। इसके साथ ही दुर्गा शक्ति की टीम स्कूल,कॉलेज व हॉट स्पॉट स्थानों पर निरंतर गश्त कर शरारती व असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है। शहर में हॉट स्पॉट प्वाइंट चिन्हित कर वहा पुलिस गश्त बढाने के साथ सिविल पोशाक में भी पुलिककर्मियों को तैनात किया गया है।

**मोबाइल में दुर्गा शक्ति एप इंस्टॉल करवाया**

इस दौरान छात्राओं के मोबाइल में दुर्गा शक्ति एप इंस्टॉल करवाकर ऑपरेट करने बारे बताया गया। इस एप की विशेष बात यह है कि इस एप पर रजिस्ट्रेशन के बाद पूरे प्रदेश में महिला कहीं भी यदि अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है तो इसमें दिए गए लाल बटन का प्रयोग कीजिए।

## संपादकीय

# दूर हटो ऐ दुनिया वालों हिन्दुस्तान हमारा है...

**भारतीय** स्वाधीनता संग्राम में करोड़ों प्राणों के बलिदान हुए । ये बलिदान साधारण नहीं थे । पर इन बलिदानों के लिये आह्वान करने वाले शब्द साधकों की भी एक धारा रही है जिन्होंने अपने शब्दों की शैली और गीतों के माध्यम से राष्ट्र जागरण का अभियान छेड़ा। यह अभियान स्वतंत्रता के पहले भी चला और स्वतंत्रता के बाद भी । अपनी रचनाओं से राष्ट्र जागरण करने वाले ऐसे ही कालजयी रचनाकार हैं कवि प्रदीप। उन्होंने जीवन भर अपने ओजस्वी गीतों से पूरे राष्ट्र चेतना की अलख जगाई। स्वतंत्रता के पूर्व यदि उनके गीतों में संघर्ष के लिए आह्वान था तो स्वाधीनता के बाद राष्ट्र निर्माण की उत्प्रेरणा । स्वाधीनता के पूर्व- "दूर हटो ऐ दुनिया वालो ये हिन्दुस्तान हमारा है... और स्वतंत्रता के बाद-"ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी..." जैसे अमर गीत के रचयिता कवि प्रदीप ही हैं । वे दुनियां के उन विरले गीतकारों में से हैं जिनका हर गीत लोकप्रिय हुआ । उन्होंने दो हजार से अधिक गीत लिखे। इनमें लगभग 1700 गीत फिल्मों में आए । और राष्ट्र भक्ति के ही 100 से अधिक गीत हर देशवासी की जुबान पर चढ़ गए । ऐसे अमर गीतों के गीतकार कवि प्रदीप का जन्म 06 फरवरी 1915 को मध्यप्रदेश में उज्जैन जिले के बड़नगर में हुआ। उनके पिता रामचंद्र द्विवेदी आर्य समाज से जुड़े थे । घर में राष्ट्रसेवा सांस्कृतिक गरिमा का वातावरण था। इसलिए प्रदीप जी मन और विचार से बचपन से राष्ट्र और संस्कृति चेतना से भरे थे । उनकी प्रारंम्भिक शिक्षा बड़नगर में और उच्चशिक्षा लखनऊ में हुई।

कविता लिखने का शौक उन्हें बचपन से था । वे एक दृश्य देखकर अथवा कोई प्रसंग सुनकर बहुत प्रभावी गीत या कविता रच देते थे। वह इस वजह से लखनऊ विश्वविद्यालय में लोकप्रिय हो गए । पढ़ाई के दौरान ही उनकी भेंट उस समय के एक प्रखर और प्रभावशाली कवि गिरिजा शंकर दीक्षित से हुई। दीक्षित जी अपने समय में कवि सम्मेलनों के लोकप्रिय कवि और उनके शिक्षक भी थे । उनके मार्गदर्शन में गीत जीवन की यात्रा आरंभ हुई । प्रदीप जी ने 1939 में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर शिक्षक बनने की तैयारी शुरू की पर गीत रचना निरन्तर जारी रही । उनके शिक्षक दीक्षित जी के पिता बलभद्र प्रसाद जी भी अपने समय के लोकप्रिय गीतकार थे। और उनके कुछ गीत फिल्मों में आए थे । वे प्रदीप जी के गीतों से बहुत प्रभावित थे। उन्हीं दिनों प्रदीप जी ने "चल चल रे नौजवान..." एक गीत लिखा। दीक्षित जी ने यह गीत मुम्बई भेज दिया । यह गीत एक फिल्म "नौजवान" में आ गया । फिल्म लोकप्रिय हुई और गीत भी । यह फिल्म 1940 में रिलीज हुई थी । इस गीत के साथ प्रदीप जी रातों-रात पूरे देश में लोकप्रिय हो गए । 1942 में उनका दूसरा गीत मानों "भारत छोड़ो आंदोलन" का एक मंत्र बन गया । यह गीत था- "आज हिमालय की चोटी से फिर हमने ललकारा है... "। यह गीत समाज का आह्वान करने वाला था। यह आंदोलन के दौरान हर गली चौराहे पर गाया गया । 1944 में उनके एक और गीत "दूर हटो ऐ दुनिया वालो, ये हिन्दुस्तान हमारा है..." ने फिर पूरे देश में तहलका मचा दिया । अंग्रेजी सरकार ने उनके गीतों को भड़काने वाला माना और गिरफ्तारी वारंट जारी हो गया । कवि प्रदीप गिरफ्तारी से बचने के लिए भूमिगत हो गए।

# किताबों और अखबारों को बनाइए अपना साथी

**-डॉ सत्यवान सौरभ**

> "अखबारों में राजनीति, विज्ञान, तकनीक, कला और संस्कृति सहित कई विषयों पर लेख प्रकाशित होते हैं, साथ ही जाने-माने लेखकों और विषय विशेषज्ञों के लेख भी होते हैं। नियमित रूप से पढ़ने वाले बच्चों को नया ज्ञान प्राप्त करने का मौका मिलता है।
> ज्ञान की कमी के कारण आपको कई स्थितियों में चुप रहना पड़ता है। आप स्पष्ट रूप से बोलने में असमर्थ होते हैं या ऐसा करने में बहुत शर्म महसूस करते हैं। पढ़ने से ज्ञान और जानकारी बढ़ती है। जिसके आधार पर आप किसी भी विषय पर कहीं भी, किसी से भी चर्चा कर सकते हैं। किताबें पढ़ने से बोलने और संवाद करने का आत्मविश्वास बढ़ता है। कहा जाता है कि अच्छा लिखना, अच्छे बोलने से ही संभव होता है। किताबें पढ़ने से आप उन विचारों और रणनीतियों के बीच सम्बंध बनाना शुरू कर देते हैं"

**विडंबना** यह है कि बहुत से माता-पिता भी यही मानते हैं कि चुटकुले, मनोरंजन, रील बनाना और जो चाहे खाना, ये सब जीवन में खुशी और आनंद की कुंजी हैं। इस उपभोक्तावादी मानसिकता के परिणामस्वरूप युवाओं का ज्ञान और मूल्यों का अधिग्रहण लगभग बंद हो गया है। हालाँकि, चूँकि घरों में अखबार, पत्रिकाएँ या किताबें नहीं हैं, इसलिए युवाओं को ही दोष देना अनुचित है। अगर कोई किताब, अखबार या पत्रिका है, तो बच्चा कम से कम तस्वीर तो देखेगा और आश्चर्य करना शुरू कर देगा। अब ऐसा भी नहीं है। अगर माता-पिता प्रमुख पत्रिकाओं और अखबारों के नामों की भी परवाह नहीं करते हैं, तो इसमें युवाओं का क्या दोष है? जब तक माता-पिता ध्यान नहीं करेंगे, तब तक यह समस्या हल नहीं होगी। चूँकि अधिकांश माता-पिता खुद कुछ नहीं पढ़ते हैं, तो वे क्या और किससे बात करेंगे? युवा लोगों में इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से किताबों में दिलचस्पी कम होती जा रही है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की वजह से युवा भारतीयों की पढ़ने की आदत में तेजी से बदलाव आ रहा है। स्मार्टफोन और लगभग मुफ्त इंटरनेट सेवाओं के प्रसार ने आदत बदलने की इस प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। इंस्टेंट मैगी युवा पीढ़ी का हिस्सा है। नतीजतन वे अपने जीवन को मैनेज करने के लिए गूगल का इस्तेमाल करते हैं। मेहनत, धैर्य और लगन से काम करके पुरानी पीढ़ी, जो कभी किताबें पढ़ती थी, अपने जीवन को मकसद देती थी। किताबें समस्या-समाधान के लिए बहुत जरूरी थीं, खासकर आत्मकथाएँ। पहले माता-पिता भी किताबें पढ़ने का सुझाव देते थे। अगर आप अभी किताबें और अखबार नहीं पढ़ते हैं तो आज से ही पढ़ने की आदत डालें। आप शायद किताबें पढ़ने के इतने फायदों से वाकि फ नहीं हैं। आजकल, जब युवा पीढ़ी सुबह उठती है, तो वे समाचार पत्र पढ़ने के बजाय सोशल मीडिया साइट्स ब्राउज करने के लिए अपने स्मार्टफोन का उपयोग करना शुरू कर देते हैं। कोई भी टीवी शो कितना भी लोकप्रिय क्यों न हो, अब परिवार उसे देखने के लिए एक साथ इकट्ठा नहीं होता है जैसा कि वे पहले करते थे। इसके बजाय, वे अपने फोन पर सोशल मीडिया



ऐप के साथ खुद को व्यस्त रखना जारी रखते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, डिजिटल उद्योग में और भी क्रांति आएगी। नतीजतन, जीवन और पढ़ने-लिखने की आदतों में बदलाव आए हैं, और आगे भी आयेंगे। किताबें मनुष्य का सबसे अच्छा दोस्त माना जाता है। हालाँकि, आज की व्यस्त दुनिया में बहुत कम लोग हैं जो किताबें पढ़ते हैं। किताबें पढ़ना वास्तव में एक ऐसी आदत नहीं है जिसे मनोरंजन से जोड़ा जाना चाहिए। इसके बजाय, आपको इसे अपने दैनिक कार्यक्रम में शामिल करना चाहिए। यह देखते हुए कि किताबें लोगों को खुश करती हैं। जब पूछा जाता है कि उन्होंने आखिरी बार कब किताब पढ़ी थी, तो अधिकांश लोग हैरान दिखेंगे। स्कूल और कॉलेज में नामांकित छात्रों के अलावा, यह सवाल कामकाजी युवाओं द्वारा भी पूछा जाता है जो स्नातक होने के बाद अपने भविष्य को निर्धारित करने में सक्रिय रूप से शामिल होते हैं। आज की व्यस्त दुनिया में, लोग पढ़ने से परहेज कर रहे हैं। दुनिया के हर सफल और प्रशंसनीय व्यक्ति को किताबें पढ़ने की आदत होती है। किताबें इंसान की सबसे अच्छी दोस्त मानी जाती हैं। नियमित रूप से पढ़ना न केवल आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, बल्कि यह आपके ज्ञान को भी बढ़ाता है। यह जीवन और विचारों के प्रति व्यक्ति के दृष्टिकोण को भी बदलता है। इंटरनेट चाहे कितना भी लोकप्रिय क्यों न हो जाए, किताबें पढ़ना हमेशा सबसे अच्छा विकल्प रहेगा। किताबें पढ़ने के फायदों की बात करें तो वे बहुत हैं। जब आप कोई किताब पढ़ते हैं, तो आपका ध्यान एक क्षेत्र पर केंद्रित होता है। हर दिन पढ़ने की आदत से फोकस बेहतर होता है। किसी प्रोजेक्ट पर काम करने का मन भी करता है। अखबारों में राजनीति, विज्ञान, तकनीक, कला और संस्कृति सहित कई विषयों पर लेख प्रकाशित होते हैं, साथ ही जाने-माने लेखकों और विषय विशेषज्ञों के लेख भी होते हैं। नियमित रूप से पढ़ने वाले बच्चों को नया ज्ञान प्राप्त करने का मौका मिलता है।

ज्ञान की कमी के कारण आपको कई स्थितियों में चुप रहना पड़ता है। आप स्पष्ट रूप से बोलने में असमर्थ होते हैं या ऐसा करने में बहुत शर्म महसूस करते हैं। पढ़ने से ज्ञान और जानकारी बढ़ती है। जिसके आधार पर आप किसी भी विषय पर कहीं भी, किसी से भी चर्चा कर सकते हैं। किताबें पढ़ने से बोलने और संवाद करने का आत्मविश्वास बढ़ता है। कहा जाता है कि अच्छा लिखना, अच्छे बोलने से ही संभव होता है। किताबें पढ़ने से आप उन विचारों और रणनीतियों के बीच सम्बंध बनाना शुरू कर देते हैं, जिन पर वे चर्चा करते हैं अपने जीवन में। आप उन्हें उसी समय अपने जीवन में लागू करना शुरू कर देते हैं। आप किसी डरावनी या दुविधापूर्ण उपन्यास को पढ़ते ही उसके पात्रों और घटनाओं की कल्पना करना शुरू कर देते हैं। फिर आप उपन्यास को पूरा पढ़े बिना ही उसके अंत को समझने की कोशिश करने लगते हैं। वर्तमान पीढ़ी को समाचार पत्र पढ़ना सिखाना चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि वे या तो अपने उपकरणों से मोहित हो जाते हैं या फिर फिक्शन पढ़ना पसंद करते हैं। समाचार पत्रों में तथ्यात्मक प्रस्तुति उनमें से अधिकांश के लिए थकाऊ और थका देने वाली होती है। हालाँकि, आप कुछ नए विचारों को लागू करके समाचार पत्र पढ़ना अपने बच्चे के पसंदीदा शगल में से एक बना सकते हैं और एक बार जब वह आदत विकसित कर लेता है, तो यह जीवन भर बनी रहेगी। उपन्यास या कहानी की किताब पढ़ने के बाद आप उसके किरदार और सेटिंग को बहुत लंबे समय तक याद रख पाते हैं। रोजाना पढ़ने से आपकी याददाश्त और याददाश्त बेहतर होती है। हर दिन आपकी याददाश्त बेहतर होती जाती है। इस तरह दिमाग का विकास होता है। आपने शायद यह कहावत पढ़ी या सुनी होगी कि अगर आपको नींद नहीं आ रही है, तो सोने के लिए किताब पढ़ना शुरू कर दें। रात को सोने से पहले किताब पढ़ने से आपका दिमाग थका हुआ महसूस करता है और आपके दिमाग की नसों को आराम मिलता है, जिससे अच्छी नींद आती है। इसलिए, आराम से सोने के लिए हर दिन सोने से पहले पढ़ने की आदत डालें। एक इंसान की सच्ची दोस्त एक किताब होती है। वे आपके अकेलेपन से छुटकारा पाने में आपकी मदद करती हैं। जब भी आप बोर या अकेले हों, आपको पढ़ना चाहिए। नियमित रूप से पढ़ने से आपको नई ऊर्जा मिलती है। आपका मूड बदलता है और परिणामस्वरूप आप अधिक आराम महसूस करते हैं। यह जरूरी है कि युवा लोग समझें कि इंटरनेट मुख्य रूप से ज्ञान के बजाय सूचना के स्रोत के रूप में काम करता है। इसलिए, इसे केवल सूचना तक ही सीमित रखना चाहिए। इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के दृष्टिकोण अलग-अलग होते हैं और युवा लोगों के अकेलेपन को आसानी से महसूस किया जा सकता है। दूसरी ओर, किताबें युवाओं को अधिक कल्पनाशील बनने में मदद कर सकती हैं। यह पहले भी देखा गया था। यह संभव है कि पुरानी पीढ़ी वर्तमान पीढ़ी की तुलना में अधिक विनम्रता और नरमी से सोचती और व्यवहार करती थी। वास्तविक जीवन में, आभासी दुनिया से लगाव के कारण रिश्ते और संपर्क कम होते जा रहे हैं। यह एक नया जोखिम पैदा करता है। इसके अतिरिक्त, कुछ स्थानों पर चेतावनी के संकेत सामने आने लगे हैं। इस मामले में माता-पिता को ऐसा करना होगा।

## कविता

### राख हो क्या दहकते नहीं।

चल रही है हवा धड़कने नहीं
बुझी राख हो क्या दहकते नहीं।

पंछी कितने मासूम है वफाओं के
आजकल शहरों में चहकते नहीं।

है गुलाबी सा मिलन विरह काला
प्यार के रंग कभी बदलते नहीं।

नाजुकी भी आज सिरे से गायब है
फूल कागज के कभी महकते नहीं।

सुंदर कलियों फूलों का उपवन है
फिर भी परिंदे यहां चहकते नहीं।

न जाने संजीव ये कैसी सदी है
इश्क में रहकर दिल धड़कते नहीं।

संजीव
---------

## एक आम बजट की तीन -तीन आहटें

**राकेश अचल**

**ये महाकुम्भ काल है।** पूरा देश या तो संगम में डुबकियां लगा रहा है या बजट में। बजट यानि आम बजट। मैंने जबसे होश सम्हला है तभी से संगम को भी देख रहा हूँ और आम बजट को भी ,लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है कि एक आम बजट आने से पहले जनता को राष्ट्रपति अभिभाषण के माध्यम से परोसा गया। दूसरा बजट खुद केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने निर्मल हृदय से पेश किया और वही बजट तीसरी बार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का उत्तर देते हुए पेश किया।प्रधानमंत्री जी का उत्तर संगीतमय श्रीमदभागवत कथा जैसा था। उनके हर वाक्य पर सत्तारूढ़ दल के सांसद मेजें बजा रहे थे। अब प्रधानमंत्री जी की पीठ तो कोई सीधे ठोंक नहीं सकता ,इसलिए मेजें बजाना ही पहला और अंतिम विकल्प बचता है। आप प्रधानमंत्री जी को संसद में बोलते देखिये या किसी समुद्र तट पर डोलते हुए देखिये। कुम्भ में डुबकी लगते हुए देखिये या किसी को झप्पी देते हुए देखिये ।

वे स्थितिप्रज्ञ दिखाई देते हैं। मैंने प्रधानमंत्री जी के भाषण से पहले लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के अलावा लगभग हर दल के सांसदों का भाषण सुना । सत्तापक्ष के भाषणों में स्तुतिगान स्वाभाविक था ,वे अपने प्रधानमंत्री या सरकार से कोई प्रश्न नहीं कर सकते थे,लेकिन विपक्ष के लगभग हर सदस्य ने सरकार से कोई न कोई सवाल किया। मजेदार और खास बात ये रही कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने किसी संसद के किसी सवाल का जबाब नहीं दिय। देते भी कैसे ? उन्होंने किसी को बोलते हुए तो प्रत्यक्ष रूप से सुना ही नहीं। केवल उन्हें अपने कक्ष में बैठकर सुना जिनसे सवालों के जबाब में सवाल करना थे। प्रधानमंत्री ने धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए पूरा का पूरा बजट दोहरा दिया ,लेकिन अपनी और से छोंक-बघार लगते हुए। मुझे हैरानी हुई कि धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए भी उनके सिर पर प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू,श्रीमती इंदिरा गाँधी ,राजीव गाँधी और प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी पूरी तरह ही नहीं बुरी तरह से सवार थे। ,माननीय प्रधानमंत्री जी ने 14 वीं बार संसद में धन्यवाद प्रस्ताव का उत्तर दिया है और हर बार अपने विरोधियों को निरुत्तर भी किया है कोई उत्तर न देकर। प्रधानमंत्री जी का भाषण उबाऊ नहीं था ,बड़ा रोचक था। उन्होंने कहा कि उन्होंने झूठे नारे नहीं ,बल्कि सच्चा विकास दिया। मोदी जे इस कथन पर मै तो नहीं लेकिन मेरे साथ ही टीवी पर मोदी जी को बोलते सुन और देख रही मेरी पत्नी अवश्य हंसी। देश में और भी लोग हैं जो मेरी पत्नी की तरह हँसे होंगे। प्रधानमंत्री जी के भाषण की खास बात ये रही कि उन्होंने महात्मा गाँधी के 'ट्रस्टीशिप ' के सिद्धांत की बात की।

## विचार

# महाकुंभ : सर चढ़कर बोली गंगा यमुनी तहजीब

**निर्मल रानी**

2025 का बहुप्रतीक्षित महाकुंभ समापन की ओर है। 26 फरवरी अर्थात महाशिवरात्रि को अंतिम शाही स्नान के साथ ही कुंभ मेले का समापन हो जायेगा। इस बार का महाकुंभ कई बातों को लेकर पूर्व में आयोजित हो चुके कुंभ,अर्द्धकुंभ अथवा महाकुंभों से अलग था। इस बार के विशाल आयोजन को हाई टेक बनाने की जैसी कोशिश इस बार हुई वह पहले कभी देखी नहीं गयी। संगम तट के किनारे अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिये टैंट के वी आई पी नगर बसाये गए। इनमें महाराज टेंट सिटी में एक कमरे का एक दिन का किराया औसतन ?30000 था जबकि डोम सिटी में किराया 1 लख रुपए के आसपास था। करीब 3000 स्पेशल ट्रेन और बड़े शहरों से विमान उड़ानों की सुविधा रखी गयी। इतने बड़े आयोजन में छोटे बड़े हादसों की संभावना भी बनी रहती है। महाकुंभ 2025 भी इससे अछूता नहीं रहा। सुरक्षा के तमाम प्रयासों के बावजूद कुंभ मेले में अग्निकांड व भगदड़ जैसी संभावित घटनाओं को आखिरकार नहीं टाला जा सका। परन्तु बड़े ही दुःख का विषय है कि इस बार का महाकुंभ जहाँ सत्ता के गुणगान व पी आर पर केंद्रित रहा वहीं इस बार इसमें भाग ले रहे अनेक प्रमुख लोगों ने इस पवित्र आयोजन को साम्प्रदायिकता फैलाने व समाज में जहर बोने का माध्यम बनाने की भी कोशिश की। खासतौर पर इस आयोजन के एक वर्ष पूर्व से ही कुछ नये नवेले विवादित कथावाचकों द्वारा कुछ स्वयंभू संतों के साथ यह राग छेड़ा गया कि कुंभ आयोजन में मुसलमानों का व्यवसाय करना प्रतिबंधित हो। कई लोगों ने तो मुसलमानों के मेला क्षेत्र में प्रवेश वर्जित करने तक की बात की। परन्तु सूर्यकांत त्रिपाठी निराला,मोतीलाल,जवाहरलाल नेहरू,अकबर इलाहाबादी, हरिवंश राय बच्चन, सुभद्रा कुमारी चौहान, सुमित्रानंदन पंत, हरिप्रसाद चौरसिया,फिराक गोरखपुरी व महादेवी वर्मा जैसी अनेक महान हस्तियों की जन्म व कर्मस्थली रही इस संगम नगरी को शायद यह हरगिज गवारा नहीं था कि दुनिया को प्रेम सद्भाव व साम्प्रदायिक एकता का पाठ पढ़ाने वाले तथा देश की गंगा यमुनी तहजीब का केंद्र समझे जाने वाले इस पवित्र प्रयागराज नगरी से साम्प्रदायिक दुर्भावना नफरत या वैमनस्य का कोई सन्देश जाये। महाकुंभ के दौरान सत्ता संरक्षित इन साम्प्रदायिकता वादियों ने देश की एकता व सद्भाव को छिन्न भिन्न करने के लिये क्या कुछ नहीं किया ? देश के अनेकानेक अतिवादी नेताओं व प्रवचन कताओं ने अपने भाषणों में जमकर धर्म विशेष के विरुद्ध विषवमन किया। हद तो यह है कि इस मेले में धारदार व नुकीले हथियार तक मुफ़्त बांटे गये। मीडिया व सोशल मीडिया पर तथा सत्ता के आई टी सेल द्वारा ऐसे नफरती क्लिप्स को जमकर प्रसारित किया गया। प्रयाग का मुसलमान भी बाहर से आने वाले नफरती चिंटुओं के नफरती भाषणों को सुनता व सहन करता रहा। परन्तु जब इसी महाकुंभ में 28 जनवरी की देर रात्रि लगभग डेढ़ बजे भगदड़ मची और उसके कुछ देर बाद कथित तौर पर संगम तट पर ही दूसरी जगह भगदड़ मची उसके पश्चात इलाहाबाद शहर ने जो भयावह दृश्य देखे वह कुंभ के इतिहास में पहले कभी नहीं देखे गये। देश से आये करोड़ों श्रद्धालु जब अनजान शहर की गलियों में व सड़कों पर असहाय अवस्था में भयंकर सर्द रात में भगदड़ की दहशत से परेशान होकर अपनी जान बचाने के लिये पनाह मांगते फिर रहे थे।जब वे भूख प्यास से तड़प रहे थे ,अपनी इज्जत आबरू जान माल बचाने की कोशिश में इधर उधर भटक रहे थे।

उस समय यही विश्वविख्यात महाकुंभ साम्प्रदायिक एकता व सद्भाव का अपना अलग इतिहास लिख रहा था। उस संकटकालीन दौर में सरकार की कोशिश थी कि मृतकों की संख्या को कम से कम कर बताया जाये। भगदड़ के शुरूआती घंटों की सरकारी कवायद इसी प्रबंधन में व्यस्त रही। जबकि 'सरकारी तोते' रुपी प्रवचनकर्ता यह कहते सुने गये कि भगदड़ में गंगा किनारे मरने वालों को मोक्ष प्राप्त हो गया। परन्तु उसी समय इलाहाबाद के मुसलमानों ने धरातल पर उतारकर वह कर दिखाया जिससे नफरत के सौदागरों की सारी कोशिशों पर पानी फिर गया।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बदलती जीवनशैली और ओबेसिटी (मोटापे) की समस्या !

**सुनील कुमार महला**

**पहले** की तुलना में आज मनुष्य की जीवनशैली में आमूलचूल परिवर्तन आए हैं। आज मनुष्य की जीवनशैली इतनी व्यस्त हो गई है कि मनुष्य के पास अपने स्वास्थ्य के लिए भी समय नहीं बचा है। कहा गया है 'स्वास्थय ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन है।' लेकिन आज मनुष्य अपने स्वास्थ्य का सही तरीके से ख्याल नहीं रख पा रहा है। घटते जंगलों के कारण बढ़ते प्रदूषण, औधोगिकीकरण के बीच आज मनुष्य को अनेक बीमारियां घेर रहीं हैं। न हवा शुद्ध रही है और न मिट्टी और जल। चहुंओर प्रदूषण का बोलबाला है, ऊपर से मनुष्य का एंड्रॉयड मोबाइल, लैपटॉप , इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट्स और अन्य इलेक्ट्रानिक संसाधनों पर अधिक समय बिताना, बाहर का खाना विशेषकर 'जंक फूड' और 'फास्ट फूड'पर निर्भरता, शहरों में देर रात सोना और सुबह देर से जागना, पारिवारिक अलगाव, एकाकीपन जैसी समस्याएं आज आम हो चुकीं हैं। इन कारणों से तनाव, अवसाद, चिड़चिड़ापन, उच्च रक्तचाप, मोटापा, हृदय की बीमारियां लोगों को घेर रही हैं।सच तो यह है कि आज मनुष्य की बदलती जीवनशैली के कारण देश में मोटापा तेजी से बढ़ रहा है, जिससे मधुमेह, उच्च रक्तचाप और दिल की बीमारियों का जोखिम बढ़ता है। अधिक वजन से फेफड़ों पर दबाव बढ़ता है, जिससे अस्थमा और नींद से जुड़ी बीमारियां हो सकती हैं, तो जोड़ों पर अधिक दबाव पड़ने से गठिया और ऑस्टियोआर्थराइटिस जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। मिलावट, अशुद्धता के इस दौर में, बदलती जीवनशैली के कारण मनुष्य के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इस क्रम में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन के दौरान यह बात कही थी कि देश में मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है, जो चिंता का विषय है। पाठकों को बताता चलूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह बात कही थी कि, 'खेल को भारत के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता है।' अपने संबोधन के दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब कोई देश खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करता है, तो उसकी प्रतिष्ठा और प्रोफाइल भी बढ़ती है।

## दिखावटी प्रेम

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**दुनिया** की सबसे बड़ी दिखावट प्रेम है, और यह दिखावटी प्रेम का खेल आजकल हर जगह देखने को मिल रहा है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आप जब भी घूमेंगे, आपको हर तरफ "सच्चे प्रेम" के बड़े-बड़े पोस्टर लगे हुए दिखेंगे। ऐसे-ऐसे जोड़ों की तस्वीरें आपको मिलेंगी, जो एक-दूसरे के लिए इतनी प्रेम भरी बातें कर रहे होते हैं कि यदि आप अपने एकांत में यह सब देख रहे हैं, तो आपको यकीन हो जाएगा कि वे दोनों किसी महाकवि के रचनाकाल में जी रहे हैं। लेकिन असलियत क्या है? असलियत यह है कि इस दिखावटी प्रेम के पीछे एक बड़ा बाजार छिपा है, जहां लोग एक-दूसरे को केवल दिखावे के लिए प्यार करते हैं। यह एक ऐसा प्रेम है, जो केवल लाइक्स, कमेंट्स और फॉलोवर्स के लिए जीता है। असली प्रेम तो वह है, जो बिना किसी प्रदर्शनी के अपने आप को साबित करता है। सोचिए, जब भी आप किसी कपल को पार्क में टहलते हुए या कैफे में बैठकर "प्यार" भरी बातें करते हुए देखते हैं, तो क्या कभी आपने यह सोचा है कि शायद वे दोनों अभी-अभी झगड़ कर आए हैं? या फिर वे अपनी प्रेम कहानी की अगली कड़ी लिखने के लिए यहां आए हैं, ताकि सबके सामने अपनी खुशहाल जिंदगी का दिखावा कर सकें? क्या कभी आपने सोचा है कि यह दिखावटी प्रेम उस समय कितना हास्यास्पद हो जाता है जब दोनों की असली बातें आपस में मिलती ही नहीं हैं। एक बार मैं एक कपल के साथ एक पार्टी में गया था। दोनों ने सबके सामने ऐसे झगड़े किए जैसे वे बॉलीवुड के किसी ड्रामे का हिस्सा हों। लेकिन जैसे ही कैमरा उनके ऊपर आया, वे एक-दूसरे के गले में बाहें डालकर मुस्कुराने लगे। उस दिन मुझे समझ में आया कि प्रेम का यह दिखावा अब एक कला बन गया है। दिखावटी प्रेम का एक और पहलू यह है कि लोग इसे अपनी पहचान बना लेते हैं। कोई भी व्यक्ति जो अपने प्रेम को केवल सोशल मीडिया पर दिखाता है, वह एक तरह से उस प्रेम को अपने जीवन का केंद्र बना लेता है।

## न्यूज फ्लैश

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहोली में सात दिवसीय एन एस एस शिविर का हुआ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहोली में सात दिवसीय एन एस एस शिविर का हुआ समापन।आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहोली में चल रहे सात दिवसीय एन एस एस शिविर का समापन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्या डॉ. श्रीमती सुदेश कुमारी ने एन एस।इस प्रभारी श्री नरेश कुमार व अन्य स्टाफ सदस्यों और स्वयंसेवकों संग सरस्वती वंदना के साथ की। स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में देशभक्ति से भरपूर रंगारंग प्रस्तुतियां दी। शिविर में जिला यातायात नियंत्रक व उपनिरीक्षक शेर सिंह ने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा पर रैली निकालकर यातायात नियमों पर जागरूक किया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो अप निरीक्षक डॉ. श्री अशोक वर्मा जी के सहयोग से विद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें 15 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। स्वास्थ्य विभाग से सीएचसी मथाना की और से विद्यार्थियों को हेल्थ और हाइजीन संबंधित जानकारी दी गई। शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा व्यापक तौर पर पौधारोपण भी किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या सुदेश कुमारी ने एन एस एस प्रभारी श्री नरेश कुमार व समस्त स्वयंसेवकों को शिविर के सफलतापूर्वक संचालन पर बधाई देते हुए एन एस एस के उद्देश्यों के बारे में जागरूक किया। अवसर पर प्रवक्ता मनोज वर्मा, अशोक, परवीन, सीमा, किरण, अनिल, सुमन, नीता व अन्य उपस्थित रहे।

### प्रदेश की 70 प्रतिशत ऐतिहासिक और पुरातात्विक साइट सरस्वती के किनारे: धुमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि करोड़ों वर्ष पुरानी ऐतिहासिक सरस्वती नदी के किनारे हरियाणा प्रदेश की 70 प्रतिशत पुरातात्विक साइट है। इन ऐतिहासिक और भव्य साइट को दर्शनीय स्थलों के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह पवित्र नदी सही मायने में पर्यटन का केन्द्र मानी जाती है। अहम पहलू यह है कि इस साइट के किनारे अलग-अलग जगहों पर लोगों की सुविधा के लिए 50 से ज्यादा घाटों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने विशेष बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में पिहोवा सरस्वती तीर्थ स्थल पर तथा आदि बद्री के साथ-साथ कैथल में 29 जनवरी से लेकर 4 फरवरी तक इन भव्य और सफल अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस आयोजन के माध्यम से महोत्सव में पहुंचने वाले हजारों नागरिकों को प्राचीन और ऐतिहासिक नदी के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। इसके लिए बकायदा प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में सरस्वती नदी के हर ऐतिहासिक पहलू को वैज्ञानिक तथ्यों के साथ दिखाने का अनोखा प्रयास किया गया।

उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी के किनारे आदि बद्री, भगवानपुर, थानेसर, जोगना खेड़ा, कलायत, कुनाल राखीगढ़ी, फरमाना, काली गंगा, पीली गंगा, मोहन जौदड़ो, धौला वीरा, लौथल सहित अन्य पुरातात्विक साइट अपने इतिहास को आज भी बयां कर रही है। अभी हाल में ही वैज्ञानिक दृष्टि से कुनाल को 10 हजार साल पुरानी संस्कृति सभ्यता का हिस्सा बताया गया है। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी के किनारे ही प्राचीन काल से पिंडदान के लिए भी जाना जाता है। इस नदी के किनारे ही कपालमोचन, सरस्वती धाम, सन्निहित सरोवर, पिहोवा के साथ-साथ पुष्कर, सिद्धपुर गुजरात और रण आफ कच्छ में पिंडदान करवाए जाते है।

**मंदिरों के आस-पास के क्षेत्रों को विकसित करने पर खर्च होगा करीब 5 करोड़ का बजट**

बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती नदी के किनारे 70 प्रतिशत ऐतिहासिक और प्राचीन मंदिर स्थित है। इन मंदिरों के आस-पास के क्षेत्र में विकास कार्य करवाने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से करीब 5 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जाएगा।

# मनोहर ने ली जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

## अधिकारियों को दिए निर्देश, योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को समय पर दे

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने जिला सचिवालय में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों से कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ पात्र लोगों को मिलना चाहिये। किसी भी योजना में सुधार के लिये कोई सुझाव है तो उसे जरूर बतायें। योजना में संशोधन कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी राज्य का उद्देश्य भी गरीबों, जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अधिकारी विकासात्मक परियोजनाओं की गति तेज करें




और जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को समय पर दें तथा जनता के सेवक बनकर कार्य करें। बैठक के एजेंडे में केंद्र सरकार की शामिल 40 योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उन्हीं को मिलेगा जिनकी पक्की रजिस्ट्री होगी, फूल पेमेंट एग्रीमेंट वालों के लिए यह योजना नहीं होगी। पानीपत में करीब 276 केस ऐसे हैं। उन्होंने एमपीएलएडीएस (सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना) के तहत लंबित कार्यों के बारे में जानकारी भी मांगी, जिस पर उन्होंने कहा कि तय समय में ये कार्य पूरे कर लिये जाएं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राजस्व रिकार्ड से जमीन के स्वामित्व का पता लगाया जाये। उन्होंने ई नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट को लेकर भी निर्देश दिए कि ऑन लाइन ट्रेडिंग के लिए भी पूरा खाका तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने संबंधित

**मंथन**

**मकानों के बारे में लोगों को बताया जाए कि पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे व पांचवें साल कितने मकान बनाये जायेंगे**

अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस मामले को हल करने के लिये यथासंभव कदम उठाये जायें। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत केंद्र की सर्वे टीम के साथ स्थानीय अधिकारियों को भेजने के भी निर्देश दिए।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों के बारे में लोगों को बताया जाए कि पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे व पांचवें साल कितने मकान बनाये जायेंगे।

## कैंट से प्रयागराज कुंभ के लिए सीधी बस सेवा शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** प्रयागराज कुंभ के लिए अंबाला से सीधी बस सेवा आरंभ हो गई। अंबाला छावनी बस अड्डा प्रबंधक विजेन्द्र सिंह ने बताया कि यह बस प्रयागराज के लिए शुरू की गयी है।

श्रद्धालुओं के लिए यह एक बहतरीन पहल है इस बस का ऑफलाइन टिकट मिलेगा। बस को लेकर यात्रियों में खुशी है क्योंकि इन दिनों प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों की सख्यां अधिक होने के कारण ट्रेनों में अधिक भीड़ है। जिसको ध्यान मे रखते हुए रोडवेज द्वारा यह बस चलाई गई है। उन्होंने बताया कि बस को लेकर बार बार एनाउमेंट भी की जा रही है। वही बस के परिचालक ने बताया कि आज हरियाणा रोडवेज अंबाला डिपो के द्वारा अंबाला की जनता को एक खास तोहफा दिया है तथा एसी बस की शुरूआत प्रयागराज के लिए की गई है। बस में यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस बस में अंबाला से 1612 रुपए प्रयागराज का किराया है।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस सहित दो बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने दो बदमाशों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास से 2 देसी पिस्तौल सहित जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। डीसीपी क्राइम मकसूद अहमद ने बुधवार को बताया कि 3 फरवरी को क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम गश्त कर रही थी। टीम को सूचना मिली की दशहरा ग्रांउड बल्लभगढ़ में एक युवक अवैध हथियार लेकर खड़ा है। पुलिस ने टीम बनाकर मौके पर छापा मारा मगर? आरोपी पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस टीम ने आरोपी का पीछा कर उसको पकड़ लिया। दूसरे आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर-65 टीम ने डबुआ सब्जी मंडी से गिरफ्तार किया है।

## महिलाओं-लड़कियों के लिए दुनिया सरल नहीं है ..

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन ) आई. बी.** स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत में यौन शोषण समिति के तत्त्वावधान में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया` डी. ए. वी. करनाल से सहायक प्रवक्ता डॉ. पूनम पांचाल मुख्यावक्ता रही । कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, उप्रचार्या डॉ. किरण मदान एवं कार्यक्रम संयोजिका डॉ. शर्मिला यादव द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यातिथि का स्वागत किया गया । प्राचार्या महोदया डॉ. शशि प्रभा मलिक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जो हम अपनी बहन बेटियों के साथ होते नहीं देख सकते वह किसी की भी बहन बेटी के साथ नहीं होना चाहिए । यौन उत्पीड़न वर्तमान समाज की गंभीर




समस्या है । राष्ट्रीय अपराध अभिलेखा ब्यूरों के अनुसार देश में प्रतिदिन 87 बलात्कार होते है । दिल्ली में इसकी औसत 5.6 है । हम अपनी बहन बेटियों की तरह ही दूसरों की बहन बेटियों को मान सम्मान की दृष्टि से ही देखना चाहिए इससे यौन उत्पीड़न कि समस्याओं को खत्म किया जा सकता है । यौन शोषण आंतकवाद में भी भयावह समस्या है । आंतकवाद में व्यकित उसी समय मृत्यु को प्राप्त हो जाता है पर इसमें यौन पीड़ित शोषित व्यक्ति तिल-तिल कर मरता है । आज की मुख्यावक्ता समाज सेविका डॉ. पूनम पांचाल ने कहा कि महिलाओं और लड़कियों के लिए दुनिया सरल नहीं है । यह उत्पीड़न अवैध एवं अवांछित व्यवहार है । यह मानवता के खिलाफ जधन्य अपराधो में से एक है । इस अपराध में किसी भी आयु के लोग अछूते नहीं है । कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. शर्मिला यादव ने कहा कि समाज में जागरूकता लाना जरुरी है । सामजिक प्रतिष्ठा के कारण बहुत से लोग इस तरह के मामलों को उजागर नहीं करते है । इस प्रकार की घटनाओं को रोकने हेतु हमें इस तरह का व्याख्यान लाभान्वित करते है । कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ. शर्मिला यादव ने किया । कमेटी के सदस्य डॉ. नेहा पुनिया, डॉ. अंजलि आर्या, संगीता, डॉ. नरवीर ने अहम् भूमिका निभाई । उपप्राचार्या डॉ. किरण मदान, डॉ. नीलम दहिया, डॉ. पूनम मदान, डॉ. अर्पणा गर्ग, डॉ. सीमा, डॉ. जोगेश, निशा एवं मनीत कौर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा को चार चाँद लगाए।

### हटाए गए कर्मचारी वापस लिए जाएंगे, काम के घंटे होंगे तय

**फतेहाबाद।** सफाई ठेकेदार और नगरपालिका कर्मचारी संघ के बीच चल रहे विवाद को लेकर बुधवार को सफाई ठेकेदार और यूनियन के डेपुटेशन के बीच नगरपरिषद कार्यालय में वार्ता हुई। कार्यकारी अधिकारी की मध्यस्थता में हुई इस बैठक में कार्यकारी अधिकारी व ठेकेदार के सफाई इंचार्ज ने आश्वासन दिया कि हटाए गए कर्मचारियों को जल्द काम पर वापिस लिया जाएगा व ठेके के सफाई कर्मचारियों के काम के घण्टे तय किए जाएंगे। ठेकदार के इंचार्ज ने यह भी कहा कि वर्क ऑर्डर में सफाई कर्मचारी व कचरा कलेक्शन हेल्पर की जितनी संख्या बनती है, उसे पूरा किया जाएगा, अधिकारी कभी भी चेक कर सकते हैं। नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई फतेहाबाद प्रधान विजय ढाका व सचिव ओम प्रकाश लोट ने बताया कि संघ के डेपुटेशन व कार्यकारी अधिकारी, ठेकदारों के बीच हुई वार्ता संतोषजनक रही। संघ को ये आश्वासन दिया गया है कि एक हफ्ते में हटाए गए कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापिस लिया जाएगा। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि प्रशासन द्वारा अगर एक हफ्ते में मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो 11 फरवरी को संघ बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी नगर परिषद प्रशासन की होगी।

## अग्निवीर भर्ती के लिए आ रहे युवाओं के लिए लगाए हेल्प डेस्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला छावनी:** अंबाला छावनी के खड़गा स्टेडियम में अग्विीर भर्ती 4 फरवरी से 14 फरवरी तक चलेगी। अग्निवीर भर्ती में ट्रायल देने के लिए आने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा हर तरह के प्रबंध किए जा चुके हैं। नगर परिषद द्वारा अंबाला छावनी में जगह-जगह हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। नगर परिषद के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि बाहर से आने वाले युवाओं को किसी प्रकार की




परेशान न हो इसको लेकर हमने यह सुविधा आरंभ की है। बस स्टैंड इंचार्ज विजेंद्र कुमार ने बताया कि अंबाला छावनी बस स्टैंड परिसर में हेल्प डेस्क स्थापित किया है, जिसका अनेक युवा लाभ उठा रहे हैं। साथ ही युवाओं के रूकने के लिए रैन

**सुविधा**

**बाहर से आने वाले युवाओं को किसी प्रकार की परेशान न हो इसको लेकर हमने यह सुविधा आरंभ की है**

बसेरा व एक संस्था द्वारा 5 रुपए भोजन की सुविधा भी उपलब्ध है। अग्निवीर भर्ती के तहत पुरूष व महिलाओं की भर्ती की जाएगी। इस भर्ती के तहत पुरूषों की 4 फरवरी से 7 फरवरी तक रन व उसके बाद मैडिकल की प्रक्रिया होगी। इस भर्ती में अंबाला, कुरूक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, कैथल पंचकूला व चंडीगढ़ यूटी के उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। इसी प्रकार अग्निवीर भर्ती रैली के तहत महिलाओं के लिए हरियाणा, दिल्ली व हिमाचल के उम्मीदवार भाग ले सकते है। यह भर्ती प्रक्रिया 9 से 10 फरवरी तक चलेगी। पुरूषों के तहत निर्धारित समय अवधि में प्रति दिन 600 उम्मीदवार व महिलाओं की भर्ती के तहत प्रतिदिन 250 उम्मीदवार पहुंच सकते हैं।

## हरियाणा सुपर 100: प्रदेश के मेधावी छात्रों के लिए सुनहरा अवसर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम के तहत आज 36517 से अधिक छात्रों ने पूरे प्रदेश के 151 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित लेवल-1 परीक्षा में भाग लिया। इस परीक्षा में कक्षा 10 के छात्रों के लिए 200 अंकों का गणित आधारित प्रश्नपत्र था, जिसमें 50 प्रश्न शामिल थे और निगेटिव मार्किंग भी लागू थी।परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों को लेवल-2 वर्कशॉप के लिए हरियाणा सुपर 100 कैंपस, कुरुक्षेत्र बुलाया जाएगा। तीन दिवसीय इस वर्कशॉप के आधार पर अंतिम चयन



किया जाएगा, जिसके बाद प्रदेशभर से 400 मेधावी छात्रों को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम का उद्देश्य आईआईटी-जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं की निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण तैयारी कराना है। चयनित छात्रों को आवास, भोजन, अध्ययन सामग्री, ड्रेस आदि सभी सुविधाएं हरियाणा सरकार द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। 2018 में शुरू हुए इस कार्यक्रम के तहत अब तक छह बैच प्रशिक्षित हो चुके हैं।

### भैंसें खरीदने गया पशु व्यापारी लापता

**फतेहाबाद।** राजस्थान में भैंसें खरीदने गए गांव भोडि?ाखेड़ा के एक पशु व्यापारी के लापता होने का समाचार है। इस बारे में परिजनों द्वारा बुधवार को पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। शहर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव भोडिखेड़ा निवासी प्रदीप कुमार ने कहा है कि उसका भाई पवन कुमार भैंसों का व्यापार करता है। गत दिवस वह गांव भोडिखेड़ा से भैंस खरीदने के लिए मोटरसाइकिल पर राजस्थान गया था। उसके पास 1 लाख 15 हजार रुपये की नकदी थी, वहीं 35 हजार रुपये उसने बैंक खाते में डलवाये थे। इसके बाद उसने एक व्यक्ति का नंबर दिया और कहा कि इस नंबर पर 1 लाख 15 हजार रुपये गुगल पे कर दो।

## ओसो इंटरनेशनल स्कूल में छात्र/छात्राओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस द्वारा महिलाओं विशेष रुप से लडकियों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस की सेफ सिटी टीमों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। बच्चों व महिलाओं को समझाया जाता है कि बच्चे हर छोटी बड़ी बातें अपने माता-पिता से हर रोज सांझा करें ताकि कोई अनहोनी न हो। इस कार्यक्रम के तहत दिनांक 5 फरवरी को सेफ सिटी की टीम ने ओसो इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल



में छात्र/छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधों के बारे में जानकरी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। छात्राओं को सम्बोधित करते हुए सेफ सिटी टीम की हैड कांस्टेबल नीलम ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा मुस्तैद है । उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने कहा कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हैल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है। सूचना पर पुलिस तुरन्त कारवाई करेगी। पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी ताकि महिला विरुद्ध अपराधों पर रोक लग सके। पुलिस टीम ने छात्राओं को सडक सुरक्षा तथा साईबर अपराधों बारे भी जागरूक किया।

## बाल श्रम कर रहे दो बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में भेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**राष्ट्रीय** बाल संरक्षण एवं अधिकार आयोग के 'बाल श्रम के खिलाफ एक कदम' राष्ट्रव्यापी अभियान और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत के दिशानिदेर्शानुसार एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम द्वारा शिकायत मिलने पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट द्वारा चलाया अभियान। बाबरपुर मंडी में दुकान पर बाल श्रम कर रहे दो बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में पेश कर बाल देखभाल गृह भेजा गया। पानीपत के बाबरपुर मंडी में दुकान पर काम कर रहे 10 और 14 साल की उम्र के दो बच्चों को एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम ने मानव तस्करी विरोधी इकाई के सहयोग से रेसक्यू कर बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया गया।



जहां इन दोनों बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल गृह पानीपत में भेज दिया गया। इस कार्रवाई में मानव तस्करी विरोधी इकाई से स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज एस आई संदीप कुमार, ए एस आई सुनील कुमार और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे। एमडीडी ऑफ इंडिया से पीड़ित सहायक समन्वयक अजय चौहान ने बताया कि बाल श्रम एक कानूनन अपराध है और जो कोई भी बच्चों से बाल श्रम करवाता है उसे सजा के साथ जुमार्ना भी हो सकता है। अजय कुमार ने कहा कि सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के तहत स्कूली शिक्षा उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। बाल श्रम से जुड़े अपराधों

**काउंसलिंग**

**सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के तहत स्कूली शिक्षा उपलब्ध करवाई जानी चाहिए**

के लिए भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 370-374 में सजा का प्रावधान है। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के मुताबिक, 14 साल से कम उम्र के बच्चे को किसी कारखाने या खान में काम नहीं कराया जा सकता। अगर कोई व्यक्ति 14 साल से कम उम्र या 14 से 18 साल के बीच के बच्चे को किसी खतरनाक काम में लगाता है, तो उसे एक से छह महीने की जेल हो सकती है या 20,000 से 50,000 रुपये का जुमार्ना हो सकता है। बाल श्रम उन्मूलन के लिए भारत सरकार कई तरह के सरकारी कार्यक्रम चलाती है।

अगर किसी को भी बाल श्रम का कोई मामला दिखे, तो उस व्यक्ति को तुरंत श्रम विभाग, मानव तस्करी विरोधी इकाई, बाल कल्याण समिति, जिला प्रशासन या गैर सरकारी संस्थाओं को इसकी जानकारी देनी चाहिए। गौरतलब है कि पानीपत में बाल अधिकारों के लिए कार्यरत संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल कल्याण समिति, मानव तस्करी विरोधी इकाई के साथ मिलकर बाल श्रम के अभिशाप को मिटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

## रामकुमार चुनाव लड़ रहे अपने साथियों से सहयोग की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज रामकुमार गुर्जर एवं सहयोगी ग्रुप के प्रधान पद के उम्मीदवार राम कुमार गुर्जर अपने सभी नामित उम्मीदवारों के साथ एग्जामिनेशन ब्रांच, सीक्रेसी, कंडक्ट, रिवैल्युएशन ब्रांच व डीन बिल्डिंग के सभी विभागों में गैर शिक्षक कर्मचारियों से मिले व अपने चुनाव लड़ रहे सभी साथियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रधान पद के लिए राम कुमार गुर्जर, महासचिव पद के लिए प्रमोद शर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान पद के लिए जसबीर सिंह सहोता, उप-प्रधान पद के लिए रामनाथ,




प्रेस सचिव पद के लिए सुनील व कोषाध्यक्ष पद के लिए बृजभूषण को चुनाव में उतारा है। अभियान में ग्रुप के चैयरमेन रोहताश शर्मा, ग्रुप प्रधान सुरेंद्र सिंह मलिक, सक्रिय साथी अनिल लोहाट, रूपेश खन्ना, नरेंद्र सारसा, वनिता सारसा, नीलम, विनोद अंजनथली, विशाल, राजवीर मलिक, कुलदीप मलिक, संजीव यादव, वकील चंद्, सतीश कुमार, सुनीता धमीजा, नरेश बेनीवाल, विकास सोनीपत, साहब सिंह गुर्जर, विकास शर्मा, जरासंध, राजकुमार उमरी, अशोक राणा, सुभाष जडौला, जगबीर राणा, तेजा सिंह जडौला आदि सभी सम्मानित साथी साथ में रहे।

नई दिल्ली, 06 फरवरी 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# राज्यपाल ने नशे के विरूद्ध जागरूकता रैली को झण्डी दिखाकर किया रवाना

**जागरूकता कार्यक्रम**

**राज्यपाल ने कहा कि नशे के जाल को तोडने का काम केवल हमारी युवा शक्ति ही कर सकती है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**हमीरपुर:** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि नशे के जाल को तोडने का काम केवल हमारी युवा शक्ति ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि नशे के चंगुल से दृढ़संकल्पित होकर बाहर निकला जा सकता है। राज्यपाल ने आज हमीरपुर के गौड़ा स्थित गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज परिसर में नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय और गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने नशे के विरूद्ध जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थी नशे के विरूद्ध रैली में सहभागी बने हैं। उन्होंने कहा कि वीरों की भूमि में अगर युवा नशे के चंगुल में फसेंगे तो युवा सेना में भर्ती नहीं हो पाएंगे और अगर नशे की पहुंच शैक्षणिक संस्थानों में होगी तो हम भावी चिकित्सक और इंजीनियर नहीं बना पाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रथम शिष्टाचार भेंट के दौरान उन्होंने राज्य में बढ़ती नशे की समस्या पर चिंता व्यक्त की थी। इसलिए प्रदेश में 'नशा मुक्त हिमाचल-स्वस्थ हिमाचलझ अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने पंचायती राज संस्थानों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संस्थान और नारी शक्ति इस बुराई से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जनप्रतिनिधि और ग्रामीण स्तर पर नारी शक्ति इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि समाज में नई सोच और जागरूकता के माध्यम से ही हिमाचल को नशामुक्त बनाया जा सकता है। हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ने जिला की पहल 'हमीरपुर वार अगेंस्ट ड्रग्सझ के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसमें स्कूल, कॉलेज और स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर ओपी शर्मा, डॉ. रजीत, मनोचिकित्सक और शिक्षाविदों सहित विशेषज्ञों ने नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रभावों और इससे बचने संबंधी रणनीतियों, परामर्श और पुनर्वास की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो. शशि धीमान ने राज्यपाल का स्वागत किया।

# अगर ट्रेजरी से भुगतान हो रहे हैं तो ठेकेदार दफ्तरों से क्यों उठवा रहे हैं फर्नीचर: जयराम

**बयान**

**मुख्यमंत्री जी जान ले कि सरकार प्रबंधन से चलती है प्रवचन से नहीं, मुख्यमंत्री के कहने पर झूठ न बोले मंत्री**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमला:** शिमला से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुख की सरकार के व्यवस्था परिवर्तन का भांडा पूरी तरह फूट चुका है। आए दिन सरकार के व्यवस्था पतन के नमूने सामने आते हैं। जो मुख्यमंत्री और सरकार की नहीं हिमाचल प्रदेश की भी किरकिरी करवा रहे हैं और आम लोगों को उसकी वजह से तकलीफ उठानी पड़ रही है। विपक्ष लगातार मुख्यमंत्री से आग्रह कर रहा है कि वह ट्रेजरी खोलें और लोगों के लंबित पड़े बिलों की अदायगी करें। आम जनता से लेकर ठेकेदार सब परेशान है और सबका यही कहना है कि उनके भुगतान लंबित पड़े हैं जिसकी वजह से उन्हें तमाम कठिनाइयां उठानी पड़ रही हैं। ठेकेदारों द्वारा उनके हजारों करोड़ रुपए के बकाया होने की बात की जा रही है और भुगतान न होने की स्थिति में वे काम रोक देने की मजबूरी भी बता रहे हैं। भुगतान न होने की वजह से हजारों की संख्या में लोग सीधे परेशान हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में ठेकेदार न तो अपने वर्करों का भुगतान कर सकते हैं और नहीं अपने वेंडर का। विपक्ष द्वारा सही बात कहने पर भी मुख्यमंत्री समेत उनका पूरा अमला मीडिया में झूठ बोलने के लिए कूद कर आ जाता है। तमाम तरह के झूठे आंकड़े रखता है और विपक्ष को झूठा साबित करने में ही सारी ऊर्जा करता है।जयराम ठाकुर ने कहा की विपक्ष को झूठा साबित करने से सच नहीं बदलने वाला है। आज समाचारों में बहुत मोटे अक्षरों में छपा है कि कुल्लू जिला के बंजार विधानसभा क्षेत्र में ठेकेदार को सरकार द्वारा 6 महीने से ज्यादा समय तक पेमेंट नहीं की गई। जब ठेकेदार के पास और कोई विकल्प नहीं बचा तो उसने बीडीओ के ऑफिस से अपना सारा फर्नीचर और सामान उठवा कर वापस ले गया। यह व्यवस्था परिवर्तन के मुंह पर एक तमाचा है। मुख्यमंत्री ने व्यवस्था को इतना गर्त में गिरा दिया है कि लोगों का सरकार से भरोसा ही उठ गया है। इसी तरीके से एक और खबर आज हिमाचल की सुर्खियों में है की शिमला के विंटर कार्निवाल में स्थानीय कलाकारों से काम लिया गया, अब विंटर कार्निवल को खत्म हुए भी एक महीना हो गया है लेकिन सरकार उन कलाकारों का मेहनताना भी नहीं दे रही है।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री भाजपा की नहीं, प्रदेश की चिंता करें : राजीव बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमला:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उन्हें भाजपा की चिंता करने के बजाय हिमाचल प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था और जनता की गंभीर समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए।डॉ. बिंदल ने कहा कि भाजपा एक संगठित और सशक्त पार्टी है, जिसके 18 लाख से अधिक सक्रिय सदस्य हैं। प्रदेशभर के 8000 पोलिंग बूथों पर समितियां कार्यरत हैं, जो भाजपा की मजबूती को दशार्ती हैं। कांग्रेस को भाजपा की चिंता करने की बजाय अपने संगठन के बिखराव पर ध्यान देना चाहिए, जहां न मंडल अध्यक्ष हैं, न जिला अध्यक्ष और न ही प्रदेश स्तर पर कोई ठोस नेतृत्व। भाजपा अध्यक्ष ने प्रदेश में लगातार बढ़ते अपराधों को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बलात्कार, हत्या, लूट और अन्य जघन्य अपराधों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। उन्होंने हाल ही में चंबा में दलित युवक की नृशंस हत्या और सोलन में सिर काटकर शव को कई किलोमीटर दूर फेंकने की घटनाओं का जिक्र किया, जो प्रदेश में कानून व्यवस्था की भयावह स्थिति को उजागर करती हैं।डॉ. बिंदल ने कहा कि खनन माफिया बेखौफ होकर नदियों और नालों का दोहन कर रहा है, लेकिन सरकार आंखें मूंदे बैठी है। मुख्यमंत्री भाजपा की आलोचना करने में व्यस्त हैं, लेकिन प्रदेश की वास्तविक समस्याओं पर उनकी कोई रुचि नहीं दिखती। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री यह दावा कर रहे हैं कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हो रही हैं, लेकिन हकीकत यह है कि अस्पतालों की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है।आयुष्मान योजना के तहत अस्पतालों को भुगतान नहीं हो रहा, जिससे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।108 एंबुलेंस सेवा ठप पड़ी है, कई गाडि?ां धक्का स्टार्ट हो रही हैं।रेफर किए जाने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, क्योंकि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण इलाज नहीं मिल रहा। डॉ. बिंदल ने शिक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को बंद करने में जुटी है। पहले 100-200 - 300स्कूल बंद करते हुए बंद करने की दिनों के हिसाब से प्रतिस्पर्धा चली हुई है । उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया,क्या सरकार संस्थानों को बंद करके विकास कर रही है?

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में सडक निर्माण कार्य सिर्फ मोदी सरकार के पैसों से ही चल रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत हिमाचल को भारी मात्रा में फंड मिल रहा है। उन्होंने कहा जितना पूर्व भाजपा सरकार में सडकों के लिए फंड आया उससे अधिक कांग्रेस सरकार में आ रहा लेकिन राज्य सरकार इसे सही से उपयोग करने में पूरी तरह विफल रही है।डॉ. बिंदल ने मुख्यमंत्री से सीधा सवाल किया कि क्या जनता ने उन्हें भाजपा की चिंता करने के लिए मुख्यमंत्री बनाया है, या प्रदेश की कानून व्यवस्था और विकास पर ध्यान देने के लिए? डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार यदि इसी तरह से प्रदेश की जनता के साथ अन्याय करती रही, संस्थाओं को बंद कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती रही, तो भाजपा इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा प्रदेश की जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सडक से विधानसभा तक हर मोर्चे पर कांग्रेस सरकार का विरोध करेगी।

### नकड़ोह में गुरू रविदास महाराज की जयंती 12 को

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना :** गगरेट विस क्षेत्र के तहत गांव नकड़ोह में हर साल की तरह इस साल भी 12 फरवरी को गुरु रविदास महाराज की 648वीं जयंती मनाई जाएगी। गुरु रविदास सभा नकडोह के प्रधान राजिंद्र संधू ने बताया कि 2 फरवरी को सहज पाठ श्री गुरु ग्रंथ साहिब शुरू किया गया। 12 फरवरी को पूजा अर्चना के साथ निशान साहिब चढ़ाने की रस्म अदा की जाएगी। इस अवसर पर कीर्तन दरबार में गुरदीप सिंह तलबाड़ा वाले गुरु रविदास की महिमा का गुणगान करेंगे। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने लोगों से इस धार्मिक समारोह में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर उप प्रधान हंसराज, सचिव रमेश संधू, कोषाध्यक्ष अश्वनी कुमार, जोगिंद्र पाल संधू, गुरमेल सिंह, वासदेव, चंद्रभान, विजय, कुशल उपस्थित रहे।

# नशा के कारोबार की सूचना देने वालों को किया जाएगा सम्मानित: आर्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना :** तनोह पंचायत समिति सदस्य जोगिंदर देव आर्य नशा माफिया के खिलाफ खुलकर आगे आए हैं। युवाओं को चिट्टे के नशे से दूर रखने के लिए इसे बेचने वालों पर करारी चोट करेंगे।

आर्य ने कहा कि जो भी युवा नशा कर रहा है, वह युवा अपनी युवावस्था के साथ खिलवाड़ कर रहा है। आजकल चिट्टे का नशा बहुत ही तेजी के साथ समाज को खोखला कर रहा है और युवा अपने जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इसमें लड़कियां और औरतें भी पीछे नहीं है, वे भी इस कार्य में संलिप्त पाई जा रही हैं। यह समाज के लिए बहुत ही चिंता का विषय है। जोगिंदर देव आर्य ने सभी समाज के नागरिकों, महिला मंडलों, युवा मंडलों एवं समाज के सभी साथियों से आग्रह किया कि अगर कोई भी आपके क्षेत्र में नशे का कारोबार कर रहा है तो उसके बारे में जानकारी उन्हें दें। वह न केवल नशा माफिया को जेल की सलाखों तक पहुंचाएंगे बल्कि सूचना देने वाले को उचित इनाम देकर सम्मानित करेंगे। इसके लिए उन्होंने पंचायत राशि बतौर इनाम सूचना देने वाले व्यक्ति के लिए घोषित की है।

# शिमला में नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई




**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर भारत में नशे की तस्करी का जाल फैलाने वाले कुख्यात शाह सिंडिकेट के खिलाफ शिमला पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। पुलिस ने इस गिरोह से जुड़े 10 और गुर्गों को गिरफ्तार किया है। अब तक इस सिंडिकेट के मुख्य सरगना समेत 26 लोगों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है जबकि 200 संदिग्ध पुलिस के रडार पर हैं। पूछताछ में सामने आया है कि इस गिरोह ने केवल यूपीआई और स्कैनर के माध्यम से ही चार करोड़ रुपये का भुगतान किया है। पुलिस ने ऐसे 29 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है।

इस ड्रग सिंडिकेट के तार उत्तर भारत के कई राज्यों के साथ-साथ नाइजीरिया तक फैले हैं। यह गिरोह ऑनलाइन माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर नशे के काले कारोबार को अंजाम दे रहा था। पूछताछ के दौरान गिरोह के सरगना संदीप शाह ने खुलासा किया कि वह दिल्ली में रहने वाले एक नाइजीरियन नागरिक मार्क से चिट्टा खरीदता था। दोनों के बीच व्हाट्सएप कॉल और अन्य वर्चुअल माध्यमों से बातचीत होती थी। जिसके बाद नाइजीरियन गिरोह का एक सदस्य ड्रग्स की सप्लाई के लिए पहुंचता था। अब पुलिस मार्क की तलाश में जुट गई है।

**स्थानीय नेटवर्क से जुड़ा है गिरोह, 10 गिरफ्तार**

पुलिस जांच में पता चला है कि इस सिंडिकेट के अधिकतर सदस्य स्थानीय निवासी हैं। गिरफ्तार किए गए 10 आरोपियों को अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें गुरुवार तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में अमन शोभटा (32) निवासी कोटखाई, कपिल चंदेल (25) निवासी ठियोग, अयान चौहान (25) निवासी कोटखाई, निखिल सैन (29) निवासी ठियोग, रजत कराइक (29) निवासी नारकंडा, सुशील वर्मा (32) निवासी ठियोग, मनुज ठाकुर निवासी संजौली, सुशील शर्मा (38) निवासी ठियोग, अंशुल राणा (40) निवासी ठियोग, रजत ठाकुर (30) निवासी शिमला शामिल हैं।

**शाह सिंडिकेट के खिलाफ पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा, जल्द होंगी और गिरफ्तारियां**

शिमला के एसपी संजीव गांधी ने बताया कि नशे के इस काले कारोबार में शामिल अब तक 26 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है

# एचआरटीसी को जल्द मिलेंगी 42 वॉल्वो और 240 इलेक्ट्रिक बसें: वर्मा

**धर्मशाला/टीम एक्शन इंडिया**
हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय वर्मा का बुधवार को कांगड़ा पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

उपाध्यक्ष बनने के उपरांत अजय वर्मा का पहली बार कांगड़ा पहुंचने पर जगह-जगह लोगों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान कांगड़ा शहर के तहसील चौक में जनसभा का आयोजन भी किया गया। एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने संबोधन के दौरान



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का एक साधारण कार्यकर्ता को हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम का उपाध्यक्ष बनाने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। उन्होंने कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के लोगों और आयोजन स्थल पर आए हुए प्रत्येक व्यक्ति का धन्यवाद किया जो उन्हें आशीर्वाद देने के लिए आज यहां पहुंचे हैं। उन्होंने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री का भी आभार व्यक्त किया।

उन्होंने संबोधन के दौरान कहा कि जल्द प्रदेश को 42 नई वोल्वो बसें, 240 इलेक्ट्रिक बसें और डीजल बसें जल्द हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम में शामिल होंगी और लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

# कठोह में शिव पुराण कथा कल से

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना :** उप तहसील जोल के तहत कठोह स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में वार्षिक महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 7 फरवरी से किया जा रहा है। यह जानकारी रिटायर्ड कर्नल तरसेम सिंह राणा ने दी। उन्होंने बताया कि बाबा बालक नाथ मंदिर के प्रांगण में कथा 7 से 13 फरवरी तक चलेगी। इसमें कथा वाचक आचार्य शिव कुमार शास्त्री लोगों को कथा अमृतपान करवाएंगे। कथा का समय सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक का रहेगा। वहीं कथा के उपरांत प्रतिदिन भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

# कांग्रेस सरकार का तानाशाही फैसला, बिजली बोर्ड में 700 पद खत्म कर युवाओं पर चलाई तलवार : जम्वाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमला:** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कांग्रेस सरकार के बिजली बोर्ड में 700 पदों को समाप्त करने के फैसले पर तीखा हमला बोलते हुए इसे युवा विरोधी कदम करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला सरकार की युवा विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। यह कदम न केवल नौकरियों पर कुठाराघात कर रहा है, बल्कि युवाओं के भविष्य को भी अंधकार में धकेल रहा है। राकेश जम्वाल ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस सरकार ने युवाओं और कर्मचारियों की अनदेखी की हो। इससे पहले भी कोरोना महामारी के दौरान अपनी जान जोखिम में डालने वाले फ्रंटलाइन वर्कर्स को बिना मुआवजे के नौकरी से निकाल दिया गया।

आउटसोर्स कर्मचारियों को हटाकर हजारों युवाओं को बेरोजगार कर दिया गया।अब नियमित कर्मचारियों पर गाज गिराते हुए 700 पद समाप्त कर दिए गए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कर्मचारियों, अभियंताओं और पेंशनर्स ने इस फैसले का लगातार विरोध किया, लेकिन सरकार ने बिना किसी संवाद के इसे जबरन लागू कर दिया। यह कांग्रेस



सरकार की जनविरोधी और कर्मचारी विरोधी नीतियों को उजागर करता है। जम्वाल ने कांग्रेस सरकार से सवाल किया कि जब केंद्र सरकार से हिमाचल को लगातार विकास योजनाओं के लिए सहायता मिल रही है, तब प्रदेश सरकार लगातार कर्ज क्यों बढ़ा रही है? नए पद सृजित करने की बजाय पहले से स्वीकृत पद क्यों खत्म किए जा रहे हैं?विकास कार्य ठप क्यों पड़े हैं? सडकों, बिजली, पानी की योजनाएं ठप्प क्यों हैं? युवाओं को रोजगार देने के बजाय उन्हें बेरोजगार क्यों किया जा रहा है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है।

सरकारी संस्थानों को कमजोर किया जा रहा है, जिससे हिमाचल में अराजकता का माहौल बन रहा है। राकेश जम्वाल ने कहा कि बिजली बोर्ड में पदों को समाप्त करने के खिलाफ कर्मचारी लंबे समय से विरोध जता रहे थे।

# सुक्खू और विक्रमादित्य से मिले महापौर विरेंद्र भट्ट, की चर्चा

**मांग**

**महापौर ने पुरानी मंडी से पड्डल पुल तक के नवनिर्मित हिस्से के बाकी काम को जल्द पूरा करने की मांग की**

**मंडी/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शहरी विकास एवं लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मुलाकात की। इस बैठक में महापौर विरेंद्र भट्ट ने नगर निगम मंडी की वित्तीय स्थिति पर चर्चा की और क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 30 करोड़ रुपए की राशि की मांग की। इसमें पार्क, पार्किंग, स्ट्रीट लाइट्स और सामुदायिक भवन बनाने के अलावा, नगर निगम मंडी में कर्मचारियों के खाली पदों को भरने का भी मुद्दा उठाया।

महापौर ने पुरानी मंडी से पड्डल पुल तक के नवनिर्मित हिस्से के बाकी काम को जल्द पूरा करने की भी मांग की। इसके साथ ही उन्होंने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के बारे में सरकार का ध्यान आकर्षित किया, जो जिले के मुख्यालय में स्थित है और इससे आसपास के क्षेत्रों को काफी लाभ पहुंचा रहा है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस विश्वविद्यालय की धनराशि और भवन को अन्य स्थान पर स्थानांतरित न किया जाए।महापौर ने बताया कि नगर निगम मंडी के क्षेत्राधिकार में इंदिरा मार्किट व अन्य स्थानों में नगर निगम की अपनी दुकानें हैं जिन्हें निगम द्वारा नीलामी के आधार पर, मासिक किराए पर लोगों को व्यवसाय के लिए काफी वर्ष पहले दिया गया था। परंतु नगर निगम के संज्ञान में समय-समय पर आया है कि इनमें से कुछ दुकानें, दुकानदारों जो कि निगम के किराएदार हैं उनके द्वारा किसी कारणवश अन्य व्यक्ति को सबलैट कर दी गई हैं। इस प्रकार की सबलैटिंग को नगर निगम सबलैटिंग फीस लेकर नियमित करता है, तो इससे नगर निगम. की आर्थिक आमदनी हो सकती है और साथ ही दुकानदारों की समस्या भी हल हो सकती है का मामला माननीय मुख्यमंत्री के ध्यानार्थ लाया । मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु ने सभी मांगों को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया।

# अतिक्रमण विरोधी मुहिम के बीच विधायक सुल्तानपुरी ने किया परवाणू का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**विमल ग्रोवर**
**परवाणू:** परवाणू मे हिमूड़ा व अन्य विभागों द्वारा चलाई जा रही अतिक्रमण विरोधी मुहिम के बीच बुधवार को कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने शहर का दौरा किया। उनके दौरे से उन झुग्गीधारको व रेहड़ी खोखा धारको को बड़ी राहत मिली है, जिन्हे अतिक्रमण विरोधी मुहिम के चलते अपने उजड? का डर सता रहा था। विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने जहाँ झुग्गीधारको को आश्वस्त किया की उन्हें उजड? नहीं दिया जाएगा, वहीं उनके काटे गये बिजली व पानी के कनेक्शन भी उन्होंने दोबारा जुड़वाये । इस बीच उन्होंने



परवाणू की रेहड़ी खोखा मार्किट के निर्माण के लिए 10 लाख रूपए भी रिलीज किए।बता दे की प्रशासन की अतिक्रमण विरोधी मुहिम के चलते मंगलवार तक ऐसा लगा रहा था की परवाणू से झुग्गियां व रेहड़ी फडि?ा बुधवार को हटा ली जाएगी, लेकिन विधायक विनोद सुल्तानपुरी के दौरे के दौरान सारा माहौल ही बदल गया। उन्होंने सबसे पहले सेक्टर 2 स्थित कम्युनिटी सेंटर मे झुग्गियों मे गुजर बसर कर रहे प्रवासी लोगों से मुलाकात की। यहाँ पार्षद चंद्रावती, पूर्व पार्षद राजाराम भारती, मनोनीत पार्षद संजय यादव, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष रामध्यान सिंह व कासीम ने उन्हें अपनी समस्याओ से अवगत करवाया। उन्होंने विधायक विनोद सुल्तानपुरी के समक्ष निवेदन किया की यदि हिमूड़ा पुलिस थाने के पीछे, जहाँ झुग्गियां बसी है, की जमीन ट्रस्ट अथवा समाजसेवी संगठनों को दिए जाने वाले दाम पर झुग्गिधारको को देने के लिए तैयार है तो, वो जमीन झुग्गिधारक हिमूड़ा की शर्तो के आधार पर लेने को तैयार है। इस दौरान विधायक सुल्तानपुरी ने उन्हें आश्वस्त किया की जो प्रपोजल उन्हें दिया गया है वो जल्द ही उसे सिरे चढ़ाएंगे। उन्होंने आश्वस्त किया की झुग्गी मे रह रहे लोगों को उजड? नहीं दिया जाएगा। उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियो को निर्देश दिए की अविलम्भ झुग्गियों के बिजली व पानी के कनेक्शन रिस्टोर किए जाए। इस दौरान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ठाकुर दास शर्मा, पार्षद सुखविंदर सिंह मंगा, कांग्रेस नेता वीरेंदर शर्मा युवा नेता विशाल कश्यप समेत सरकारी अधिकारी भी मौजूद रहे। उधर, विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने परवाणू की रेहड़ी खोखा मार्किट का भी दौरा किया। उन्होंने रेहड़ीधारको की समस्याओ को सुना व रेहड़ी मार्किट मे पक्के बूथों के निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की विधायक नीधि रिलीज की। उन्होंने कहा की रेहड़ी मार्किट मे मेहनत कर अपना काम धंधा चला रहे लोगों की आजीविका से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा !

# शाहपुर अस्पताल में शुरू होगी शल्य चिकित्सा, सचेतक ने किया ऑपरेशन थियेटर का लोकार्पण

**धर्मशाला/टीम एक्शन इंडिया**
उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने बुधवार को नागरिक अस्पताल शाहपुर में ऑपरेशन थिएटर का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि 20 लाख के आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित इस थिएटर में एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन, ओटी लाइट, एडवांस कार्डिक मॉनिटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं इससे शाहपुर हॉस्पिटल में सामान्य शल्य चिकित्सा शुरू हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के बाद यहां पर शीघ्र ही पित्ते की पत्थरी, अपेंडिक्स, हर्नियां, हाइड्रोसिल, गुदा द्वार से सम्बंधित बीमारियों इत्यादि के ऑपरेशन की सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन थियेटर के शुरू होने से शाहपुर विधानसभा के साथ साथ ज्वाली, भटियात के 2 लाख लोग लाभान्वित होंगें।

उन्होंने कहा कि गत दो वर्षों में इस नागरिक अस्पताल में लगभग एक करोड़ के विभिन्न उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं इसके लिए वह मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल का स्टाफ सेवा एवं समर्पण भाव से काम करें। केवल पठानिया ने कहा कि शाहपुर हॉस्पिटल के साथ साथ विधानसभा क्षेत्र के अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में शाहपुर विधानसभा में 369 मरीज ऐसे हैं जो बिस्तर पर हैं शीघ्र ही उनसे भी संवाद स्थापित किया जाएगा ताकि उन्हें यथासंभव सहायता मुहैया करवाई जा सके।

उन्होंने बताया कि 12.80 करोड़ से बनाये जा रहे शाहपुर हॉस्पिटल के नए भवन का कार्य प्रगति पर है और इसे शीघ्र ही पूरा कर लोगों को समर्पित कर दिया जाएगा। इसके अलावा शाहपुर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन एवं डायलेसिस की सुविधा उपलब्ध होगी।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह की प्रखर सोच से लाभान्वित होता जन मानस: नगराधीश टीनू

**टीम एक्शन ईंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की प्रखर सोच का लाभ प्रदेश के हर वर्ग को मिल रहा है। जो लोग निराशा के साये में जीवन जीने को मजबूर थे आज उनके चेहरे पर खुशी की छलक दूर से दिखाई पड़ती है। जनता समाधान शिविर राज्य सरकार का बड़ा व सबको लाभ पहुंचाने वाला कार्यक्रम है। वर्तमान में यह कार्यक्रम जिले के लोगों के लिए आर्कषण का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है।

बुधवार को जिला सचिवालय में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए नगराधीश टीनू पोसवाल ने कहा कि समस्याओं में देरी का हमारे पास कोई खाता नहीं है। जो



भी समस्याएं नागरिक लेकर आ रहे है उनका समाधान करना पूरे प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है। इसमें अधिकारियों की अहम भूमिका होती है। हर अधिकारी को इस जन कल्याण के कार्य में पूरी रूचि के साथ कार्य करना चाहिए।

एसपी लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि ऐसा नहीं है कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याएं इतनी बड़ी है कि उनका समाधान नहीं हो सकता। हर समस्या का समाधान अधिकारियों के पास है। जरूरत है तो सिर्फ उसमें रूचि लेकर उसे ईमानदारी पूर्वक सीरे चढ़ाने की।

**समाधान**

**⏩ जनता समाधान शिविर राज्य सरकार का बड़ा व सबको लाभ पहुंचाने वाला कार्यक्रम है**

डीडीपीओ राजेश शर्मा ने कहा कि जो समस्याएं समाधान शिविर में आ रही है उनका समाधान करना हमारी प्राथमिकता है इस पर हम पूरी मेहनत करके कार्य कर रहे है। उन्होंने शिविर में पहुंची बिजली पैंशन, निगम व अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं के निदान कराने को लेकर संबंधित विभाग को सौंपा। समाधान शिविर में 70 समस्याएं विभिन्न विभागों से जुड़ी हुई पहुंची।

प्रार्थी अंजू ने प्रशासन से अनुरोध किया कि वह भादड़ गांव की निवासी है व बीपीएल धारक है। उनके मकान की जर्जर हालत है। स्थिति यह है कि वह मकान कभी भी गिर सकता है। उन्होंने प्रशासन से मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान का लाभ दिलवाने की अपील की। नगराधीश ने जिला परिषद के अधिकारी को जांच के निर्देश दिए। यशपाल ने प्रशासन से प्रार्थना की कि हरियाणा परिवहन विभाग की बसें रात 10 बजे से 6 बजे तक फ्लाई ओवर के नीचे से गुजरनी चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

# सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से कुरुक्षेत्र जंक्शन को मिली सौगात: विनोद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र जंक्शन को अमृत स्टेशन प्रोजेक्ट में शामिल करवाने के लिए सांसद नवीन जिन्दल के समर्थकों ने रेलवे स्टेशन पर मिठाई बांटकर खुशी मनाई और सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त किया।
उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुरुक्षेत्र जंक्शन को अमृत स्टेशन प्रोजेक्ट में सम्मिलित किया है, जिससे स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। कुरुक्षेत्र जंक्शन को मिली इस उपलब्धि के लिए सांसद नवीन जिन्दल के समर्थकों और स्थानीय नागरिकों ने इस निर्णय का स्वागत किया।इस अवसर पर



समाजसेवी विनोद गर्ग ने सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से कुरुक्षेत्र जंक्शन को यह सौगात मिली है। उन्होंने धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से निवेदन किया था।

यह कुरुक्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रोजेक्ट से स्टेशन का सौंदर्यीकरण होगा और यात्रियों को स्वच्छ पेयजल, आधुनिक प्रतीक्षालय, हाई-स्पीड इंटरनेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## न्यूज फ्लैश

### आंगनवाड़ी वर्कर्स हैल्पर्स यूनियन ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा




**सोनीपत:** मजदूर संगठन सीटू से सम्बंधित आंगनवाड़ी वर्कर्स हैल्पर्स यूनियन हरियाणा के आह्वान पर राज्य भर में जिला हैडक्वाटरों पर रोष प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन निर्मला सीतारमण केन्द्रीय वित्त मंत्री भारत सरकार एवं नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम अतिरिक्त उपायुक्त सोनीपत को सोंपा । सुबह 11 :00 बजे सैकड़ो की संख्या में वर्कर्स एवं हेल्पर उपायुक्त कार्यालय सोनीपत धरना स्थल पर इकट्ठा हुई और धरना दिया गया एवं सभा का आयोजन किया गया। प्रदर्शनकारी धरना स्थल से रोष प्रदर्शन करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय सोनीपत पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व यूनियन की प्रधान उषा रानी, सचिव सोना देवी,कोषाध्यक्ष कविता दहीया , सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा , सुनीता एवं पूर्व राज्य अध्यक्ष सीटू कामरेड श्रद्धानंद सोलंकी, कर्मचारी नेता सिलकराम मलिक कर रहे थे। प्रदर्शनकारी अपनी मांगों के समर्थन में और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ गगन भेदी नारे लगा रहे थे। नारों की आवाज से मिनी सचिवालय गुंज रहा था। मांगों पर चर्चा करते हुए कहा कि नया पोषण ट्रैक्टर में काम करने में बहुत सारी परेशानियां आ रही है इस पोषण ट्रैकर में काम करना किसी भी सूरत में संभव नहीं है नए पोषण ट्रैकर ऐप को तुरंत बंद किया जाए, हड़ताल के दौरान बर्खास्त वर्कर्स व हेल्परों का मानदेय तुरंत प्रभाव से डाला जाए, जिन जिलों ने अभी तक उक्त भुगतान नहीं किया है उन्हें तुरंत निर्देश दिए जाएं, ज्यादातर जिलों में हड़ताल के दौरान बर्खास्त वर्कर्स हेल्पर का मानदेय डाल दिया गया है, लेकिन सोनीपत जिला में अभी तक नहीं डाला गया है जिसे तुरंत डाला जाए, गुड़गांव व दादरी जिलों में आंदोलन के दौरान बने मुकदमे रद्द किए जाएं, आंगनबाड़ी केदो में राशन बनाने के लिए गैस इस्तेमाल होती है उसका पूरा पैसा नहीं दिया जा रहा है। इसलिए राशन की तरह सिलेंडर भी विभाग द्वारा भरवा कर आंगनबाड़ी केदो में भिजवाया जाए, उचाना जींद की आंगनवाड़ी वर्कर सुमन को तुरंत बहाल किया जाए, वर्कर से सुपरवाइजर की पदोन्नति बारे तुरंत पत्र जारी किया जाए और पदोन्नति में 50% का फामूर्ला लागू किया जाए, हेल्पर और वर्करों के खाली पड़े पदों पर तुरंत भर्ती की जाए, आंगनबाड़ी केंद्रों को यदि क्रैच में तब्दील किया जाता है तो केवल क्रेच का ही काम लिया जाए, आंगनवाड़ी वर्कर्स को तीसरे व हेल्पर को चौथे दर्जे का कर्मचारी घोषित किया जाए, तब तक न्यूनतम वेतन 26000 रूपए दिया जाए, वर्कर्स हेल्पर्स के खाली पदों पर तुरंत भरती की जाए, सितंबर 2022 से महंगाई की किस्त लागू की जाए, ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए।

### विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के गांव कोहंड में एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड ?ा का आरोप लगाया है। पति विदेश जाना चाहता था, पीड़िता पर मायके से 15 लाख लाने का दबाव बनाया। पीड़िता के पिता ने जमीन बेचकर ससुराल वालों को 15 लाख दिए। पीड़िता का आरोप है कि जब पति विदेश चला गया तो ससुराल वालों ने उस को घर से निकाल दिया और जान से मारने की कोशिश भी की। महिला को पूरी रात पशुओं वाले कमरे में गुजारनी पड़ी। पीड़िता ने अपने मायके वालों को बुलाया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की शादी करीब सात साल पहले कोहंड में रवि से हुई थी। शुरूआत के तीन साल तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन फिर ससुराल में मायके से पैसे लाने की मांग शुरू हो गई। करीब दो साल पहले पति ने अमेरिका जाने के लिए 15 लाख रुपए की मांग की। पीड़िता के पिता पहले ही बीमार चल रहे थे, लेकिन बेटी का घर बचाने के लिए उन्होंने जमीन बेचकर किसी तरह 15 लाख रुपए जुटाए। पीड़िता के मुताबिक इनमें से 5 लाख प्रियंका की सास के खाते में, 5 लाख पति के खाते में और 5 लाख खुद पीड़िता के जरिए ट्रांसफर किए गए। इस पैसे से रवि गिरी अमेरिका चला गया, लेकिन वहां जाने के बाद भी उसने पत्नी का हाल तक नहीं पूछा। पीड़िता ने बताया कि बीती 24 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे उसका ननदोई उसे धमकी भरे फोन कर रहा था। उसने कहा कि अगर उसकी बात नहीं मानी तो उसे घर से बाहर निकाल दिया जाएगा। जब उसने विरोध किया तो उसकी सास भी झगडने लगी और मारपीट पर उतारू हो गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसकी सास ने उसका मुंह कपड़े से दबाकर जान से मारने की कोशिश की, लेकिन किसी तरह वह बच गई। बाद में उसे झूठे आरोप लगाकर घर से बाहर निकाल दिया गया।

# सूर्य नमस्कार अभियान को तेज करने के दिए निर्देश

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** जिला आयुर्वेद अधिकारी के कार्यालय में विभाग के अधिकारियों, आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, योग विशेषज्ञयो , योग सहायकों और योगा इंस्ट्रक्टर की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर संजय राजपाल ने की। बैठक को संबोधित करते हुए डॉक्टर संजय राजपाल ने कहा कि इस समय हरियाणा आयुष विभाग की सभी शहरी और ग्रामीण संस्थाओं में आयुष विभाग की सभी योजनाओं पर बड़ी तेजी से चल रहा है। इस अभियान में अब तक लगभग 90000 लोगों का रजिस्ट्रेशन करवाया है । उन्होंने कहा कि सूर्य



नमस्कार के साथ-साथ लोगों के शरीर को सोडियम कैल्शियम के साथ-साथ मैग्नीशियम , जिंक , सेलेनियम , मिनरल्स की भी भरपाई भोजन के माध्यम से होती है। इसलिए भोजन का पौष्टिक और संतुलित होना जरूरी है अगर इनमें से किसी की कमी होती है तो मेटाबॉलिज्म बालों का विकास और त्वचा की सेहत प्रभावित होती है आयरन एक बहुत ही महत्वपूर्ण मिनरल है इसका शरीर में संतुलन बहुत ही आवश्यक है अगर शरीर की कार्य प्रणाली दुरुस्त है तो फलों और सब्जियों से पोषक तत्वों की भरपाई हो जाती है। हरियाणा योग आयोग एवं आयुष हरियाणा के महानिदेशक डॉक्टर संजीव कुमार के आदेश अनुसार आयुष विभाग की ओर से हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के कार्यक्रम जोर शोर से चल रहे हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर संजय राजपाल ने बताया कि जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार अभियान का पंजीकरण एवं प्रशिक्षण की शुरूआत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के दिन 12 जनवरी से शुरू कि गयी थी। जो 12 फरवरी महर्षि दयानंद सरस्वती जी की जयंती के दिन तक चलेगी।


इस अभियान में तेजी लाने के लिए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर संजय राजपाल के द्वारा आयुष विंग पानीपत में सभी आयुष योग सहायकों की एक मीटिंग ली गई।

# रक्तदान महादान है : इरम



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। दान की गई रक्त की दो बूंद किसी का जीवन बचा सकती हैं। सभी को वर्ष में कम से कम चार बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति कई प्रकार की बीमारियों से सुरक्षित रहता है।

# जेल लोक अदालत में 15 मुकदमों का हुआ निपटारा: इरम हसन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन व सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मीनू वर्मा ने जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया। इस जेल लोक अदालत में 17 मुकदमे रखे गए, जिसमें से 15 मुकदमों का निपटारा कर दिया गया तथा 11 मुस्लिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया। सीजेएम इरम हसन ने जेल में रह रहे बंदियों से बातचीत की और उन्हें मुफ्त कानूनी सेवाओं व अपील के अधिकार से अवगत करवाया गया।

# डीसी ने चुनाव आयोग व विकास कार्य को लेकर अधिकारियों से की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने नगर निगम के तहत मेयर के चुनाव व नगर निकायों के चुनाव के दृष्टिगत अपने कार्यालय में सम्बधिंत अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि चुनाव आयोग की जो हिदायते है उसकी अनुपालना के तहत सभी कार्यो को करवाना सुनिश्चित करना हैं। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त ब्रहजीत सिंह, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार, रिटर्निंग



अधिकारी एवं एसडीएम अम्बाला छावनी विनेश कुमार, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम बराड़ा अमित भारद्वाज, नगराधीश पूजा कुमारी, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त दीपक सूरा व अन्य मौजूद रहें। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मेयर के चुनाव तथा नगर निकायों चुनावों के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आरओ एवं एआरओ को नियुक्त करते हुए नोडल ऑफिसर के साथ-साथ सैक्टर ऑफिसर व अन्य को भी लगाने के निर्देश भी जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की घोषणा के उपरान्त आचार संहिता लागू हो गई हैं।

# फरीदाबाद में बस ड्राइवर पर तलवार से हमला

**फरीदाबाद।** सिटी बस के ड्राइवर के साथ बस में बैठे यात्री ने बुधवार को अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। उस पर तलवार से हमला कर दिया। हमले में ड्राइवर की हाथ की उंगली कट गई। घायल ड्राइवर को बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल से दिल्ली एम्स के लिए रेफर कर दिया गया। इस मामले को लेकर ड्राइवरों ने बल्लभगढ़ बस डिपो पर 2 घंटे हडताल की और बसो को बंद रखा। तिंगाव थाना पुलिस ने आरोपी सहित कई अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफएमडीए द्वारा संचालित सिटी बस का ड्राइवर कैलाश 4 फरवरी को दोपहर बाद बल्लभगढ़ बस डिपो से बस में सवारियों को लेकर ग्रेटर फरीदाबाद की तरफ जा रहा था।

# मनोहर लाल ने जन समस्याओं का किया समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** पूर्व मुख्यमंत्री एवम् केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अपने लघु सचिवालय पहुंचकर फरियादियों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं सुनी कुछ का मौके पर निदान किया कुछ की हल की प्रक्रिया शुरू कर दी। इसके उपरांत अब तक के कामों की समीक्षा की। कार्यालय पर पहुंचने पर उनके प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने पुष्प गुच्छ दे स्वागत किया। भाजपा वरिष्ठ नेता ईश कुमार राणा ने पुष्प देकर स्वागत किया।इस मौके पर पूर्व सांसद संजय भाटिया, उपायुक्त विरेन्द्र दहिया,धर्मपाल जागलान, रवींद्र तुषामढ,पंडित पंकज शर्मा,अंकित रावल, रवींद्र कश्यप,विकास



वैद्य,प्रदीप उपाध्याय,नीरज राणा,कुलदीप जांगड़ा, सुभाष चंद्र शर्मा,आदि मौजूद रहे। मनोहर लाल ने कहा गजेंद्र सलूजा निरंतर जनता की समस्याएं से अवगत करवाते रहते तथा हल करवाते रहते है। इस कार्यालय के माध्यम से मैं निरंतर अपने लोगों से जुड़ा रहता हु। मनोहर लाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता की सभी उचित

**निदान**

**⏩ समस्याएं सुनी कुछ का मौके पर निदान किया कुछ की हल की प्रक्रिया शुरू कर दी**

समस्याएं का निदान हर हाल में किया जाएगा । उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ भी संवाद भी किया।
मनोहर लाल ने निकाय चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार।अब पानीपत निकाय में भाजपा के सरकार बना कर इसे ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने जा रही।

# आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर दो युवकों से 3 .50 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में विदेश भेजने का झांसा देकर दो युवकों के साथ 3.50 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित कुंजपुरा रोड पर एक ऑप्टिकल स्टोर पर काम करते है और वहां पर आरोपी आया और दोस्ती बढ़ाकर उनको ऑस्ट्रेलिया भेजने का सब्जबाग दिखाया।
पीड़ित उसकी बातों में आ गए। पीड़ितों ने एक अखबार में खबर पढ़ी, जिसमें लिखा था एक एजेंट करोड़ों की ठगी कर विदेश भागने की फिराक में। जिसके बाद पीड़ितों ने आरोपी को कॉल किया तो फोन बंद आया। अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस को की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।
करनाल के धीरज और उसका साथी प्रविंद्र एक ऑप्टिकल स्टोर में काम करते हैं। पुलिस शिकायत के मुताबिक सितंबर 2024 में चैतन्य नाम का एक युवक उनके पास चश्मा लेने आया और बातचीत के दौरान चैतन्य ने खुद को एक प्रतिष्ठित इमिग्रेशन कंसल्टेंट बताया और दावा किया कि वह बेरोजगार युवाओं को ऑस्ट्रेलिया भेजने का काम करता है। उसने दोनों को यकीन दिलाया कि उसके पास सरकारी अनुमति है और कई युवाओं को विदेश भेज चुका है।

# प्राकृतिक खेती में रासायनिक कीटनाशक का नहीं किया जाता है उपयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**चौधरी** चरण सिंह कृषि विश्वविधालय के कृषि विज्ञानं केंद्र उझा पानीपत के दवारा प्राकृर्तिक खेती का जागरूकता अभियान गांव राक्सेड़ा में आयोजित किया । इस कार्यक्रम पर डाक्टर राजेश कुमार ने किसानो को प्राकर्तिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसमें कार्यक्रम में 50 किसान ने भाग लिया। प्राकृतिक खेती का मुख्य आधार देशी गाय है। प्राकृतिक खेती कृषि की प्राचीन पद्धति है। यह भूमि के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखती है।, इसमें किसानो को बीजामृत बनाने की विधि के बारे में बताया बीजामृत




को बनाने के लिए देशी गाय का गोबर 5 किलोग्राम , गाय का मूत्र 5 लीटर , चूना या कली 250 ग्राम , पानी 20 लीटर और इसमें खेत की मिटटी मुठी भर इन सभी पदार्थो को पानी में घोलकर 24 घंटे तक रखे। दिन में दो तीन बार लकड़ी की सहायता से इसे हिलना हैं । इसके बाद बीजो के ऊपर बीजामृत डालकर उन्हें शुद करना हैं । इसके बाद छायामें सुखाकर फिर बुआई करनी हैं । बीजामृत दुवारा शुद हुए बीज जल्दी और ज्यादा मात्रा में उगते हैं । जड़े तेजी से बढ़ती हैं । पौधे , भूमि दुवारा लगने वाली बीमारी से बचे रहते हैं । एव अच्छी प्रकार से पलते बढ़ते हैं ।

डॉ राजेश कुमार ने बताया की प्राकृतिक खेती में रासायनिक कीटनाशक का उपयोग नहीं किया जाता है। जो हम अपने घर में सब्जिया ० गेहू धन का खाने में प्रयोग करते है। तो हमे प्राकर्तिक खेती दवारा उत्पन करनी चाहिए । जिसमे जीवा अमृत और घन अमृत का प्रयोग करके हमारी जमीन व फसल की आवश्यकता को पूरा किया जा सकता हैं । जीवा अमृत और घन अमृत से किसान के खेत में माइक्रो जीवाणु की संख्या बढ़ती हैं । जो की फसल के लिए उत्पादन बढ़ाने में सहायता करती हैं । जिसे भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती हैं और भूमि में वायु संचार बढ़ता हैं । जिस के साथ साथ केचुआ की संख्या बढ़ती हैं। जीवा अमृत को बनने में 3 -6 दिन का समय लगता हैं । गर्मी के दिनों में तीन दिन में तैयार हो जाता हैं । और सर्दियों में यह 6 दिन का समय लेता हैं । जिसमे अपने घरो में हम किचन गार्डन करते हैं। उसमे उगाए जाने वाली सब्जियों में हम जीवा अमृत और घन अमृत का प्रयोग करना चाहिए। इससे सब्जियों का स्वाद बढ़ाता व गुणकारी होती हैं । ताकि हमारी शरीर में होने वाले पोशक तत्व की आपूर्ति हो सके। इसे हमारे शरीर में रोग रोधिता शक्ति बढ़ती हैं । इसके बाद जीवांमृत के बारे में जानकारी दी।

# बीएड और बीएससी नर्सिंग (पीबी) प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की विश्वविद्यालय द्वारा जनवरी 2025 सत्र के लिए बीएड और बीएससी नर्सिंग (पीबी) प्रवेश परीक्षा हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया आरम्भ कर दी गयी है।
उन्होंने बताया कि बीएड कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि दो वर्ष है। बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड.) कार्यक्रम केवल अंग्रेजी और हिंदी



माध्यम में पेश किया जाता है। जिन उम्मीदवारों के पास स्नातक की डिग्री और/या विज्ञान, सामाजिक विज्ञान/वाणिज्य/मानविकी में मास्टर डिग्री में कम से कम 50त्न प्रतिशत अंक या इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में विज्ञान और गणित विशेषज्ञता के साथ 55 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक या उसके समकक्ष कोई अन्य योग्यता और प्रारंभिक शिक्षा में प्रशिक्षित सेवाकालीन शिक्षक तथा जिन अभ्यर्थियों ने एनसीटीई से मान्यता प्राप्त शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम फेस टू फेस मोड में पूरा कर लिया है वे बीएड के लिए प्रवेश परीक्षा दे सकते है दोनों पाठ्यक्रमों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए आप डॉटइग्नूडॉटएसीडॉटइन/अनांउसमेंटस/ इस लिंक पर जाकर प्राप्त कर सकते है।

# दिल्ली हलचल





दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व बादली सीट से कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव मतदान करने के बाद उंगली पर लगी हुई स्याही दिखाते हुए।



आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल मतदान करने के बाद उंगली पर लगी हुई स्याही दिखाते हुए।



आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया मतदान करने के बाद उंगली पर लगी हुई स्याही दिखाते हुए साथ में है अन्य गणमान्य लोग।



वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी पूनम भारद्वाज, भाजपा नेता अशोक भारद्वाज मतदान करने के बाद उंगली पर लगी हुई स्याही दिखाते हुए। साथ में है अन्य गणमान्य लोग।



शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से राजकुमार चौधरी, रानी कुमारी मतदान के बाद उंगली का लगी स्याही दिखाते हुए



जहांगीरपुरी में वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल मतदान के बाद उंगली पर लगी हुई स्याही दिखाते हुए साथ में है युवा वर्ग।



जहांगीरपुरी में कांग्रेस नेता डॉ. एम.एल. भास्कर विक्ट्री का चिन्ह दिखाते हुए।



जहांगीरपुरी में पहली बार मतदान करने के बाद उंगली पर लगी हुई स्याही दिखाते हुए युवा। साथ में भाजपा नेता इन्द्रजीत मुखी, कुंदन कुमार व अन्य।



जहांगीरपुरी के ए ब्लॉक में भाजपा नेता इन्द्रजीत मुखी, कुंदन कुमार, पवन झा व अन्य लोग विक्ट्री का चिन्ह दिखाते हुए।




जहांगीरपुरी के ए ब्लॉक में अवध सत्तू के मालिक शशिकांत गुप्ता मतदान करने आये हुए लोगों में सत्तू का शरबत बांटते हुए।



मामूरपुर नरेला बूथ पर विनीत कुमार और मधुलिका वोट करने के बाद उंगली पर लगी हुई स्याही दिखाते हुए।



बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में वोट डालने के बाद विक्ट्री का साइन दिखाते हुए मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।



नरेला विधानसभा क्षेत्र के बूथ पर वोट करने के बाद उंगली पर लगी हुई स्याही दिखाते हुए समाजसेवी हेमराज बंसल।



मॉडल टाउन क्षेत्र में वोट करने के बाद उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए भाजपा नेता हरीश असडी।



शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में विक्ट्री का साइन दिखाते हुए भाजपा नेत्री व पूर्व भाजपा निगम प्रत्याशी सुरभि जाजू। साथ में है अन्य गणमान्य लोग।



वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में विक्ट्री का साइन दिखाते हुए भाजपा नेता विष्णु चौहान। साथ में है अन्य भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य लोग।



बूथ पर प्रथम पुरुष वोटर/वोट डालने के बाद सर्टिफिकेट दिखाते हुए भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर।



पोलिंग बूथ पर वोट डालने के बाद बाहर आकर उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए जदयू के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता व अन्य।



जहांगीरपुरी में भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका, साहिल वासन विक्ट्री का चिन्ह दिखाते हुए।



वोट करने के बाद उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए डॉ.एमके भारती।

# पॉलिटेक्निक कॉलेजों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से जोड़ेगी यूपी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः योगी सरकार** प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। इसी दिशा में प्रदेश के चार राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार किया जा रहा है। राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों को आधुनिक और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने से छात्रों को बेहतर शैक्षिक माहौल मिलेगा, जिससे तकनीकी शिक्षा को नया आयाम मिलेगा। प्रदेश के संभल, मैनपुरी, सिद्धार्थनगर और औरैया स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में विभिन्न निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई है। इसमें राजकीय पॉलिटेक्निक, चंदौसी, सम्भल, एमएमआईटी, सिद्धार्थनगर, राजकीय पॉलिटेक्निक, छाछा भोगांव, मैनपुरी, एमएमआईटी, औरैया शामिल है। इस कॉलेजों में विद्यार्थियों के लिए लैंग्वेज लैब, लेक्चर रूम, ट्यूटरियल रूम और गर्ल्स कॉमन रूम के निर्माण के साथ साथ 50- सीटेड सेमिनार हॉल और कॉलेजों की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए बकायदा शासनादेश जारी किया गया है, इसके लिए करोड़ों रुपये की धनराशि भी स्वीकृत किया गया है। योगी सरकार का यह कदम प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह 'नए भारत के नए



उत्तर प्रदेश' के विजन को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। आधुनिक प्रयोगशालाओं, सेमिनार हॉल और अन्य बुनियादी ढांचे के विकास से छात्रों को व्यावहारिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, जिससे वे उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप दक्ष बन सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप प्रदेश में युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उन्हें तकनीकी शिक्षा से जोड़ने पर फोकस किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार आईटीआई, पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेजों के उन्नयन पर विशेष ध्यान दे रही है। इससे पहले भी राज्य सरकार ने 'मिशन रोजगार' के तहत विभिन्न तकनीकी संस्थानों में इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार के लिए व्यापक निवेश किया है। तकनीकी शिक्षा के विस्तार को लेकर सरकार नई नीतियों और योजनाओं पर लगातार कार्य कर रही है। इस नई परियोजना से न केवल छात्रों को उन्नत सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि शिक्षक और प्रशासनिक स्टाफ को भी शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। सरकार का लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो। इस दिशा में हो रहे प्रयासों का लाभ न केवल छात्रों को मिलेगा, बल्कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति को भी गति मिलेगी। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार की यह पहल प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को आधुनिक बनाने की दिशा में एक और मजबूत कदम है। इससे युवाओं को गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ-साथ भविष्य के रोजगार के लिए आवश्यक दक्षताएं हासिल करने में मदद मिलेगी।

# किसान संगठन के प्रयास लाये रंग, किसानों को मिलने लगीं सुविधाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** किसान संगठन का संघर्ष रंग लाया है। किसान संगठन के लगातार प्रयासों के बाद मंडी समिति में स्वागत भवन का ताला मंडी समिति अधिकारियों को आखिर में खोलना ही पडा। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्त पवन चतुर्वेदी ने कहा है कि तीन माह पहले मथुरा मंडी समिति में किसानों के अनाज रखने के लिए टिन सेट की व्यवस्था व किसानों के रोकने के लिए स्वागत भवन खुलवाने की मांग के लिए धरना प्रदर्शन हुआ था लेकिन प्लेटफार्म खाली नहीं हुआ था सिर्फ स्वागत भवन के ताले खोले गए थे लेकिन उसको भी बंद कर दिया गया था। बुधवार को किसानो की जीत हुई है मंडी सचिव पंकज शर्मा ने पांच



नंबर प्लेटफॉर्म खाली कराकर किसानों के अनाज रखने के लिए प्रस्तावित किया गया है। स्वागत भवन का भी ताला मंडी सचिव पंकज शर्मा, भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी के सामने मंडी समिति के कर्मचारियों ने खोला। राष्ट्रीय प्रवक्त पवन चतुर्वेदी ने कहा पांच नंबर प्लेटफार्म पर किसान अपना अनाज रख सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म सिर्फ किसानों के लिए है सिर्फ किसानों का अनाज ही रखा जाएगा। मंडी समिति में बने स्वागत भवन का ताला खुलवाया और उसकी सफाई कराई। अब 24 घंटे स्वागत भवन किसानों के रोकने के लिए खुला रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### यामाहा आर15 ने पार किया 1 मिलियन यूनिट्स का आंकड़ा




**नोएडा।** इंडिया यामाहा मोटर प्रा. लि. ने अपनी आइकॉनिक मोटरसाइकिल यामाहा आर15 की एक बड़ी उपलब्धि का जश्न मनाया है। इस बाइक ने अब तक 1 मिलियन (दस लाख) यूनिट्स का उत्पादन करने का आंकड़ा पार कर लिया है। जब से यह मोटरसाइकिल भारत में लॉन्च हुई है, तब से यामाहा आर15 अपनी अत्याधुनिक तकनीक और स्टाइल के कारण हमेशा सबसे आगे रही है। इसकी बेहतरीन हैंडलिंग और राइडिंग एक्सपीरियंस ने भारतीय युवा मोटरसाइकिल राइडर्स को आकर्षित किया है। यामाहा का सूरजपुर प्लांट, जो अत्याधुनिक तकनीक से लैस है, अब तक आर15 के 1 मिलियन (दस लाख) से ज्यादा यूनिट्स का उत्पादन कर चुका है। यह उपलब्धि यामाहा की उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में उत्कृष्टता को दशार्ती है। कंपनी का यह कदम भारत में प्रीमियम मोटरसाइकल्स की बढ़ती मांग को पूरा करने में उसकी वैश्विक मानकों के प्रति प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। आर15 ने न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी बिक्री बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जहां से 90% से ज्यादा यूनिट्स भारत में ही बेची गई हैं। इस अवसर पर, इंडिया यामाहा मोटर ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन श्री इतारु ओतानी ने कहा, आर15 में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, रोमांचक डिजाइन और बेजोड़ प्रदर्शन के साथ-साथ यामाहा का रेसिंग डीएनए भी है। आर15 के हर रूप में हमनें राइडिंग अनुभव को बेहतर किया है और इसे युवाओं की पहली पसंद बनाया है। हम अपने ग्राहकों के विश्वास और हमारे कर्मचारियों के समर्पण के लिए आभार व्यक्त करते हैं, क्योंकि उनकी भूमिका इस उपलब्धि में अहम रही है।

### इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म ह्यनादानियां' का पहला गाना 'इश्क में' हुआ रिलीज

**नई दिल्ली।** इंतजार की घड़ियां खत्म हुईं! इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म को लेकर जितनी भी चचार्एं और कयास थे उन पर विराम लग गया है, क्योंकि खुशी कपूर के साथ उनकी पहली फिल्म के गाने ह्यइश्क मेंह्न की झलक सभी के लिए उपलब्ध हो गई है। इस फिल्म ह्यनादानियांह्न का सभी को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म से निर्देशन के क्षेत्र में उतर रही हैं शौना गौतम और इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है करण जौहर, अपूर्वा मेहता और सोमेन मिश्रा ने। ह्यइश्क मेंह्न गाना एक प्रेम कहानी के रंग में रंगा है और यह फिल्म दर्शकों के दिलों को छूने की खासियत रखती है। फिल्म के इस गाने को कंपोज किया है सचिन-जिगर की जोड़ी ने। इस गाने के बोल हैं अमिताभ भट्टाचार्य के और इस गाने के लिए आवाज दी है सचेत टंडन और असीस कौर ने। ह्यइश्क मेंह्न को ह्यनेक्स्ट ऑन नेटफ्लिक्सह्न इवेंट में रिलीज किया गया। इस मौके पर इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर ने इस गाने पर डांस परफॉर्मेंस देकर मौजूद सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके बाद करण जौहर ने इस फिल्म, इसके म्यूजिक और इससे जुड़ी कई अहम बातें बताईं। अपनी पहली फिल्म को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए इब्राहिम अली खान ने कहा, फिल्म ह्यनादानियां के साथ मेरा सपना पूरा होने जा रहा है। मैं खुद को फिल्म में देखने और इस पूरे सफर का हिस्सा बनने को लेकर बेहद रोमांचित और उत्सुक हूं। जब मैंने यह गाना ह्यइश्क मेंह्न पहली बार सुना था तभी से इसने मेरे दिल पर जादू कर दिया था। इसका म्यूजिक दिल को गिरफ्त में लेने वाला है और इस गाने की वाइब्स ऐसी हैं कि इसमें दिल अटक जाता है। इस गीत को परदे पर लाने वाली पूरी टीम के लिए तालियां बजनी चाहिए। अब मुझे उस पल का इंतजार है जबकि हमने मिलकर जो जादू जगाने की कोशिश की है उसे दर्शक देखेंगे। सौम्य और करिश्माई व्यक्तित्व की धनी एक्ट्रेस खुशी कपूर ने कहा, इस गाने इश्क में को परदे पर लाते हुए इब्राहिम और मैंने बहुत अच्छा वक्त साथ बिताया और यह नादानियां अल्बम से मेरा सबसे पसंदीदा गाना है। यह गाना आपको ड्रीम देखने, कुछ महसूस करने और इस गाने की रिदम में खो जाने को मजबूर कर देगा। मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इसके जादू को इसी तरह महसूस कर पाएंगे।

# पुलिस कर्मी विजय दुबे की रहस्यमयी मौत, गांव में छाया मातम

**मीरजापुरः** गाजीपुर जिले के करंडा थाना में तैनात पुलिस कर्मी विजय दुबे (37) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस दुखद घटना से उनके पैतृक गांव भैंसा (कछवां) में शोक की लहर दौड़ गई। विजय दुबे जनवरी के अंत में तीन दिन की छुट्टी पर घर आए थे और फिर ड्यूटी के लिए गाजीपुर लौट गए थे।

चार फरवरी की सुबह उनके परिवार को सूचना मिली कि वह गाजीपुर पुलिस लाइन की तीसरी मंजिल से गिर गए हैं। परिजन जब गाजीपुर पहुंचे तो पता चला कि हादसा सोमवार रात को हुआ था।

# ई खसरा पड़ताल, फॉर्मर्स रजिस्ट्री के कार्यों में आएगी तेजी

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कैंप कार्यालय सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी मांट अभिनव जे जैन, उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी छाता श्वेता, उप जिलाधिकारी महावन आदेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर वैभव गुप्ता तथा समस्त तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों



के साथ ई खसरा पड़ताल तथा फॉर्मर्स रजिस्ट्री के संबंध में समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि ई खसरा पड़ताल एवं फॉर्मर्स रजिस्ट्री के कार्यों में तेजी लाए। निरंतर तथा नियमित सीएससी, जन सेवा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे, अपने अपने क्षेत्रों के प्रधानों, ग्राम सचिवों, शिक्षा मित्रों, राशन डीलर तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सहयोग लेते हुए इन कार्यों में प्रगति लाए। लेखपालों को अभियान के रूप में इस कार्य में लगाए। उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने अवगत कराया कि जनपद में रबी 2025 में ई खसरा पड़ताल किए जाने वाले कुल गांव 721 है, जिसमें कुल गांटा 449655 है। रबी 2025 में अब तक 449655 गाटे के सापेक्ष 38241 गाटे के सर्वे किये जा चुके हैं, जो कि नौ प्रतिशत है। खरीफ 2024 की विभागवार समीक्षा में अवगत कराया गया कि खरीफ 2024 में कुल 426395 गाटों का सर्वे किया गया, जिसमें कृषि विभाग का औसत 2661 प्रति सर्वेयर, राजस्व विभाग का 1015 प्रति सर्वेयर एवं पंचायत का 384 गाटा प्रति सर्वेयर रहा। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने तहसीलों में धारा 34, 80, 24 आदि वादों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करे। समय से राजस्व वसूली करे, स्थलीय निरीक्षण कर वादों का निस्तारण कराए, आईजीआरएस,

# नोएडा में तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**गौतमबुद्धनगरः उत्तर** प्रदेश में गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा स्थित तीन निजी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद पुलिस-प्रशासन व अभिभावकों में हड़कम्प मचा हुआ है। बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंचकर जांच कर रहे हैं। स्कूलों को खाली करा दिया गया है। पुलिस के अनुसार, आज सुबह ई-मेल से नोएडा स्थित तीन निजी स्कूल हेरिटेज, मयूर स्कूल तथा स्टेप बाई स्टेप स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद पुलिस प्रशासन और बच्चों के अभिभावकों में हड़कम्प मच गया। भारी संख्या में पुलिस टीम जांच निरोधक दस्ता के साथ पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस, फायर ब्रिगेड और बम निरोधक दस्ता मौके पर हैं।

# जनपद की सबसे बडी राल गौशाला में 10 हजार से अधिक गोवंश

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** ग्राम पचायत राल में बनी जनपद की सबसे बड़ी अस्थाई बिहार वन गौशाला का मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने आकस्मिक सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक एके उपाध्याय, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, खण्ड विकास अधिकारी मथुरा, पशु चिकित्साधिकारी राकेश तिवारी, सहायक विकास अधिकारी (सा.) राजीव कुमार सक्सैना गौशाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्य, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य विकास



अधिकारी द्वारा टीम लगाकर गौशाला में निवासित पशुओं की गणना कराई गई। दस हजार से अधिक सरक्षित किये जा रहे गौवशों के रख रखाव भोजन प्रवन्धन एवं बुनियादी सुविधाओं के प्रत्येक पहलुओ पर बारीकी से निरीक्षण किया। पशुओं के रखने के के लिए निमार्णाधीन पशुशेडी को तेज गति से तैयार कराने के लिए निर्देश दिया एवं यह सुनिश्चित करने को कहा कि स्वस्थ, गौवश, बीमार एवं कमजोर गौवश एवं बछड़ों को अलग अलग बाडों में रखा जाए।

# मुरादाबाद, बरेली, हरिद्वार व देहरादून रेलवे स्टेशन पर बनेगी वाशिंग लाइन

**मुरादाबादः मुरादाबाद** रेल मंडल में मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि वाशिंग लाइन बनाने के लिए मुरादाबाद, बरेली, हरिद्वार व देहरादून रेलवे स्टेशन को चुना गया है। वाशिंग लाइन बनने के बाद मुरादाबाद से स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू हो जाएगा । मंडल रेल प्रबंधक ने आगे बताया कि रेलवे के वृहद कायाकल्प प्रोजेक्ट में मुरादाबाद, बरेली, हरिद्वार व देहरादून रेलवे स्टेशन को चुना गया है। करोड़ों रुपये खर्च कर इन स्टेशनों का स्वरूप पूरी तरह बदल दिया जाएगा।

# बैटरी स्मार्ट ने पानीपत में किया स्टेशन पार्टनर सम्मेलन का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत। बैटरी** स्मार्ट, जो भारत का सबसे बड़ा बैटरी-स्वॉपिंग नेटवर्क है, ने हाल ही में पानीपत में स्टेशन पार्टनर सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें 30 से ज्यादा स्टेशन पार्टनरों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में ईवी क्षेत्र में उनके योगदान का सम्मान किया गया और प्रदूषण रहित इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। सम्मेलन में इस बात पर जोर दिया गया कि स्टेशन पार्टनर और ड्राइवर शहर की स्थायी गतिशीलता को बढ़ावा देने में कितनी अहम भूमिका निभाते हैं।

इस सम्मेलन में, पार्टनरों से संचालन में सुधार के लिए प्रतिक्रिया ली गई और उन्हें सम्मानित किया गया जो बैटरी-स्वॉपिंग को बढ़ावा देने के लिए सुरक्षा, संचालन और सेवा पर ध्यान दे रहे हैं। पानीपत के चंदर प्रकाश और करनाल के गौरव सहित कई अन्य पार्टनरों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों और सुरक्षित बैटरी स्वॉपिंग प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया गया। सुमी जैन, सीनियर डायरेक्टर, पार्टनर ऑपरेशन्स, बैटरी स्मार्ट, ने कहा, बैटरी स्मार्ट के स्टेशन पार्टनर पानीपत में ईवी को अपनाने में तेजी ला रहे हैं, जिससे शहर के ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिल रही है। स्टेशन पार्टनर सम्मेलन के माध्यम से हम बैटरी स्वॉपिंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ अपने पार्टनरों के लिए नए आर्थिक अवसर भी उत्पन्न कर रहे हैं, जिससे पूरे समुदाय की प्रगति सुनिश्चित हो रही है।

इस तरह की पहल इंडस्ट्री में पहली बार की गई है, जो बैटरी-स्वॉपिंग के जरिए पर्यावरण पर असर डालने के साथ-साथ इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के सामाजिक और आर्थिक विकास पर भी जोर देती है। बैटरी स्मार्ट अपने स्टेशन पार्टनरों को स्थिर आय और व्यवसाय के अवसर देकर उन्हें सशक्त बना रहा है और साथ ही पानीपत के ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में योगदान दे रहा है।

# आठवीं की छात्रा ने स्कूल के पीछे पेड़ से लटक कर दी जान

**सीतापुरः जिले** के ब्लॉक पिसावां में ग्राम खेरवा के प्राथमिक स्कूल की छात्रा की लाश बुधवार को विद्यालय के पीछे बेर के पेड़ पर लटकी हुई मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पिसवां थाना के कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक डीपी मिश्रा ने बताया कि ग्राम सेजकला निवासी सुभाषिनी (15) ग्राम खेरवा के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा आठवीं की छात्रा थी। बुधवार सुबह उसकी लाश स्कूल के पीछे लगे बेर के पेड़ पर दुपट्टे से फंदे पर लटकी मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच की।

# ई रिक्शा चालकों ने किया रूट शुल्क बढ़ाने का विरोध

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** वृंदावन में ई रिक्शा चालकों ने बुधवार को पापड़ी चौराहे पर एकत्रित होकर प्राइवेट कंपनी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में जुटे चालकों ने कंपनी द्वारा नए रूट देने के नाम पर 1500 रुपये शुल्क वसूलने का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पहले मात्र 140 में स्टीकर उपलब्ध कराए गए थे, लेकिन अब स्टीकर के नाम पर 1500 रुपए लिए जा रहे है। समिति द्वारा चालकों से 500 रुपये लेकर रूट की व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही थी, फिर अब तीन गुना ज्यादा शुल्क क्यों लिया जा रहा है? चालकों ने यह भी सवाल उठाया कि जब वृंदावन ई रिक्शा समिति उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा आगे रहती थी, तो अब निजी कंपनी के आने के बाद उनके हितों की गारंटी कौन लेगा? ई रिक्शा चालकों का कहना है कि वृंदावन में पहले से ही सीमित कमाई होती है, ऐसे में अधिक शुल्क वसूलना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो वे आगे और उग्र प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कई ई रिक्शा चालक नेताओं ने भी अपने विचार रखे और कंपनी के फैसले को गलत बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। ई रिक्शा चालकों की इस नाराजगी को देखते हुए आने वाले दिनों में स्थिति और तनावपूर्ण हो सकती है। प्रशासन को जल्द ही इस समस्या का समाधान निकालना होगा ताकि वृंदावन की परिवहन व्यवस्था प्रभावित न हो। इस दौरान ठाकुर ज्ञानेंद्र सिंह, अजय चौधरी,भारत शर्मा,योगेश, बबलू भारद्वाज, विष्णु,सूरज, करन,मुकेश बघेल,कल्याण सिंह, सौरव,

# ब्रज तीर्थ विकास परिषद उपाध्यक्ष का पीए बताकर दी धमकी, गिरफ्तार

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। ब्रज** तीर्थ विकास परिषद मथुरा के उपाध्यक्ष का निजी सचिव बताकर जिला विद्यालय निरीक्षक को फोन कर धमकी देने वाले को थाना सदर बाजार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चार फरवरी को ग्राम व पोस्ट बाद थाना रिफाइनरी निवासी उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के निजी सहायक बसंत लाल शर्मा की तहरीर पर थाना सदर बाजार पर धारा 318(4), 319(2), 308(2), 308(6) बीएनएस में इस मामले में रिपोर्ट



दर्ज हुई थी। पुलिस ने बुधवार को सुबह करीब 10.15 बजे में अभियुक्त श्याम नरेश शर्मा पुत्र श्री स्व. अनन्त कुमार शर्मा निवासी 09 राजीव भवन के सामने वाली गली 32 सिविल लाइन थाना सदर बाजार मथुरा को ईगल ग्राउंड से गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा सूचना दी गई कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने दो मोबाइल नंबरों से अपने आप को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद जनपद मथुरा के उपाध्यक्ष का निजी सचिव बताकर जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा को फोन करके स्वयं की पत्नी (शिक्षिका) का स्थानांतरण करने के लए धमकी दी गई है। प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार विदेश कुमार ने बताया कि विवेचना के दौरान श्याम नरेश शर्मा का नाम सामने आया। विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल लाई जा रही है ।

# पीडीए जन पंचायत में गूंजी निषादों की आवाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: महानगर** समाजवादी पार्टी मथुरा वृंदावन के नेतृत्व में पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम दामोदरपुर औरंगाबाद होली चौक पर आयोजित की गई। जन पंचायत में महानगर अध्यक्षा ऋतु गोयल ने संबोधित करते हुए कहा कि पिछड़े दलित अल्पसंख्यकों के साथ बीजेपी सरकार में अत्याचार और अन्याय बढ़ता जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बच्चू सिंह निषाद ने की। संचालक देवकीनन्दन कश्यप पिछडा वर्ग महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य संचालक देवेंद्र निषाद ने किया। कार्यक्रम में महानगर महासचिव अभिषेक यादव ने किया। जन पंचायत कार्यक्रम में आरके अग्निहोत्री, रमेश चंद कुशवाहा, कोमल, किशोर शर्मा, जय शर्मा, दाऊ दयाल शर्मा, नेत्रपाल सिंह, कोमल निषाद, उदय सिंह निषाद, सुमित निषाद, प्रीतम निषाद, भूदेव निषाद, नंदू निषाद, प्रमोद निषाद, रामचंद्र बघेल, गौरी शंकर, सोहनलाल नेता, भूपेंद्र निषाद, वीरेंद्र निषाद, कृष्णा निषाद, बबलू निषाद, कमल निषाद, विजयपाल सिंह निषाद, सूरज निषाद, लाल सिंह निषाद, शैलेंद्र निषाद, सुरेश निषाद, धर्मेंद्र निषाद, मोहित निषाद, सनी निषाद, भूमकर सिंह छौंकर, लाखन सिंह, नरेंद्र सिंह, यादराम कृष्णा आदि सैकड़ो की संख्या में जनता शामिल हुई।

# जन्मस्थली सीर गोवर्धन में रविदास जयंती की तैयारियां जोरों पर, आला अफसर

## जिलाधिकारी और अपर पुलिस आयुक्त ने तैयारियां और सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, भारी भीड़ के प्रबंधन पर जोर

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसीः प्रयागराज** महाकुंभ से लाखों श्रद्धालुओं के काशी में पलट प्रवाह के बीच आगामी दिनों में संत रविदास की जयंती पर जन्मस्थली सीर गोवर्धन में भी लाखों रविदासी श्रद्धालु आएंगे। ऐसे में जिला प्रशासन के लिए शहरी और बाहरी हिस्से में भीड़ प्रबंधन चुनौती से कम नहीं है। जिला प्रशासन ने इसकी पूरी रूपरेखा बना ली है। बुधवार को जिलाधिकारी एस राजलिंगम और अपर पुलिस आयुक्त डॉ एस चिनप्पा ने सीर गोवर्धन स्थित रविदास मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण कर जयंती की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दोनों अफसरों ने संबंधित अफसरों को दिशा-निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जन्मस्थली पर भारी भीड़ आने को देखते हुए यातायात सहित कानून-व्यवस्था, सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने सहित वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था समुचित तरीके से सुनिश्चित कराए जाने पर विशेष जोर दिया।

जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को पूरे परिसर एवं मंदिर के आसपास के चारों तरफ विशेष अभियान चलाकर साफ सफाई, प्रकाश, मोबाइल शौचालय, पेयजल आदि की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने रविदास मंदिर प्रशासन से भी साफ सफाई के लिए मंदिर की तरफ से भी वालंटियर नियुक्त किए जाने को कहा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 06 फरवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

## पश्चिम बंगाल में 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप के अध्यक्ष संजीव गोयनका ने बुधवार को घोषणा की कि उनका समूह आने वाले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल में 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगा। गोयनका ने यह घोषणा बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) 2025 के उद्घाटन सत्र में की। उन्होंने बताया कि यह बड़ा निवेश मुख्य रूप से तीन प्रमुख क्षेत्रों—ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा—में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम 10 हजार करोड़ रुपये स्वास्थ्य, ऊर्जा और शिक्षा में निवेश करेंगे। आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप का कारोबार कई क्षेत्रों में फैला हुआ है, जिसमें पावर और एनर्जी, कार्बन ब्लैक निर्माण, रिटेल, आईटी-संबंधित सेवाएं, उपभोक्ता वस्तुएं, मीडिया और मनोरंजन, अवसंरचना और शिक्षा शामिल हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सराहना करते हुए गोयनका ने कहा कि हम अब एक बदले हुए बंगाल में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा निवेशकों के लिए उपलब्ध रहती हैं और उनके फैसले त्वरित और पारदर्शी होते हैं।

## सस्टेना इंडिया प्रदर्शनी शुरू

**नई दिल्ली: समुदाय-आधारित** प्रयासों के महत्व को रेखांकित करता सस्टेना इंडिया प्रदर्शनी शुरू हो गई है। सस्टेना इंडिया अपनी तरह का पहला मंच है, जहां विज्ञान कला के साथ मिलकर सामूहिक जलवायु कार्रवाई को प्रेरित करता है। यह प्रदर्शनी एसटीआईआर आर्ट गैलरी में 01 फरवरी को शुरू हुई है और 16 फरवरी तक चलेगी। यह काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू), एशिया के प्रमुख सस्टेनेबिलिटी थिंक टैंक में से एक, और प्रसिद्ध आर्टिस्ट की जोड़ी ठुकराल व टागरा का एक साझेदारीपूर्ण प्रयास है। इस वर्ष सस्टेना इंडिया की थीम, विद द ईच सीड वी सिंग है, जो जलवायु चुनौतियों का समाधान करने के लिए समुदाय-आधारित उपायों के महत्व को रेखांकित करती है। सस्टेना इंडिया के दूसरे संस्करण में तीन फेलो के कार्यों (शुभि सचान- मटेरियल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया, पोलुदास नागेंद्र सतीश - कोरा डिजाइन कोलैबोरेटिव, और सरस्वती मल्लूवालासा - आरोग्य मिलेट सिस्टर्स) को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में चंदर हाट, एडिबल इश्यूज जैसे कई अन्य आमंत्रित कलाकार भी हिस्सा ले रहे हैं, जो पानी, भोजन और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी कहानियों को विभिन्न प्रकार से कह रहे हैं।

# आस्था के साथ-साथ मानव कल्याण का भी माध्यम बना महाकुम्भ

**महाकुम्भ में गरीबों तथा विशेषकर दिव्यांगों की सेवा के लिए किए जा रहे विशेष प्रयास, आर्टिफिशियल लिंब प्रदान कर रहा नारायण सेवा संस्थान, दिव्यांगों को पवित्र संगम में डुबकी लगवाने का भी किया गया प्रबंध**

**सेवारत**

**▸▸ निशुल्क भंडारा वितरण, श्रद्धालु आवास, कंबल वितरण के साथ ही दिव्यांगों की सेवा में भी विभिन्न प्रकार की संस्थाएं सेवारत हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ-2025 आस्था और भक्ति के साथ ही मानव कल्याण का भी बड़ा मंच बनकर उभरा है। महाकुम्भ मेला क्षेत्र में प्रतिदिन बड़े स्तर पर निशुल्क भंडारा वितरण, श्रद्धालु आवास, कंबल वितरण के साथ ही दिव्यांगों की सेवा में भी विभिन्न प्रकार की संस्थाएं सेवारत हैं। इसी कड़ी में नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर द्वारा बड़े स्तर पर गरीबों, जरूरतमंदों और दिव्यांगों की सेवा निरंतर की जा रही है। एक ओर, दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी समेत हाई क्वॉलिटी आर्टिफिशियल लिंब्स मुफ्त में उपलब्ध कराया जा रहा है, वहीं संगम में पवित्र डुबकी लगाने, भोजन व आवास की उचित व्यवस्था महाकुम्भ में उपलब्ध कराने की दिशा में भी संस्थान द्वारा बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

**जनकल्याणकारी गतिविधियां की जा रहीं संचालित**

सेक्टर 18 में स्वामी अवधेशानंद गिरि के शिविर के सामने स्थित नारायण सेवा संस्थान का यह शिविर मानव कल्याण की दिशा में अद्भुत कार्य कर रहा है। महाकुम्भ में अब तक संस्थान के द्वारा दिव्यांगों को करीब 50 ट्राई साइकिल, 150 से ज्यादा आर्टिफीशियल लिंब्स, वितरित किए जा चुके हैं। बड़े पैमाने पर लोग यहां फिजियोथैरेपी के लिए जुट रहे हैं। भक्तों के लिए भागवत, रामकथा जैसे धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि हाई क्वॉलिटी आर्टिफिशियल लिंब्स दिव्यांगों के लिए विशेष रूप से सहायक हैं, क्योंकि बाजार से खरीदने पर यह काफी महंगा आता है मगर महाकुम्भ क्षेत्र में वह जरूरतमंद दिव्यांगों को इसे मुफ्त में प्रदान कर रहे हैं। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी गतिविधियों को 70 सदस्यीय टीम द्वारा प्रतिदिन सुनिश्चित किया जा रहा है।

**45 दिनों में हजारों श्रद्धालुओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य**

नारायण सेवा संस्थान मकर संक्रांति 14 जनवरी से निरंतर महाकुंभ में महापुण्य प्राप्ति के लिए लंगर, भंडारा, कपड़े और कंबल का निःशुल्क वितरण बड़ी संख्या में कर रहा है।

वहीं, सैकड़ों लोगों को निःशुल्क आवास की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है जिसमें संस्थान के दानी लोग आ रहे हैं।

### कबीरपंथी भी एकता के महाकुम्भ के संकल्प का कर रहे समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भनगर।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक, आध्यात्मिक सम्मेलन महाकुम्भ में भारत की सनातन आस्था से जुड़े हुए सभी मत, पंथ और संप्रदाय को मानने वाले प्रयाग में संगम तट पर एकत्रित होते हैं। जिनके ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की त्रिवेणी में सत्संग कर महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालु जीवन के वास्तविक अमृत का पान करते हैं। ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की इस त्रिवेणी में कबीर पंथ के पारख संस्थान के धर्मेंद्र दास जी संत कबीर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने महाकुम्भ में आये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एकता के महाकुम्भ के संकल्प का समर्थन करते हुए उनका कहना है समाज में समता, एकता और मानवता के मूल्यों को स्थापित करना ही संत कबीर के जीवन दर्शन का मूल है।

**गंगा स्नान तन से अधिक मन को पवित्र करने वाला:** महाकुम्भ और गंगा स्नान के बारे में बताते हुए धर्मेंद्र दास जी का कहना है कि संत कबीर ने स्वयं गंगा तट पर काशी में जीवन व्यतीत किया।

## कोलकाता के पास दिखाई दिए माओवादी पोस्टर

**टीम एक्शन इंडिया**
**बैरकपुर (उत्तर 24 परगना)। कोलकाता** के बाहरी इलाके रहड़ा में माओवादी पोस्टर दिखाई दिए हैं। मंगलवार रात से खड़दह स्टेशन के आसपास के भीड़भाड़ वाले इलाकों में ये पोस्टर चिपकाए गए। पोस्टर की सूचना मिलने के बाद बैरकपुर कमिश्नरेट की पुलिस ने रात में ही मौके पर पहुंच कर पोस्टर हटाए और जांच शुरू की। बुधवार सुबह रहड़ा थाने की पुलिस ने रहड़ा में एक आवास पर छापा मारा, जहां से एक महिला माओवादी नेता समेत कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय, इन लोगों ने नारेबाजी भी की। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार लोग उत्तर बंगाल से संबंधित हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उनकी योजना क्या थी।

# नैनीताल के 60 गांवों को होम स्टे में बदलेगी सरकार

**पहाड़ की परंपरागत शैली में किया जाएगा विकासः मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे**



**योजना**

**▸▸ होम स्टे योजना के तहत आबाद करने की जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग योजना बना रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल।** नैनीताल जिले के 60 गांवों में स्थानीय लोगों के पलायन करने के कारण वीरान पड़ी बाखलियों यानी घरों की श्रृंखला या कहें कि पहाड़ की पारंपरिक आवासीय कॉलोनियों को होम स्टे योजना के तहत आबाद करने की जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग योजना बना रहा है। इस उद्देश्य से बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने होटलों और होम स्टे संचालकों के साथ बैठक कर इस विषय पर विस्तृत चर्चा की। सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने बताया कि विरासत योजना के तहत जिले के 60 गांवों को चिन्हित किया गया है, जहां की बाखलियों में रहने वाले लोग पलायन कर चुके हैं। सरकार की इच्छा है कि इन खाली पड़ी बाखलियों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए, जिससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। उन्होंने बताया कि वीरान पड़ी बाखलियों को होम स्टे योजना से जोड़कर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई है। होटल और होम स्टे संचालकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने होटलों के आसपास स्थित उन गांवों की जानकारी दें जहां से लोग पलायन कर चुके हैं। साथ ही इन गांवों में सैलानियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं को लेकर भी सुझाव मांगे गए हैं, ताकि होम स्टे योजना को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। इस योजना के अंतर्गत महिला समूहों को प्राथमिकता दी जाएगी और उन्हें होम स्टे संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा और स्थानीय उत्पादों को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक में उपस्थित जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने ह्वविरासत योजनाह्न की विस्तृत जानकारी साझा की। बैठक में नैनीताल होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट, विनोद गुणवंत, राजेंद्र प्रसाद कपिल, जुगल मठपाल, केसी सुयाल सहित अन्य प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे।

## तेजस्वी ने गिरती कानून व्यवस्था को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**अवगत कराया**

**▸▸ प्रतिदिन हत्या, गोलीबारी, बलात्कार, लूट, चोरी, छिनतई व रंगदारी की रिकॉर्ड तोड़ घटनाएं हो रही हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना। बिहार** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आज सुबह राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की । मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्यपाल महोदय से मिलकर बिहार की ध्वस्त विधि व्यवस्था को लेकर ज्ञापन दिया हूं। राज्यपाल महोदय को प्रदेश में व्याप्त अराजक स्थिति से अवगत कराया हूं। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार की बदहाल कानून व्यवस्था के कारण राज्य में प्रतिदिन हत्या, गोलीबारी, बलात्कार, लूट, चोरी, छिनतई व रंगदारी की रिकॉर्ड तोड़ घटनाएं हो रही हैं। शराब और नशीलें पदार्थों की तस्करी चरम पर है। प्रति माह सैकड़ों लोगों की हत्याएं हो रही है। पुलिस प्रशासन जाति-धर्म देखकर आम नागरिकों पर अत्याचार कर रही है। विशेषरूप से मुसलमानों को लक्षित कर प्रताड़ित किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने कहा कि सत्ता संरक्षण में अपराधियों के हौसले बुलंद है। खुद राज्य सरकार के मंत्री सत्ता संपोषित अपराध को खुलेआम स्वीकार कर रहे है। राज्य और केंद्र के मंत्री सैंकड़ों राउंड फायरिंग को जायज ठहरा रहे है।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुंगेर में प्रगति यात्रा के दौरान।




## हिमाचल में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 949 उपभोक्ताओं ने कराया पंजीकरण



**परिचालन**

**▸▸ केंद्रीय वित्तीय सहायता घटक के कार्यान्वयन को लेकर परिचालन दिशा-निर्देश जारी किए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला:** केंद्र सरकार की पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर हिमाचल प्रदेश में नौ सौ से अधिक उपभोक्ताओं ने रूचि दिखाई है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाईक ने बताया कि 28 दिसंबर 2024 को मंत्रालय ने आरईएससीओ मॉडल उपयोगिता आधारित एकत्रीकरण मॉडल (यूएलए) के लिए भुगतान सुरक्षा तंत्र घटक और केंद्रीय वित्तीय सहायता घटक के कार्यान्वयन को लेकर परिचालन दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार के सवाल के जवाब में केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाईक ने बुधवार को राज्यसभा में बताया कि यह योजना हिमाचल प्रदेश सहित देशभर के सभी आवासीय उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध है।

## हिमाचल के पर्यटन स्थलों मनाली, नारकंडा और कुफरी में ताजा हिमपात

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला। हिमाचल** प्रदेश में लंबे समय से जारी शुष्क मौसम का दौर आखिरकार खत्म हो गया। राज्यभर में ताजा बर्फबारी और बारिश दर्ज की गई जिससे किसानों और बागवानों ने राहत की सांस ली। गेहूं और अन्य फसलों के लिए यह बारिश जीवनदायिनी साबित होगी जबकि ऊपरी इलाकों में हुई बर्फबारी से सेब उत्पादकों को भी काफी फायदा होगा।

**उत्पादन** — उद्यान विभाग के प्रयास से काश्तकारों को मिल रहा बेहतर बाजार

# लीलियम के उत्पादन से चमक रहा किसानों का भाग्य



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोपेश्वर।** चमोली जिले में लीलियम की खेती को लेकर काश्तकारों का उत्साह बढ़ने लगा है। जिले में उद्यान विभाग की ओर से संचालित योजनाओं के तहत वर्तमान में 21 काश्तकार लीलियम की खेती कर लाखों की आय अर्जित कर रहे हैं। जिससे अब अन्य काश्तकार पर भी लीलियम उत्पादन को लेकर उत्सुक हैं। विभागीय अधिकारियों की मानें तो जनपद में वर्तमान तक 40 से अधिक किसान लीलियम उत्पादन के लिए आवेदन कर चुके हैं। लीलियम का फूल गुलदस्ते के साथ ही शादी, विवाह, पार्टी और समारोह में भी सजावट के लिए उपयोग किया जाता है। जिससे लिलियम के फूल की बाजार में बेहतर मांग है। फूल की एक पंखुड़ी की बाजार में 50 से सौ रुपये तक की कीमत आसानी से मिल जाती है। ऐसे में फूल के बेहतर बाजार को देखते हुए उद्यान विभाग चमोली ने जिला योजना मद से 80 फीसदी सब्सिडी पर लीलियम उत्पादन के लिए काश्तकारों को प्रोत्साहित किया। जिसके चलते बीते वर्ष 21 प्रगतिशील काश्तकारों के 26 पॉलीहाउस में करीब पांच लाख 50 हजार की लीलियम स्टिक का विपणन किया, वहीं इस वर्ष काश्तकारों की ओर 35 हजार बल्ब का रोपण किया गया था। जिसका विपणन कर काश्तकार करीब सात लाख 50 हजार की आय अर्जित कर चुके हैं। लीलियम का विपणन में हो रहे मुनाफे को देखते हुए अब जनपद में अन्य काश्तकारों का भी इस ओर रुझान बढ़ने लगा है। उद्यान विभाग के सहायक विकास अधिकारी रघुवीर सिंह राणा का कहना है कि काश्तकारों ओर से जहां बड़ी संख्या में लीलियम उत्पादन को लेकर जानकारी ली जा रही है। वहीं जनपद में 40 से अधिक काश्तकारों की ओर से आवेदन दिए गए हैं।